दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 148 | जयपुर | गुरूवार, 03 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan | RNI NO. RAJHIN/2010/35060

अवैध खनन रोकथाम की समीक्षा बैठक

## अवैध खनन पर राज्य सरकार सख्त, आकस्मिक संयुक्त अभियान से होगी अब अवैध खनन पर रोकथाम : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है। अब राज्य सरकार इस पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाएगी जिससे खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का यह दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पण भाव से करें तथा राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं तथा लाखों लोगों को खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। राज्य के राजस्व में भी खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि खनिज सम्पदा का समुचित दोहन हो तथा इस क्षेत्र के राजस्व में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए।

अवैध खनन के खिलाफ हो प्रभावी कार्रवाई : मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई करे जिससे आमजन को राहत पहुंचे। इसके लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने सभी जिला कलक्टर से खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सख्ती से



कानून की पालना सुनिश्चित होगी, तभी अवैध खनन करने वालों में भय पैदा होगा।

उन्होंने खनन विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला स्तरीय एसआईटी की बैठक की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिदिन बैठक की रिपोर्ट लें।एम-सेंड को दिया जाए प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री ने कहा कि एम-सेंड नीति के तहत बजरी के विकल्प के रूप में एम-सेंड को प्रोत्साहन दिया जाए। प्रदेश में एम-सेंड इकाइयों की स्थापना और बजरी के सस्ते विकल्प के रुप में एम-सेंड के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए जिससे बजरी के दोहन में कमी आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खान विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। उन्होंने टोंक, नागौर, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, डीग, कोटपूतली, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ कलक्टर से जिलों में चल रही अवैध खनन की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली तथा उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**मौसम** जयपुर

35.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,617.44 | +592.93 (0.78%) |
| निफ्टी | 23,332.35 | +166.65 (0.72%) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 93,735 | /10g |
| चांदी | 1,05,000 | /Kg |

## ‘कानून सबको स्वीकार करना पड़ेगा’ वक्फ बिल पर अमित शाह ने भरी हुंकार

### पूछा- सीएए से किसी की नागरिकता गई?



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमित शाह ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है, हम ऐसा नहीं करना चाहते। यह बहुत बड़ी भ्रांति है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण में हस्तक्षेप करेगा और उनके द्वारा दान की गई संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए वक्फ विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि एक सांसद ने पहले धमकी दी थी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे; यह भारत सरकार का, संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया है; ये निकाय पूरी तरह से घोषित उद्देश्यों के अनुसार संपत्तियों का प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए हैं।

### सीएए से किसकी नागरिकता गई?

अमित शाह ने दावा किया कि अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस (संशोधन विधेयक) विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 2014 में चुनाव हुए और 2013 में रातों-रात तुष्टीकरण के लिए वक्फ अधिनियम में बदलाव कर दिया गया।

### बताया कब से लागू होगा कानून

उन्होंने कहा कि एक और भ्रांति फैलाई जा रही है कि यह विधेयक पिछली तिथि से लागू होगा। जब आप इस सदन में बोलें तो जिम्मेदारी से बोलें। विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधेयक पारित होने के बाद सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद कानून लागू होगा। इसलिए, कोई पिछली तिथि से लागू होने वाला कानून नहीं है। लेकिन मुसलमानों को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ का कानून किसी के द्वारा दान की गई संपत्ति को विनियमित करना है, चाहे उसका प्रशासन ठीक से चल रहा हो या नहीं, चाहे वह कानून के अनुसार चल रहा हो या नहीं। दान जिस उद्देश्य के लिए दिया जा रहा है, वह इस्लाम धर्म के लिए दिया जा रहा है, गरीबों के उत्थान के लिए दिया जा रहा है या नहीं। या उसका उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है या नहीं।



## लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को कुलगुरु ने गद्दी पर बैठाया

### मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच रस्म निभाई; घोड़े की आरती उतारी

**उदयपुर।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को कुलगुरु डॉ. वागीश कुमार गोस्वामी ने बुधवार को गद्दी पर बैठाया। मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच यह रस्म निभाई गई। इसके बाद लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने कुलगुरु समेत तमाम संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया। गद्दी की पूजा-अर्चना कर विराजमान होने के बाद लक्ष्यराज सिंह ने श्रीएकलिंग नाथजी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद धूणी दर्शन किए। अश्व पूजन भी किया। शाम को उन्होंने एकलिंगनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। भगवान जगदीश मंदिर में दर्शन के बाद यह रस्म पूरी होगी।

### तालाब पूजन के बाद एकलिंगजी के किए दर्शन

शाम करीब 6 बजे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ कैलाशपुरी स्थित एकलिंगनाथजी मंदिर दर्शन करने पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। इसके बाद शोक-भंग की रस्म निभाई गई, जिसमें पगड़ी का रंग भी बदला गया। एकलिंगनाथजी मंदिर में दर्शन से पहले उन्होंने तालाब पूजन किया। कैलाशपुरी की महिलाओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

### संक्षिप्त समाचार

## सीएम-डिप्टी सीएम को धमकी के बाद सेंट्रल-जेलों से हटाई आरएसी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। प्रदेश की सेंट्रल जेल से सीएम और डिप्टी सीएम को धमकियां मिलने के बाद प्रदेश की जेलों की सिक्योरिटी को लेकर बड़ा बदलाव किया है। जेल की सुरक्षा और चेकिंग के लिए तैनात आरएसी टीम को जेल से बाहर कर दिया है। अब आरएसी टीम केवल जेल के मैन गेट पर ही तैनात रहेगी। दरअसल, हाल ही में सीएम भजनलाल शर्मा को बीकानेर सेंट्रल जेल और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को जयपुर सेंट्रल जेल से धमकी मिली थी। सीएम को अब तक चार बार जेल से धमकी मिल चुकी है।

इसके बाद डीजी जेल गोविंद गुप्ता की ओर से मामले की जांच की तो सामने आया कि आरएएसी की टीम जेल प्रहरियों के साथ मिलकर कैदियों की भी जांच करती है। ऐसे में कैदी, जेल प्रहरी और आरएसी टीम में तैनात जवान मिलकर अंदर तक सामान पहुंचा रहे है। इसके बाद डीजी ने आदेश जारी कर मैन गेट के अलावा जेल में बैरिकेट तक तैनात आरएसी की टीम को हटाने के लिए कहा है। सीएम औ डिप्टी सीएम को धमकी मिलने के बाद जेल विभाग के अधिकारियों की मीटिंग हुई। इसमें सामने आया कि आरएएसी टीम जिनकी तैनाती मुख्य गेट तक थी वह जेल सिक्योरिटी के तीसरे बैरक तक पहुंच गई।



## गुजरात में फाइटर प्लेन क्रैश, एक पालयट की मौत

### दूसरा गंभीर घायल; विमान के कई टुकड़े हुए, आग लगी

बढ़ता राजस्थान

**जामनगर (एजेंसी)।** गुजरात के जामनगर में के बाहरी इलाके में बुधवार देर रात फाइटर प्लेन क्रैश हो गया है। घटना कालावड रोड पर सुवरदा गांव के पास हुई। क्रैश में एक पायलट की मौत हुई है। एक घायल है। क्रैश के बाद प्लेन कई टुकड़ों में बंट गया। उसमें आग लग गई। क्रैश वाली जगह पर ग्रामीण, पुलिस और प्रशासन मौजूद है। इससे पहले 7 मार्च को हरियाणा के पंचकूला में तकनीकी खराबी के एयरफोर्स का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हुआ था। फाइटर जेट ने अंबाला एयरबेस से ट्रेनिंग के लिए उड़ान भरी थी। इस हादसे में पायलट जेट से सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब हुआ था। इसी दिन पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में वायुसेना का परिवहन विमान रूसी मूल का एएन-32 लैंडिंग के बाद क्रैश हुआ था।




## राइजिंग-राजस्थान पर बोले गहलोत-खूब प्रचार और विदेशों के दौरे किए

### बोले-मैंने तो पहले ही कहा था, जितना प्रचार किया जा रहा है उतना निवेश नहीं होगा

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान में इन्वेस्टमेंट को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने तंज कसते हुए कहा-मैंने पहले ही आशंका जाहिर कर दी थी कि जितना प्रचार कर रहे है उतना निवेश नहीं हो पाएगा। दरअसल, झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बुधवार को युवा कांग्रेस की ओर से मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस फेयर में 186 से अधिक बड़ी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व सीएम अशोक गहलोत,, रतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब भी मौजूद थे। राइजिंग राजस्थान को लेकर पूर्व सीएम ने कहा- भाजपा की सरकार ने खूब प्रचार किया था। विदेशों के दौरे किए और 33 लाख करोड़ के एमओयू होने के दावे किए। अगर उनमें से 10-12 हजार करोड़ भी आते है तो हम इसका स्वागत करेंगे कि निवेश कुछ आया लेकिन, अब मुख्यमंत्री ही कह रहे हैं कि निवेशक फोन नहीं उठा रहे, ईमेल का जवाब नहीं दे रहे है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कॉन्फ्रेंसको लेकर तैयारियां पूर्ण

## सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी. आर. गवई होंगे मुख्य अतिथि

### सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप मेहता और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे अति-विशिष्ट अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आगामी 5 अप्रैल शनिवार को राजसमंद जिला महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की श्रृंखला का गवाह बनने जा रहा है। जहां एक ओर 'हरित न्याय – हरित एवं स्वच्छ वातावरण, सतत विकास के लिए विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका' विषय पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन नाथद्वारा में होने जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर न्यायमूर्तिगण और न्यायाधिपतिगण पर्यावरण संरक्षण के मॉडल कए रूप में विश्व प्रसिद्ध ग्राम 'पीपलांत्री' में पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन भी करेंगे।

विशेष बात यह है कि इन दो दिवसीय कार्यक्रमों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति श्री संदीप मेहता, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव भी शिरकत करेंगे। साथ ही माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य समस्त न्यायाधिपतिगण, राज्य के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव (एडीजे) आदि उपस्थित रहेंगे।

संभवत: यह पहली बार होगा जब देश की न्याय व्यवस्था के गणमान्य इतनी बड़ी संख्या में जिले में होंगे। इससे न सिर्फ राजसमंद जिले के पीपलांत्री में हुए पर्यावरण संरक्षण के कार्य देशभर में पहुंचेंगे बल्कि जिले के पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### न्यायमूर्ति गवई का है प्रकृति के प्रति विशेष प्रेम-जिला एवं सेशन जज

जिला एवं सेशन जज राघवेंद्र काछवाल ने बुधवार सुबह कोर्ट सभागार में मीडिया के साथ कार्यक्रम साझा किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (एडीजे) श्री संतोष अग्रवाल, एडीजे श्री सुनील कुमार ओझा, सीजेएम श्रीमती



ममता सैनी, एससी/एसटी जज श्रीमती अभिलाषा शर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे। जिला एवं सेशन जज श्री राघवेंद्र काछवाल ने कहा कि न्यायमूर्ति गवई का प्रकृति के प्रति विशेष प्रेम है और वे पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर रहते हैं। इस दिशा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण भी निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (एडीजे) श्री संतोष अग्रवाल ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस पर्यावरण संरक्षण को लेकर नालसा की प्रतिबद्धता का द्योतक है और समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। एडीजे श्री सुनील कुमार ओझा ने कहा कि यह राजसमंद के लिए गौरवशाली क्षण है। इसी तरह सीजेएम श्रीमती ममता सैनी तथा एससी/एसटी जज श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने व्यवस्थाओं के संदर्भ में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

# रॉयल एपीएल, मेवाड़ टूरिज़्म और राफेल्स ने जीते अपने मैच

## यदुराजसिंह कृष्णावत, मनीष और मयूर को मैन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ टूरिज़्म कप 2025 के तहत चल रहे क्रिकेट टी 20 के मुकाबले में रॉयल एपीएल ने रॉयल गाइड को 19 रनों से, मेवाड़ टूरिज़्म ने आरटीसी को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से और राफेल्स ने ट्राइडेंट को 18 रन से हराया।

पहले मैच में टॉस जीतकर रॉयल एपीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 169 रनों का स्कोर बनाया। रॉयल ए पी एल की ओर से नितिन राठी ने अर्धशतक लगाते हुए 50 रन मनीष जैन 37 रन और नरेंद्र सिंह चुंडावत 32 रनों का योगदान दिया। रॉयल गाइड की ओर से निखिल पुजारी ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में रॉयल गाइड निर्धारित 20 ओवर में 150 रन ही बना सकी। रॉयल गाइड की ओर से निखिल पुजारी ने 46 रन और तरुण ने 33 रनों का योगदान दिया। रॉयल एपीएल की ओर से विनीत सुहल्का ने दो विकेट और मनीष जैन ने दो विकेट प्राप्त किया । हरफनमौला खेल के प्रदर्शन के आधार पर मनीष जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रात्रि कालीन मुकाबले में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने आरटीसी को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराया। आरटीसी ने पहले गेंदबाजी करते हुए मेवाड़ टूरिज्म क्लब को निर्धारित 20 ओवर में 123 रनों पर रोका। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से यदुराज सिंह कृष्णावत में 22 रन और अंशुल बाबेल ने 21 रनों का योगदान दिया।आरटीसी की ओर से सिद्धार्थ सिंह और ईशान प्रताप ने तीन-तीन विकेट हासिल किया। जवाब में बल्लेबाजी करने के लिए उतरी आरटीसी की टीम निर्धारित 20 ओवर में 122 रन ही बना सकी कप्तान ओम बड़लियास ने 38 और सूरजप्रीत सोनी ने 35 रनों का योगदान दिया। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से नमन स्वरूपरिया ने 3 विकेट, यदुराज सिंह कृष्णावत और विनय नाहटा ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। हरफनमौला खेल के प्रदर्शन के आधार पर मेवाड़ टूरिज्म क्लब के यदुराज सिंह कृष्णावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में राफेल्स होटल ने ट्राइडेंट होटल को 18 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राफेल्स होटल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 148 रनों का स्कोर बनाया। राफेल्स होटल की ओर से मयूर मेवाड़ा ने 77 रन और प्रशांत ने 37 रनों का योगदान दिया। जवाब में होटल ट्राइडेंट की टीम निर्धारित 20 ओवर में 130 रन ही बना सकी। होटल ट्राइडेंट की ओर से पंकज सिंह ने 33 रन और साहिल वर्मा ने 21 रनों का योगदान दिया।राफेल्स होटल की ओर से ऋतिक गंगवार और करण चौधरी ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए राफेल्स होटल के मयूर मेवाड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# हैला ख्याल दंगल में पार्टियों ने प्रस्तुत कि अपनी रचनाएं -जिन्हें सुनकर श्रोतागण हुए मंत्रमुग्ध



बढ़ता राजस्थान

**सूरौठ ( अंशु गुप्ता )।** सूरौठ-कस्बे में चले रहे चार दिवसीय गणगौर मेला में विशाल हैला ख्याल दंगल का हुआ आयोजन जिसमें सूरौठ मीना गायन पार्टी, हिंडौन, धाधरैन जटवाडी, सोप खरैरी बागरैन, सहित 10 हैला ख्याल गायन पार्टियों ने भाग लिया जिसमें सभी ने अपना अपना गायन प्रस्तुत किया मेला कमेटी सदस्य रामअवतार शर्मा, विश्राम मीणा एवं नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया रियासत कालीन समय से चल आ रहे कस्बे में सीताराम मंदिर के सामने दो दिवसीय विशाल हैला ख्याल दंगल पार्टियों ने अपनी अपनी रचनाओं कि प्रस्तुतियां दी जिन्हे सुनकर श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गये जिसमें सूरौठ मीना मंडल, धाधरेन, खरैरी बागरेन, जटवाडी, शहर सोप सहित हिंडौन धाकड़ हैला ख्याल मंडल द्वारा राजनीतिक, धार्मिक, पौराणिक कथा पर हैला ख्याल गाकर लोगों – को सुनाया लोगों ने हैला ख्याल का भरपूर आनंद लिया, जटवाडी हैला ख्याल गायन कि पूरी पार्टी का प्रहलाद गुधैनिया व भोलेशंकर शर्मा व धाधरैन गायन पार्टी का बबलू तिवारी, नारायण, व प्रहलाद शर्मा द्वारा स्वागत सम्मान किया गया, समापन से पहले सभी हैला ख्याल पार्टियों ने वर्तमान राजनीतिक, धार्मिक पर अपने अपने ख्याल प्रस्तुत किया लोगों ने हैला ख्याल का सुनकर लिया आनंद हैला ख्याल दंगल सुनने के लिए आस पास के क्षेत्रों से पधारे पंच पटेलों सहित महिलाओं ने भी ख्याल सुनने जिन्हें सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए पधारे हुए अतिथि गणों का कमेट की ओर से माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# तारबंदी में फंसने से नीलगाय जख्मी, उपचार के बाद राहत



बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे स्थित ढाणी बागडाला वाली में ग्रामीणों द्वारा एक घायल नीलगाय का उपचार करवाया गया हैं। प्राप्त सूचना के भैंसलाना सड़क मार्ग पर ढाणी बागडाला में एक खेत की तारबंदी में फंसकर एक नीलगाय बुरी तरह जख्मी थी, ग्रामीणों से प्राप्त सूचना पर एलआई गोविंद भारद्वाज तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की सहायता से नीलगाय को तारबंदी के बाहर निकाला और उपचार शुरू किया। वहीं दूसरी ओर वन विभाग कार्मिक भी मौके पर पहुंचे जिन्होंने घायल नीलगाय के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। भारद्वाज ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कड़ी मशक्कत से नीलगाय का उपचार किया गया है। तारबंदी में फसने से नीलगाय के पीठ पर घाव बन गये व शरीर के अन्य कई जगह खरोच आने से उनमें रक्त बहने से वो बुरी तरह दर्द से परेशान थी। प्राथमिक उपचार के बाद काफी राहत महसूस कर रही है।

# प्रागपुरा कस्बे में श्रीराम शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन

## भगवान श्रीराम सदियों से हमारे नायक-डॉ. गोपाल बंसल

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजमार्ग स्थित दिल्ली जयपुर सड़क मार्ग पर बसे प्रागपुरा कस्बे में रामनवमी पर आगामी रविवार, 06 अप्रैल को हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा की सफलतार्थ समिति सदस्यों ने प्रचार प्रसार प्रारंभ किया। जिसके अंतर्गत प्रागपुरा कस्बे में डॉ. गोपाल बंसल द्वारा श्रीराम शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया और सभी धर्मावलंबियों से शोभायात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया। डॉ. बंसल ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सदियों से हमारे नायक है और उनकी किर्ती का गुनगान आगे भी सर्वत्र जगत में विद्यमान रहेगा।

युवा नेता नरेश स्वामी ने बताया कि रामनवमी महोत्सव की तैयारियां परवान पर है और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सुपुर्द की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की




भांति इस वर्ष भी 06 अप्रैल को दोपहर 02-15 बजे गूजेड़ा धाम के बांके बिहारी मंदिर से श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भगवान श्री राम की विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीकृष्ण गौसेवा समिति अध्यक्ष रूपसिंह शेखावत, भाजपा नेता प्रमोद शर्मा, राजेन्द्र सोनी, शक्ति सिंह शेखावत, राजकुमार सैनी, नितिन बंसल, बोदूराम सैनी, हेमू सिंह, मांगीलाल शर्मा, राजेन्द्र पारिक, मखन लाल सैनी, महेश सैनी, रामवतार सोनी, मुकेश सोनी समेत अन्य का मौजूद रहे।

# देवली में व्यापार महासंघ के चुनाव संपन्न

## सुरेश अग्रवाल बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** यहां श्री व्यापार महासंघ के चुनाव संपन्न हुऐ जिसमें सुरेश अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। काफी समय से अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चाओं के बाद श्री महासंघ देवली के बहुप्रतीक्षित चुनाव मंगलवार को शहर के एक निजी होटल में आयोजित किए गए। इस बैठक में शहर के दर्जनों व्यापारी बंधुओं ने हिस्सा लिया और चुनाव प्रक्रिया के बाद सुरेश अग्रवाल को सर्वसम्मति से महासंघ का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता रमेश जिंदल ने की जिन्होंने इस अवसर पर श्री व्यापार महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए भी व्यापारियों से प्रस्ताव




आमंत्रित किए। व्यापारियों ने रमेश जिंदल, रतन मंगल, उमाशंकर खूंटेटा, दिनेश जैन, सुरेश अग्रवाल और के नाम प्रस्तावित किए। हालांकि, रमेश जिंदल, दिनेश जैन ने अपने नाम वापस ले लिए, जिसके बाद सुरेश अग्रवाल, उमाशंकर खूंटेटा और रतन मंगल अध्यक्ष पद की दौड़ में बने रहे।

शुरुआत में व्यापारियों ने तीनों उम्मीदवारों के बीच आपसी सहमति से अध्यक्ष चुनने का प्रयास किया ताकि परंपरा के अनुसार सर्वसम्मति बनी रहे। लेकिन सहमति नहीं पाई इस के बाद रमेश जिंदल को अध्यक्ष बनाए जाने सुझाव आया जिसे उन्होंने विनम्रतापूर्वक अस्वीकार करते हुए अध्यक्ष बनने से इनकार कर दिया । इसके बाद व्यापारियों ने चुनाव नीति प्रकिया के तहत फैसला लेने का निर्णय लिया और गोलियो के माध्यम से चयन प्रक्रिया शुरू की। और सुरेश अग्रवाल का नाम सामने आया। इस पर सभी ने सुरेश अग्रवाल को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया ओर व्यापारियों ने अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में महासंघ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चामुण्डा माता मंदिर में कल लगेगा जागरण

## गुलाबनाथ महाराज होंगे गायक कलाकार

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के चामुंडा माता मंदिर पर कल शुक्रवार को विशाल जागरण का आयोजन किया जायेगा। देवेंद्र जोशी साहवा ने जानकारी देते हुए बताया कि साहवा के मुख्य बाजार में स्थित चामुंडा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रा के उपलक्ष्य पर कल शुक्रवार सवा 9 बजे से विशाल जागरण का शुभारंभ होगा। जागरण में राजस्थान के रुकनसर धाम सुप्रसिद्ध गायक कलाकार गुलाबनाथ जी महाराज शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही रूकनसर धाम के कैलाश नाथ महाराज भी शामिल होंगे। मंदिर के पुजारी दीनदयाल जोशी ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि नवरात्रा पर माता रानी के दरबार में शुक्रवार को होने वाले विशाल जागरण का हिस्सा बनकर भजनों का आनन्द लेवे।

# मेवाड़ मगरांचल पूर्व सैन्य संगठन द्वारा हुआ कार्यक्रम

# देवगढ़ क्षेत्र में सैन्य प्रशिक्षण केंद्र के लिए होंगे प्रयास, प्रशिक्षण केंद्र के लिए जल्द होगी जमीन आवंटित – रावत

## भीम देवगढ़ के सो से अधिक देश सेवा करने वाले सेवानिवृत अधिकारियो और सेनिको ने रखे अपने विचार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नगर में बुधवार को मेवाड़ मगरांचल पूर्व सैन्य संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम देवगढ़ विधायक हरि सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर, अध्यक्षता रिटायर्ड डीआईजी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि इतिहासकार नारायण लाल उपाध्याय और लेफ्टिनेंट कमांडर केसर सिंह रहे। आयोजित कार्यक्रम में भीम देवगढ़ के सो से अधिक देश सेवा करने वाले अधिकारियो और सेवानिवृत सैनिकों की उपस्थिति रही । स्वागत उद्बोधन रिटायर्ड डीआईजी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी ने कहा की इस संगठन का उद्देश्य एक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र इस क्षेत्र में खुले जिससे मेवाड़ मगरांचल के हजारों युवाओं को सेना में भर्ती होने के सपने को पूरा करने का सुनहरा अवसर मिलेगा इस प्रशिक्षण केंद्र में भारतीय सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों में जो भी शामिल होना चाहते हैं उन्हें भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें शारीरिक फिटनेस और लिखित परीक्षा की तैयारी शामिल होगी । यह संगठन न केवल युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए तैयार करेगा वरन उनमें देशभक्ति और अनुशासन का जज्बा भी जगायेगा । उपाध्याय ने कहा की इस प्रकार के प्रयास से हजारो युवाओ का पलायन रुकेगा और उन्हें रोजगार की तलाश में इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा और उनमे देश प्रेम के भाव भी जगेगे । नगर पालिका अध्यक्ष ने संगठन द्वारा दिए प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से सहमती प्रदान करते हुए कहा की पालिका नगर के देनिक कार्य विकास तो हमेशा करती है लेकिन राष्ट्र विकास का कार्य जब भी आएगा उसमे हम आपका इस कार्य में विशेष सहयोग करेंगे । विधायक हरि सिंह जी रावत ने कहा की मगरांचल में दिवेर से नरवर तक विकास के कई कार्य हुए आज भीम देवगढ़ में सबसे अधिक पेनोरमा का निर्माण हुआ और मेवाड़ मगरांचल पूर्व सैन्य संगठन द्वारा जो प्रस्ताव मुझे दिया है उसके लिए जमीन आवंटन, संसाधन और सरकार से फंड लाने का पूरा प्रयास रहेगा कार्यक्रम का संचालन सूबेदार मेजर प्रेम सिंह, कप्तान कुंदन सिंह द्वारा किया गया । इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व सेनिक और अधिकारी चंदर सिंह




, मोती सिंह चुंडावत, राम सिंह , डूंगर सिंह , ओंकार सिंह, राम सिंह चुंडावत, चंपा नाथ , लक्ष्मण सिंह , प्रेम सिंह भाटी , जब्बर सिंह चुंडावत, भंवर सिंह चुंडावत, भगवान सिंह चुंडावत, हिम्मत सिंह चुंडावत, पूरण सिंह, सोमपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, गिरधारी सिंह रावत, चुन्नी लाल बुनकर , हितेंद्र सिंह खिंची, दरियाव सिंह वेद, विरद सिंह चंद्रभान सिंह सहित कई प्रबुधजनो की मोजुदगी रही ।

# खमनोर में तहसील भवन का लोकार्पण कर मचींद में सीएचसी का किया निरीक्षण

## हर जन के कल्याण को लेकर समर्पित है सरकार - विधायक श्री मेवाड़

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर आमजन को सौगातें दीं, साथ ही जन समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक ने सुबह खमनोर में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित कर मचींद सीएचसी का निरीक्षण किया और यहाँ भी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। ग्राम उनवास में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। टांटोल में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन कर समापन किया। कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आमजन, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।खमनोर में उद्घाटन समारोह में विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि ठेकेदार का नाम भी उद्घाटन पट्टिका पर अंकित किया जाए जिससे काम की गुणवत्ता पर जिम्मेदारी भी बढ़े। साथ ही मोलेला में जल समस्या के सात दिवस में निस्तारण के लिए विकास अधिकारी को निर्देश दिए।समारोह को भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने भी संबोधित किया और कहा कि सरकार हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। जिले में विकास को लेकर विधायक एवं सांसद की तरफ से कोई कमी नहीं रखी जा रही हे । इस दौरान उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक, तहसीलदार आशीष सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रमों में आमजन ने मेवाड़ से मुलाकात कर बिजली, पानी, सड़क सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी परिवेदनाएं प्रकट की, जिस पर विधायक ने हाथों-हाथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

# आईपीएल के आयोजन के लिए समस्त आवश्यक इंतजाम हों सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर में आईपीएल के आयोजन के दौरान दर्शकों की सुरक्षा सहित आयोजन से जुड़े सभी इंतजामों के लिए समस्त निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आईपीएल के आयोजन के संबंध में बैठक हुई।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दर्शकों के लिए निःशुल्क पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिला रसद अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मैच के आयोजन के दौरान परोसे जाने वाले भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांच करने एवं अस्थाई रसोईयों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा एवं बचाव की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को स्टेडियम में एंबुलेंस मय प्रशिक्षित चिकित्सकीय दल की तैनाती करने, अलग-अलग स्थानों पर मेडिकल कियोस्क स्थापित करने, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों की तैनाती करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, दर्शकों की सघन तलाशी करने, आयोजन स्थल पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन वाहनों एवं यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, दर्शकों को नियमों की जानकारियों के लिए प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। बैठक में सुरक्षा विशेषज्ञ फूलचंद चौधरी ने जानकारी दी कि आईपीएल के आयोजन के लिए जिला कलक्टर के निर्देश पर पहली बार आपात कालीन स्थिति में दर्शकों के बचाव एवं निकास के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है साथ ही ब्लॉकवार निकास योजना एवं बचाव स्थल का भी चिन्हीकरण किया गया है। 24 हजार की दर्शक क्षमता वाले सवाई मान सिंह स्टेडियम में सुरक्षा के लिए लिहाज से 291 सीसीटीवी कैमरे एवं एक केंद्रीयकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया।साथ ही बैठक में जानकारी दी गई कि आईपीएल के दौरान भीड़ नियंत्रण, आपत स्थिति में बचाव कार्य सहित अन्य जरूरी व्यवस्था बनाये रखने के लिए चप्पे चप्पे पर 477 सुरक्षा गार्डों की तैनाती की जाएगी। वहीं, अमरूदों के बाग, एसएमएस इंवेस्टमेंट सेंटर, रामबाग सर्किल पर सुबोध पार्किंग सहित विशिष्ट अतिथियों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है।जिला कलक्टर ने अधिकारियों को संपूर्ण आयोजन के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में अतिरिक्ति जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री संतोष मीणा सहित बीसीसीआई एवं राजस्थान रॉयल्स के प्रतिनिधि, पुलिस विभाग, नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नागरिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली के अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाने की मांग

### कोटपूतली उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान में बिजली उत्पादन, प्रसारण और वितरण के बढ़ते निजीकरण के खिलाफ संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने कोटपूतली उपखंड अधिकारी को भी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्थानीय स्तर पर विद्युत निजीकरण से होने वाले संभावित दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। समिति ने कोटपूतली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए निजीकरण की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। समिति का कहना है कि सरकार भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं और मॉडल के नाम पर अंधाधुंध निजीकरण कर रही है, जिससे आम जनता, किसानों और उद्योगों को भारी नुकसान होगा।संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि राज्य सरकार की यह नीति लोक कल्याणकारी भूमिका के खिलाफ है, क्योंकि बिजली क्षेत्र का संचालन हमेशा जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता रहा है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार बिजली क्षेत्र को लाभ-हानि के आधार पर चलाना चाहती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदनी पड़ेगी।संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि बिजली क्षेत्र के निजीकरण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं,अन्यथा संघर्ष तेज किया जाएगा।इस मौके परप्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार,द्धद्दठ्ठ रामलखन,कृष्णा, अनिल,बुधराम,अजय,पवन, सुमित,रूपसिंह,महेश, सुशील, गिरवर, प्रकाश,पुष्कर, मेघराज, निरंजन, कर्मपाल, यादराम, विनोद, शरद, उमेश, संदीप, देशराज आदि विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# जेडीए ने नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-1 के क्षेत्राधिकार नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-01 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा पर अस्थाई रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर लगाये गये थड़ी, ठेलें, त्रिपाल, होर्डिंग साईन बोर्ड, इत्यादि को नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नगर निगम के जाप्ते द्वारा सामान जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# कोचिंग महासंघ के कोचिंग हब के मामले में मुख्य सचिव से हुई मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** कोचिंग हब के कोचिंग संचालकों से छीन लेने के बाद नाराज कोचिंग संचालकों के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने मामले की शिकायत मुख्य सचिव सुधांशु पंत से की हैं। वहीं मुख्य सचिव सुधांशु पंत,वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से सचिवालय में हुई इस मुलाकात के बारे में अनीष कुमार नाडार ने बताया कि ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ की ओर से हमने उन्हें साफ बताया कि हमारे पास जो योजना हैं । उसके अनुसार कोचिंग हब कोचिंग संचालकों को किस्तों पर देने से राजस्थान आवासन मंडल को 100 करोड रुपए अधिक मिलेंगे और कोचिंग संचालकों को रियायत भी।

# राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक

## राजस्थान फार्मर रजिस्ट्री में देश में अव्वल- राजस्व मंत्री

### राजस्व मंडल के नवाचारों से मिल रही आमजन को राहत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में फार्मर रजिस्ट्री में पीएम किसान के 81 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर राजस्थान ने देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सफल प्रयासों का ही परिणाम है कि फार्मर रजिस्ट्री में प्रदेश के 73 लाख से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को योजनाबद्ध रूप से कार्य कर फार्मर रजिस्ट्री के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए। मीणा बुधवार को शासन सचिवालय में वीसी के माध्यम से राजस्व तथा उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सीमाज्ञान,आपसी सहमति से बंटवारा, भू-रूपांतरण के लंबित प्रकरणों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सीमाज्ञान के लिए संचालित ई-धरती पोर्टल में आवश्यक संशोधन कर इसे और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें। राजस्व मंत्री ने कहा कि राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों का व्यवस्थित और समयबद्ध निस्तारण कर अधिकारी जीरो पेंडेंसी पर कार्य करना सुनिश्चित करें।

बैठक में श्री मीणा ने राजस्व मंडल एवं अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों, संभागीय आयुक्त न्यायालयों, जिला कलक्टर न्यायालयों के लंबित वादों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक वर्षों से लंबित राजस्व वादों का प्रत्येक न्यायालय चिन्हित कर प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। राजस्व मंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में किए गए एमओयू प्रदेश के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने समस्त जिला कलेक्टर्स को राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से राइजिंग राजस्थान के भू आवंटन, नामांतरण दर्ज करने, संपरिवर्तन आदि प्रकरणों की जांच कर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपनिवेशन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की भी समीक्षा की।

# पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या नहीं आए - जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

### जलदाय मंत्री की अध्यक्षता में सिरोही एवं जालोर जिले की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल की अध्यक्षता में बुधवार को आत्मा सभागार में सिरोही एवं जालोर जिले की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में पीएचईडी मंत्री ने दोनों जिलों में पेयजल की वर्तमान स्थिति और आने वाले समय में संभावित स्थिति की जानकारी ली तथा की जाने वाली आवश्यक कार्रवाई के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल प्रबंधन के लिए गंभीरता से कार्य करने तथा पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या न आए ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जलदाय मंत्री ने आमजन द्वारा प्रस्तुत पेयजल सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण करने तथा पेयजल प्रबंधन और वितरण तंत्र को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्रवार पेयजल प्रबंधन की जानकारी ली तथा पेयजल स्त्रोतों व विकल्पों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है उन्होंने अधिकारियों को सरकार की मंशानुरूप कार्य करने तथा जल जीवन मिशन का कार्य समय पर पूर्ण करने व गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने इस दौरान जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 व अन्य विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जलदाय मंत्री ने हैंडपंप, बावडी एवं कुओं का मरम्मत व मेंटेनेंस के बारे में चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में कोई बाधा न आए इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राज्य की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की क्रियान्विति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मौजूद आबू-पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया व रानीवाडा विधायक रतन देवासी ने भी क्षेत्रवार पेयजल आपूर्ति की समस्या एवं प्रोजेक्ट्स संबंधित कार्यों के सफल क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिस पर पीएचईडी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण की बात कही तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग व पूर्ण कार्यों का संयुक्त भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

# ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें- जिला कलक्टर

### पीएम कुसुम एवं पीएम सूर्यघर योजना के बारे में आमजन को जागरूक कर प्रगति लाएं- डीएम

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने मंगलवार को विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली और निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएँ और लक्ष्यानुरूप घरेलू उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर योजना से जोड़ने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें।उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसलिए संबंधित अधिकारी विद्युत से जुड़ी समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता को सभी अधिकारियों को पाबंद करने को कहा कि आमजन के शिकायत संबंधी फोन कॉल का तुरंत जवाब देवें एवं समयबद्ध समस्या का तत्परता से निवारण कर उन्हें राहत पहुंचाए. उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने बिजली की चोरी रोकने हेतु निगरानी तेज करने एवं सख्त कार्यवाही करने को कहा. उन्होंने बिजली कटौती एवं शट डाउन उचित कारणों पर ही करने, लंबित विद्युत कनेक्शन परीवादों को निपटाने के निर्देश दिए. उन्होंने बजट 2024-25 एवं 2025-26 में विभाग से सम्बन्धित की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने को कहा. जिला कलेक्टर ने पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप स्थापित करने सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने एवं पीएम सूर्यघर योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा रूफ टॉप सोलर प्लांट के कार्य में लक्ष्यानुरूप गति लाने हेतु विशेष कार्ययोजना के साथ कार्य करने को कहा. उन्होंने योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग करने को कहा।इस दौरान विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रदेश में 5 हजार करोड़ की लागत से नेशनल हाइवे बनेगें- दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री

### राज्य योजना में सड़कों के लिए 17 हजार 384 करोड़ का प्रावधान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रदेश में 21 नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग 5 हजार करोड़ की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत् नागौर नेत्रा सड़क के 4 लेन का कार्य, रायपुर जस्साखेड़ा, गंगापुर सिटी बाईपास, करौली बाईपास सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जायेगा । इसके साथ ही दुर्घटना सम्भावित 13 ब्लैक स्पाट्स के सुधार का कार्य भी करवाया जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी का इस स्वीकृति के लिए धन्यवाद दिया है।

**गत वर्ष राज्य योजना में 12620 करोड़ खर्च, अब तक का सर्वाधिक**-उपमुख्यमंत्री ने कहा है की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास के नये प्रतिमान स्थापित कर रही है। गत वर्ष में राज्य योजना में सड़क, पुल/आरओबी/आरयूबी निर्माण हेतु 12 हजार 620 करोड़ रूपये व्यय किये गए जो कि अब तक का सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सड़क विकास के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए 17 हजार 384 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। गौरलतब है कि राज्य योजना में ग्रामीण सड़क, वृहद् जिला सड़क (एमडीआर), स्टेट हाईवे सहित विभिन्न निर्माण करवाये जाते है।

**सीआरआईएफ में 1300 करोड़ खर्च, अब तक का सर्वाधिक**-केंद्रीय सड़क आधारभूत निधि से प्रदेश में गत वर्ष में लगभग 1300 करोड़ की लागत की सड़कों का निर्माण करवाया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों एवं प्रभावी मॉनिटरिंग से सीआरआईएफ में पूर्व के वर्षों मे संचयी राशि में से राशि प्राप्त करते हुए अब तक की सर्वाधिक राशि गत वर्ष में खर्च की गई है।

रायसर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# जमवाय माता मंदिर में दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ मारपीट कर साईकिलें छीनने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया

### आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन एक ट्रैक्टर ट्रोली, एक मोटरसाईकिल जप्त कर श्रद्धालुओं से छीनी गई 07 साइकिलें भी की गई बरामद

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. ) ।** जयपुर ग्रामीण के रायसर पुलिस थाना ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए जमवाय माता के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से मारपीट एवं साइकिल छिनने वाले 4 आरोपियों को मात्र 24 घण्टे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। जानकारी देते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि परिवादी कुशाल सिंह पुत्र पप्पू सिंह निवासी बड़नगर पुलिस थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने 31 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि टोडालड़ी मोड़, चिलपली पर रोशन गुर्जर व इसके साथियों द्वारा हमारे साथ मारपीट कर हमारी साईकिले छीनकर ले गये तथा एक गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस कार्यवाही का विवरण:- प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां के निर्देशन में प्रदीपसिंह यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सह वृताधिकारी जमवारामगढ के सुपरविजन में तथा रायसर थाना प्रभारी रघुवीरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आसूचना संकलन कर दबिश दी जाकर श्रदालुओं के साथ मारपीट कर साईकिल छीनकर ले जाने वाले आरोपी रोशन लाल गुर्जर 27 निवासी पायलों की ढाणी तन लुनेठा , राकेश कुमार गुर्जर 21 निवासी लुनेठा, हेमराज गुर्जर 22 निवासी टोड़ालड़ी, इन्द्राज गुर्जर 27 निवासी सेवरियों की ढाणी विराटनगर को 24 घण्टे में दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

आरोपियों की निशानदेही से श्रद्धालुओं से छीनी गई कुल 07 साइकिलें बरामद की गई हैं तथा घटना में प्रयुक्त वाहन एक ट्रैक्टर मय ट्रोली व एक मोटरसाईकिल को भी जप्त किया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

RAJASTHAN HOUSING BOARD
No. :- 05 Dated :- 01/04/2025
Notice Inviting Bid 01/2025-26
Bid for Operation and Maintenance of Water Supply Scheme of 1984 (G+3) flats & 313 individual houses at Aravali Vihar PH-III, Bhiwadi (for one year) are invited from interested bidders From 04.04.2025 at 6.00 PM to 15.04.2025 up to 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in of the state.
UBN No.:- RHB2526WSOB00014
Raj.Samwad/C/25/162 Resident Engineer, PHE-II, Jaipur

## सम्पादकीय

# अमेरिकी धमकी से पहले भी भारत पर हुआ है बड़ा प्रभाव, रूस से कच्चा तेल खरीदना अब हो सकता है मुश्किल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शायद विश्व राजनीति में धमकी की नई परंपरा कायम करने पर तुले हैं। अब उन्होंने रूस से कच्चा तेल खरीदने वालों को धमकाया है कि जो ऐसा करेगा, वह अमेरिका में कारोबार नहीं कर पाएगा। ऐसे देशों पर पच्चीस से पचास फीसद तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की दिशा में न तो रूस और न ही यूक्रेन ने अपेक्षित सहयोग का रुख दिखाया है। इससे ट्रंप निराश हैं। पिछले महीने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बुला कर ट्रंप ने कड़े शब्दों में फटकार लगाई थी। यूक्रेन को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर रोक लगा दी गई है। इससे उम्मीद बनी थी कि रूस, अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मान जाएगा, मगर उसने अपनी शर्त रख दी कि सभी नाटो देश यूक्रेन को सैन्य मदद और गोपनीय सूचनाओं पर रोक लगाएं, तभी वह युद्ध विराम पर विचार कर सकता है। यह अमेरिका के लिए कठिन ही नहीं, शायद कभी पूरी न हो सकने वाली शर्त है। ऐसे में ट्रंप ने अब रूस पर नकेल कसने का रास्ता चुना है। मगर यह रास्ता भी उनके लिए कितना आसान और कारगर साबित होगा, कहना मुश्किल है।

अमेरिका की नई धमकी से भारत की चिंता जरूर कुछ बढ़ गई है, क्योंकि सचमुच अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की तेल कंपनियों के लिए रूस से तेल खरीदना मुश्किल हो जाएगा। अभी भारत सबसे अधिक कच्चा तेल रूस से खरीदता है। पहले ईरान और खाड़ी देशों से खरीदता था, मगर अमेरिकी प्रतिबंध के बाद भारतीय तेल कंपनियों ने वहां से तेल खरीदना बंद करके रूस से खरीदना शुरू कर दिया था। इस तरह कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से महंगाई तेजी से बढ़ेगी, जिसका अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

हालांकि भारतीय तेल कंपनियां अभी समझ नहीं पा रही हैं कि अमेरिका का अतिरिक्त शुल्क लगाने का ढांचा क्या होगा, इसलिए वे इसे अधिक चिंता का विषय नहीं मान रही हैं, पर जिस तरह पहले ही पारस्परिक शुल्क नीति के तहत अमेरिका ने भारी शुल्क थोप दिए हैं, उससे भारत के लिए संतुलन बिठाना कठिन हो रहा है। यह नया शुल्क और परेशान करने वाला साबित हो सकता है। मगर ट्रंप प्रशासन के लिए भी अपनी शुल्क नीति पर लंबे समय तक कायम रह पाना कठिन होगा। इसे लेकर अमेरिका में ही विरोध हो रहा है। इसलिए कि पारस्परिक शुल्क के चलते अमेरिकी कारोबार पर भी बुरा असर पड़ सकता है। जिन चीजों के लिए अमेरिका दूसरे देशों पर निर्भर है, उनकी कीमतें बढ़ेंगी, तो वहां भी महंगाई बढ़ेगी।

ऐसे में अमेरिकी लोगों का विरोध लंबे समय तक सहन कर पाना ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। वहां के मध्यावधि चुनाव में ट्रंप की पार्टी के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिर यह भी कि ट्रंप के नए ऐलान से रूस कितने दबाव में आ पाएगा, कहना मुश्किल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ जैसा व्यवहार ट्रंप ने किया, उससे ज्यादातर पश्चिमी देश नाराज हैं। इसलिए रूस-यूक्रेन संघर्ष रुकवाने का उनका दावा कमजोर पड़ता जा रहा है। दोनों देशों के बीच चल रहा संघर्ष निश्चित रूप से रुकना चाहिए, यह दुनिया की बेहतरी के लिए बहुत जरूरी है। मगर धौंस और धमकी के सहारे ऐसा हो पाना शायद ही संभव हो, इसके और उलझने की आशंका बनी रहेगी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 3 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जोसेफ स्टालिन को 1922 में सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति का महासचिव नियुक्त किया गया।
- विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के ऊपर से 1933 में पहली बार विमान ने उड़ान भरी थी।
- जापान ने 1942 में द्वितीय विश्वयुद्ध में अमरीका पर आखिरी दौर की सैन्य कार्यवाई शुरू की।
- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने 1949 में उत्तरी अटलांटिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- राकेश शर्मा 1984 में रुस के अंतरिक्ष यान सोयुज टी 11 से अंतरिक्ष पर जाने वाले प्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने।
- भारत ने पहला वैश्विक दूरसंचार उपग्रह इनसैट 1 ई का प्रक्षेपण 1999 में किया।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन 2001 को भारत यात्रा पर पहुँचे।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ की जनमत संग्रह की योजना को 2002 में मंत्रिमंडल की मंजूरी मिली।
- नेपाल में माओवादियों ने 2006 में संघर्षविराम की घोषणा की।
- सन 2007 में नई दिल्ली में 14वां सार्क सम्मेलन शुरू।
- मेधा पाटकर को 2008 में राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड 2008 से नवाज़ा गया।
- एप्पल का पहला आईपेड 2010 में मार्केट में आया।
- अर्जेंटीना में 2013 को आई भीषण बाढ़ से 50 से अधिक लोगों की मौत हुयी।
- कोलकाता के ईडन गार्डंस मैदान पर 2016 में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को हराकर आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप को जीता।

### 3 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक कमला देवी चट्टोपाध्याय का 1903 में जन्म।
- भारत के प्रथम फील्ड मार्शल एस एच एफ जे मानेकशॉ का 1914 में जन्म।
- प्रसिद्ध उक्रेनी लेखक तथा उपन्यासकार ओलेस गोनचार का 1918 में जन्म हुआ।
- कनाडाई सीनेटर मौरिस रील का 1922 में जन्म हुआ।
- अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री डोरिस डे का 1922 में जन्म हुआ।
- प्रसिद्ध साहित्यकार निर्मल वर्मा का जन्म 1929 में हुआ।
- प्रसिद्ध साहित्यकार मन्नू भंडारी का जन्म 1931 में हुआ।
- मशहूर गायक हरिहरन का 1955 में जन्म हुआ।
- भारत की मशहूर अभिनेत्री जया प्रदा का 1962 में जन्म।


### 3 अप्रैल को हुए निधन

- चिश्ती सम्प्रदाय के चौथे संत निज़ामुद्दीन औलिया का निधन 1325 में हुआ था।
- भारत में मराठा सम्राज्य की नींव रखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की 1680 में रायगढ में मृत्यु।

## विशेष आलेख

# बिहार चुनाव तो नीतीशकुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा पर आगे क्या होगा?

**जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार पिछले 20 सालों से राज्य के मुख्यमंत्री हैं और भाजपा और लोक जनशक्ति पार्टी चुनाव से पहले उनका 100 फीसदी समर्थन करना मजबूरी रही हैं। भाजपा को बिहार की राजनीति में फिर से नीतीश कुमार का चेहरा आगे करना होगा। राज्य में हुए 2020 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने वास्तव में जीत हासिल की थी। भाजपा ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 74 विधायक चुने थे। जनता दल (यूनाइटेड) ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा और केवल 43 विधायक जीते। महाराष्ट्र की तरह भाजपा पटना में भी मुख्यमंत्री पद के लिए दावा कर सकती थी, लेकिन भाजपा ने उदारता से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद दे दिया, जिनके पास कम विधायक हैं। इस घटना को पांच साल हो चुके हैं।**



अशोक भाटिया

अमित शाह ने अपने बिहार के दौरे में एक बात तो स्पष्ट कर दी कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। पर यह बात कि चुनाव जीतने के बाद सीएम भी उन्हें ही बनाया जाएगा इस पर प्रकाश नहीं डाला। हालांकि पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम मे गृहमंत्री ने कहा कि 2025 में बिहार में मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाइये और भारत सरकार को बिहार के विकास का एक और मौका दीजिए। शाह ने यह भी कहा कि बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है। शाह की इन बातों की सीधा अर्थ है कि नीतीश को किनारे लगाने के बारे में नहीं सोचा जा रहा है। दूसरे शब्दों में नीतीश के नाम पर कोई विवाद नहीं है। पर मोदी जी और नीतीश जी दोनों का नाम लेने और दूसरे खुलकर यह न कहने कि चुनाव जीतने पर नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी, लोगों में संदेह बरकरार रह गया। हालांकि मोदी का नाम पीएम होने के नाते लेने का कोई दूसरा अर्थ नहीं लगाना चाहिए। पर राजनीति संभावनाओं का खेल है इसलिए हर बात के कई अर्थ निकाले जाते हैं। वैसे बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के दो उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी विधायकों और सांसदों की बैठक में अमित शाह ने घोषणा की कि चुनाव काल में नीतीश कुमार एनडीए के कप्तान होंगे। विधानसभा चुनाव के बाद पहले से ही इस बात को लेकर तर्क दिए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार को महाराष्ट्र की तरह एकनाथ शिंदे जैसी भूमिका निभानी होगी या नहीं।

जिस तरह महाराष्ट्र में भाजपा ने पूरे चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को नेता बनाए रखा कुछ लगता है उसी तर्ज पर बिहार में चुनाव लड़ने के मूड में है पार्टी। आपको याद होगा महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान एक बार एक स्टेज पर देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे एक साथ बैठे हुए थे। पत्रकारों ने फडणवीस से पूछा कि चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा। तो फडणवीस ने एकनाथ शिंदे की ओर इशारा करके कहा था हमारे मुख्यमंत्री तो यहीं हैं। पर परिणाम आने के बाद ऐसा हुआ नहीं। एकनाथ शिंदे अपना रोना लेकर रोते रहे पर पार्टी को कोई असर नहीं पड़ा। अंत में एकनाथ शिंदे डिप्टी मुख्यमंत्री बनने को तैयार हो गए। आज की तारीख में भाजपा बिहार में शायद इसी रणनीति पर काम कर रही है। चुनाव परिणाम आने के बाद नीतीश कुमार डिप्टी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, पर हो सकता है कि नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाया जाए। पार्टी चाहती है कि चुनाव में सभी लोग एकजुट होकर मेहनत करें।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि नीतीश की बढ़ती उम्र और उनकी तबीयत की चिंता को भाजपा समझ रही है। भाजपा ये मान कर भी चलती है कि नीतीश की इस स्थिति का फायदा विपक्ष हर हाल में उठाना चाहेगा। ऐसी स्थिति में भाजपा अगर खुलकर नीतीश कुमार को नेता मान लेती है तो इसमें पार्टी का कई तरह से नुकसान हो सकता है। नीतीश के मुख्यमंत्री कैंडिडेट घोषित करते ही भाजपा के समर्थक और कार्यकर्ता निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसी दशा में वे ढीले पड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में जो नीतीश के नेतृत्व से नाराज भाजपा के वोटर हैं वो सीधे-सीधे प्रशांत किशोर की ओर मूव कर सकते हैं। हालांकि भाजपा के लिए यह भी फायदेमंद सौदा ही है। भाजपा ये चाहती है कि एंटी इंकंबेंसी वाले वोट किसी भी सूरत में पूरे के पूरे आरजेडी की ओर न जाए। दिल्ली में यही रणनीति आम आदमी पार्टी ने अपनाई थी। इसलिए कांग्रेस के साथ आप ने समझौता नहीं किया। वहां भी यही तर्क था आम आदमी पार्टी से नाराज वोटर्स भाजपा की ओर पूरी तरह न जाएं इसके लिए कांग्रेस के रूप जनता के सामने एक और विकल्प होने से पार्टी को फायदा होगा। ठीक उसी तरह भाजपा बिहार में भी सोच रही है। शायद यही कारण है कि प्रशांत किशोर को लेकर भाजपा परेशान नहीं है। पिछली बार की तरह, वे बिहार चुनावों में पुराने दल ही एक-दूसरे के राजनीतिक दुश्मन हैं। एक तरफ, भाजपा, जेडी (यू), चिराग पासवान की लोक जनशक्ति और जीतन राम मांझी की एचयूएम और दूसरी तरफ, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और महागठबंधन के छोटे दल होंगे। जाति वोट बैंक और सीट बंटवारा दोनों पक्षों के प्रमुख मुद्दे हैं। यह राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का एक बड़ा परीक्षण है।

इन दोनों चुनावों में, बिहार के मतदाताओं ने भाजपा-जनता दल (यू) को एक बड़ा झुकाव दिया। लोकसभा चुनावों में, एनडीए के सांसद 40 में से 30 से अधिक सीटों पर चुने गए। बाद के उपचुनावों में महागठबंधन में मतभेद और दरार भी देखी गई। लालू यादव ने राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव को पूर्णिमा निर्वाचन क्षेत्र की सीट छोड़ने से इनकार कर दिया। जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार लगातार विवादों में फंसे हुए हैं।

# यहां प्लास्टिक, वहां प्लास्टिक, आखिर कहां नहीं है प्लास्टिक?



सुनील कुमार महला,

**प्लास्टिक मनुष्य से लेकर धरती के समस्त जीवों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी के लिए एक प्रकार से ज़हर है। आज देश-दुनिया को भले ही प्लास्टिक ने कितनी ही सहूलियतें प्रदान क्यों न की हो, लेकिन यह मनुष्य, जीवों, वनस्पतियों के साथ-साथ संपूर्ण धरती के पर्यावरण के लिए विनाश ला रहा है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में भारत के केरल में हुए एक हालिया अध्ययन में बोतलबंद पानी में प्लास्टिक माइक्रोबीड्स की मौजूदगी का खुलासा हुआ है।यह पहली बार नहीं है जब बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के महीन कण मिले हों। इससे पहले भी बोतलबंद पानी में प्लास्टिक की मौजूदगी के अनेक खुलासे हो चुके हैं। कुछ समय पहले नमक व चीनी तक के नमूनों में प्लास्टिक के महीन कणों की मौजूदगी के संबंध में एक अध्ययन सामने आया था।**

हाल ही में जो अध्ययन सामने आया है, उससे पता चलता है कि 10 प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के माइक्रोबीड्स पाए गए हैं। इस स्टडी से सामने आया है कि औसतन प्रति लीटर तीन से दस माइक्रोबीड्स थे। फाइबर, टुकड़े, फिल्म और छर्रे सहित विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक पाए गए, जो कि चिंताजनक है। चिंताजनक इसलिए क्यों कि आज भारत में बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ रहा है और बच्चों से लेकर बूढ़े, महिलाएं सभी बोतलबंद पानी का धड़ल्ले से उपयोग करते नजर आते हैं। आंकड़े बताते हैं कि बोतलबंद पानी के माध्यम से हर साल औसतन 153.3 प्लास्टिक कण उपभोक्ता के शरीर में प्रवेश करते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि केरल में बिकने वाले बोतलबंद पानी पर केंद्रित यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका स्प्रिंगर नेचर के डिस्कवर एनवायरनमेंट में प्रकाशित हुआ था। अध्ययन ने नमूनों में आठ अलग-अलग प्रकार के पॉलीमर कणों की उपस्थिति की पुष्टि की है, जिसमें फाइबर सबसे आम थे, जो 58.928% थे। कुल कणों का लगभग 35.714% लाल रंग का था। विश्लेषण से पता चलता है कि नमूनों में पाए गए रेशे अनुपचारित जल स्रोतों से उत्पन्न हो सकते हैं, जबकि अन्य जल शोधन में उपयोग किए जाने वाले घटकों या पैकेजिंग के लिए उपयोग की जाने वाली बोतलों से मिश्रित हो सकते हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि केरल में बोतलबंद पानी पर हुआ ताजा अध्ययन हो या चीन, अमेरिका और जर्मनी के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट, सब यही बताते हैं कि माइक्रोप्लास्टिक मनुष्य के जीवन और पर्यावरण, दोनों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और अगर गंभीरता नहीं बरती गई, तो प्लास्टिक मानवजाति ही नहीं अपितु संपूर्ण जीवों व धरती के लिए एक बहुत बड़ा व गंभीर खतरा बन जाएगा। आज प्लास्टिक का जिम्मेदार उपयोग नहीं किया जा रहा है और न ही इसकी उचित रिसाइक्लिंग (पुनर्चक्रण) पर ही किसी का ध्यान है। आज हमारे घरों,आफिसेज से लेकर हर जगह प्लास्टिक का बोलबाला है। कोई भी जगह ऐसी नहीं है, जहां प्लास्टिक का किसी न किसी रूप में आविर्भाव नहीं हो। प्लास्टिक हमारी जिंदगी का बहुत ही अहम्, महत्वपूर्ण व जरूरी हिस्सा बन चुका है। हमारे शेविंग रेजर से लेकर हमारे टुथब्रश, नहाने की बाल्टी, मग, हमारे चश्मे, हमारे पेन(कलम), हमारे भोजन की थाली,प्लेट, कटोरी तक सब प्लास्टिक का ही है। संक्षेप में कहें तो हम माइक्रोप्लास्टिक्स का सामना हर जगह करते हैं। मसलन, कचरा, धूल, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन, सफाई उत्पाद, बारिश, समुद्री भोजन, उपज, नमक, आदि में।आज मिट्टी, पानी, भोजन, हवा और मानव शरीर सहित सभी जीवित जीवों में माइक्रोप्लास्टिक कण पाए गए हैं। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि माइक्रोप्लास्टिक, प्लास्टिक के टूटने से बनते हैं और ये हवा, पानी, और ज़मीन में भी पाए जाते हैं। वास्तव में ये हमारे शरीर में सांस लेने और खाने के ज़रिए पहुंचते हैं। इतना ही नहीं, ये हमारे रक्त, फेफड़े, और प्लेसेंटा में भी पाए गए हैं।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार और जांबाज इंस्पेक्टर वीरेन्द्र पाल सिंह1972 हरियाणा में जन्में वीरेन्द्र पाल शुरू से ही जांबाज रहे। राजस्थान पुलिस में इन्हे सुपर कॉप के नाम से भी जाना जाता है। पाकिस्तान की सीमा पर सटे जिलों में तस्करों की आवाजाही रोकी इसके साथ ही जहां भी रहे पूरे इलाके में अपराधियों के हौसले पस्त करके रहे।

1996 में राजस्थान पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए। प्राथमिक प्रशिक्षण राजस्थान पुलिस एकेडमी में प्राप्त कर बीकानेर जिले में पदस्थापित हुए। वहां व्यास कॉलोनी, कोटगेट कोलायत थानों में पदस्थापित रहे। फिर जिला हनुमानगढ़ में पदस्थापन के दौरान स्पेशल टीम प्रभारी रहते हुए बैंक डकैती के एक गैंग को पकड़ा जो 25 अंतरराज्यीय बैंक डकैती के वांछित थे । 2012-13 में पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नत होकर अलवर जिला में पदस्थापित हुए। जहां कोटकासिम, तिजारा, बहरोड़ थानों पर थानाधिकारी रहे फिर झुंझुनूं जिला में गुढ़ा, पिलानी थानाधिकारी रहे। बीकानेर में लूणकरनसर, बज्जू थानाधिकारी रहे। अलवर जिला में पुनः राजगढ़ थानाधिकारी रहे भिवाड़ी पुलिस जिला बनने के पश्चात बहरोड़, भिवाड़ी फूलबाग, चौपानकी थानाधिकारी रहे। तिजारा पदस्थापन के दौरान गौतस्करों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए गौतस्करी के तिजारा होकर जाने वाले रूट को बंद कर दिया। 2014 में जन्माष्टमी के दिन 25 गायों को गौतस्करों से छुड़वा कर करीब 30 किमी पैदल वापस लाकर मौनी बाबा गौशाला में छोड़ा। जांबाज अधिकारी हैं वीरेन्द्र पाल सिंह। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



श्री वीरेन्द्र पाल
( पुलिस निरीक्षक
राजः पुलिस )

## 2025_088 | बढ़ता राजस्थान | Ans_2025_087

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 1 | 9 | | 4 | 6 | | | 2 | 5 |
| | 4 | 7 | 1 | | | | 9 | 8 |
| | | 8 | | | 3 | | | 6 |
| 9 | | | | | 5 | 2 | 8 | 7 |
| | | 5 | 8 | | | 1 | | 9 |
| | | | | | | 9 | | 4 |
| | 5 | 1 | | 8 | | | | 2 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 1 |
| 6 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**वृष**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

**मिथुन**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

**कर्क**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

**सिंह**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**तुला**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

**वृश्चिक**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है।

**धनु**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

**मकर**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**कुंभ**
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**मीन**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। धार्मिक काम होंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### बानीपुरा बालाजी मंदिर परिसर में लगाए थे एक हजार पौधे

# लापरवाही : मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान में लगाए सभी पौधे सूखे







बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले के खण्डार क्षेत्र में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत अगस्त माह में हुए जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में हरियाली तीज पर बानीपुरा बालाजी मंदिर परिसर में लगाए गए विभिन्न किस्मों के एक हजार पौधे जिम्मेदारों की उदासीनता की भेंट चढ़ गए। पंचायत समिति प्रशासन ने पौधों की नियमित मॉनिटरिंग व निगरानी नहीं करने तथा उनमें समय-समय पर खाद, पानी नहीं देने से सभी पौधे बारिश के मौसम में ही सूखकर डंठल में तब्दील हो गए। वर्तमान में एक भी पौधा जीवित नहीं बचा है, जबकि गर्मी शुरू भी नहीं हुई हैं।

बता दें कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी मंत्री, विधायकों,अधिकारियों, कर्मचारियों सहित 7 करोड़ से अधिक प्रदेशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया था। खण्डार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक,विधायक जितेन्द्र गोठवाल, प्रभारी सचिव संदीप वर्मा के नेतृत्व में यहां पौधारोपण कार्यक्रम हुआ था। इसमें अतिथियों सहित तत्कालीन जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, एसपी ममता गुप्ता, सीसीएफ अनूप के आर, पूर्व अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य, डीएफ ओ रामानंद भाकर सहित जिला अधिकारियों ने अपने-अपने नाम से अलग-अलग पौधे लगाए थे,वहीं उनकी देखरेख की जिम्मेदारी कर्मचारियों को सौंपी थी।

**चौकीदार लगाना भी उचित नहीं समझा :** बानीपुरा बालाजी मंदिर कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि पौधारोपण कायक्रम के बाद पंचायत समिति की ओर से पौधों की देखभाल करने के लिए बालाजी मंदिर परिसर में पौधों बढ़े होने तक नियमित पानी देने तथा उनकी देखभाल के लिए अलग से कर्मचारी लगाने के जिला प्रभारी मंत्री व सचिव ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी व विकास अधिकारी को निर्देश दिए थे। लेकिन अधिकारियों ने मंत्री व प्रभारी सचिव के आदेशों की अवेहलना कर पौधों के संरक्षण की ओर ध्यान नहीं दिया।

#### पीएम के अभियान को भी नहीं दी तवज्जो

बानीपुरा बालाजी मंदिर कमेटी अध्यक्ष हरिशंकर गोयल ने बताया कि अधिकारियों की उदासीनता के चलते प्रधानमंत्री के चलाए गए अभियान को भी यहां महत्ता नहीं दी। प्रधानमंत्री ने देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम जो अभियान चलाया है। उससे निश्चित तौर पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। लेकिन पौधे जीवित नहीं रहने से सरकार के उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है।

#### वितरित पौधों की भी नहीं जानकारी

जिला परिषद के तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना ने मुख्यमंत्री पौधारोपण महा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में एक हजार पौधे लगाने के साथ-साथ एक हजार पौधों का वितरण भी ग्रामीणों को किया गया था। लेकिन वे पौधे कहां लगे है या नहीं तथा उनमें कितने जीवित है या नहीं, इसकी जानकारी भी पंचायत समिति में विकासअधिकारी के पास नहीं है। ऐसे में ब्लॉक में पौधारोपण कार्यक्रम खानापूर्ति व मजाक बनकर रह गया है।

#### यह बोले जिम्मेदार

एक पेड़ मां के नाम का जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम अगस्त माह में आनन-फानन में कस्बे के बानीपुरा बालाजी परिसर में कराया था, लेकिन वहां पथरीली मिट्टी होने से पौधे नहीं पनप सके। कुछ दिन पानी भी दिलवाया तथा सुरक्षा भी कराई थी, लेकिन पौधे नहीं पनपे तो इस हम क्या कर सकते हैं।

**राजाराम मीणा**
**विकास अधिकारी, पंचायत समिति खण्डार**

## महावीर जयन्ती के सात दिवसीय संगीतमय कार्यक्रमो का शुभारम्भ कल 4 अप्रैल से



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभू चौधरियान व सकल जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के दस दिवसीय संगीतमय कार्यक्रम का शुभारम्भ 4 अप्रैल शुक्रवार से होगा। महावीर जयन्ती जन्म कल्याणक महा महोत्सव को लेकर श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभू चौधरियान कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हुए निर्णयो की जानकारी देते हुए नरेन्द्र कुमार जैन नीटू ने बताया कि दस दिवसीय कार्यक्रमो की कड़ी में 4 अप्रैल शनिवार को महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर बृजलालनगर में, 5 अप्रेल शनिवार को मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पीनणी रोड में, 6 अप्रैल रविवार को महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर नवीन मण्डी में, 7 अप्रैल सोमवार को आदिनाथ जैन मन्दिर तेरापथिंयान में ततथा 8 व 9 अप्रैल को भगवान श्री चन्द्रप्रभू मन्दिर चौधरियान जैन मौहल्ले में सायंकाल 7 बजे से संगीतमय णमोकार महामंत्र का जाप सहित विराट भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं 10 अप्रेल बुधवार को भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के दिन प्रात: 8 बजे जैन मौहल्ले स्थित भगवान श्री चन्द्रप्रभू जैन मन्दिर चौधरीयान से शाही लवाजमे के साथ विशाल एवं भव्य रथ यात्रा का जुलुस निकाला जाएगा। यह जुलुस सभी मुख्य बाजारो से होकर व्यास सर्किल से जयपुर होकर पाण्डुकशिला पहुंचेगा। जहां भगवान का अभिषेक होगा। इसके अलावा दसी दिन शाम को 6 बजे विशाल वाहन रैली (पुरूष एवं महिला) के साथ श्रीजी को वापस जैन मौहल्ले स्थित भगवान श्रीचन्द्रप्रभु जैन मन्दिर जैन मौहल्ले पहुंच कर महाआरती के साथ भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महामहोत्सव के दस दिवसीय कार्यक्रमो का समापन होगा।

## उपमुख्यमंत्री ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

### गंगापुर सिटी के विकास को लगेंगे पंख, मेधावी छात्राओं को उपहारः उपमुख्यमंत्री ने वितरित की निःशुल्क स्कूटियां



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को गंगापुर सिटी के एक दिवसीय दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने होटल द पर्ल , गंगापुर सिटी में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर स्थानीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भाग लिया। साथ ही मेधावी छात्राओं को सरकार की कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत नि:शुल्क स्कूटियों का वितरण किया गया।

**गंगापुर सिटी को मिली विकास की सौगात :** उप मुख्यमंत्री ने नोन पेचेबल/मिसिंग लिंक परियोजना अन्तर्गत 245 लाख रूपये की लागत से 8.50 किमी लम्बाई की सड़क निर्माण कार्य, शहरी क्षेत्र के स्वायत्त शासन विभाग के विभिन्न सड़कों को 161.50 लाख रूपए की लागत से 2.645 किमी लम्बाई सड़क निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। वहीं जल जीवन मिशन के तहत 495.34 लाख रूपये की लागत से हैंडपम्प से परिवर्तित पाईप्ड जल योजना अलीगंज एवं 365.68 लाख रूपये की लागत से हैंडपम्प से परिवर्तित पाईप्ड जल योजना मालियों की चौकी का लोकार्पण किया। इसी प्रकार 200 लाख रूपये की लागत से शहरी क्षेत्र में स्वायत्त शासन विभाग की विभिन्न सी.सी. सड़कों का निर्माण कार्य, 800 लाख रूपये की लागत से शहरी क्षेत्र में विभिन्न सी.सी. सड़कों के निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। 49.50 लाख रूपये की लागत से किसान पथ सम्पर्क सड़क एन.एच. 11बी से बड़ा कुआ ग्राम पंचायत खेडली अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी समिति गंगापुर सिटी, 544.89 लाख रूपये की लागत से राज्य वित्त आयोग षष्ठम के अन्तर्गत 91 कार्य एवं 507.15 लाख रूपये की लागत से केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत 83 कार्य का लोकार्पण किया।

**प्रदर्शनी का किया अवलोकन :** इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग , पर्यटन विभाग , विधुत विभाग, महिला अधिकारिता विभाग , राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी सहित विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के लाभार्थियों को सोलर इंडक्शन वितरित किए गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा , नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पंचायत समिति प्रधान गंगापुर सिटी मंजू गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा , उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीणा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे!

## जयपुर आने जाने वाले यात्रियो को वातानुकूलित रोडवेज बस सेवा उपलब्ध




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) प्रशासन द्वारा केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम की अनुशंषा पर केकड़ी से जयपुर के लिए वातानुकूलित रोडवेज सेवा उपलब्ध कराई गई। इस बस सेवा का बुधवार को केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार यह वातानूकृलित रोडवेज बस केकड़ी से प्रतिदिन प्रात: 7 बजे एवं दोपहर 2 बजे जयपुर के लिए रवाना होगी। वहीं जयपुर से केकड़ी के लिए यह बस प्रात: 10 एवं सायंकाल 7 बजे रवाना होगी। इस बस जयपुर से केकड़ी और केकड़ी से जयपुर पहुंचने के लिए तीन धंटे का सफर निर्धारित किया गया है। सूत्रो ने यह भी बताया कि यह बस पूरी तरत से नान स्टाप होगी। लेकिन मालपुरा में इस बस का ठहराव निर्धारित किया गया है। जिसमें केकड़ी से प्रात: 7 बजे चलने वाली बस मालपुरा से 8 बजे और केकड़ी से ही दोपहर 2 बजे चलने वाली बस मालपुरा दोपहर 3 बजे जयपुर के लिए रवाना होगी। वहीं जयपुर से 10 बजे चलने वाली बस मालपुरा से केकड़ी के लिए 12 बजे तथा सायंकाल 7 बजे जयपुर से केकड़ी के लिए चलने वाली बस रात्रि में 9 बजे केकड़ी के लिए रवाना होगी। यह वातानुकूलित बस केकड़ी जयपुर के मध्य प्रतिदिन दो फेरे करेगी। इस बस के शुरू हो जाने से केकड़ी सहित मालपुरा जयपुर जाने वाले व जयपुर से मालपुरा केकड़ी तक आने जाने वाले यात्रियो को गर्मी से राहत मिलने के साथ साथ समय की बचत भी होगी। गौरतलब है कि बुधवार को केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम क्षेत्र के भाजपाईयो और रोडवेज प्रशासन के अधिकारियो की मौजुदगी में वातानुकूलित बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के बाद स्वयं भी बस में बैठकर जयपुर पहुंचे।

## पांच दिन बाद पुनः शुरू हुआ मण्डी में व्यापार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मण्डी व्यापार मार्च क्लोजिंग के चलते पांच दिन बन्द था। जो बुधवार को सुबह भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ पुनः शुरू हो गया। व्यापार व्यापर मण्डल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया ने बताया मण्डी में स्थित लक्ष्मीनारायण जी के मन्दिर में शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर मण्डी व्यापर पुनः शुभारंभ किया गया। राजेन्द्र चौधरी ने बताया बुधवार को सरसों 5800 से 6001, जौ 1800 से 2022 व चना के भाव 5200 से 5331 रूपए रहे। इस दौरान मण्डी व्यापारियों ने शुभ मुहूर्त में बोली लगाकर जिंसों की खरीददारी की। इस अवसर पर रामअवतार घाटी, शिवप्रकाश, संजयकुमार भाणजा, केदार खण्डेलवाल, सुशील गिन्दोडी, योगेन्द्र कुमार, पारस जैन, राधा मोहन, सुरेन्द्र कुमार, दीपक गुप्ता, राजेंद्र चौधरी, अरविन्द टोडवाल, मुरारीलाल पण्डा सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## विभिन्न पर्वों को देखते जिला मजिस्ट्रेट डॉ. झा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 को महावीर जयंती, 11 को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, 13 को वैशाखी, 14 को डॉ. अंबेडकर जयंती, 18 को गुड फ्राइडे, 25 को सैन जयंती, एवं 29 अप्रैल को परशुराम जयंती के त्योहारों को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. झा ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेव्ट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

झा ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र एवं उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

## वृध्दा की हत्या के मामले का खुलासा, आरोपी यूपी से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** पुलिस ने वृद्ध महिला की हत्या के मामले का 18 दिन बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस ब्लाईंड मर्डर का खुलासा करते हुए बताया कि यह वारदात लूटपाट के इरादे से की गई थी। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि जिले के सूरवाल थाना क्षेत्र के जटवाड़ा कला में 18 दिन पहले खेत में घास काटती महिला की किसी ने गला रेतकर हत्या कर दी थी और गले में पहनी हुई सोने की चेन लूटकर आरोपी फरार हो गया था। महिला की पहचान जटवाड़ा कला निवासी 62 वर्षीय रामपति मीणा के रूप में हुई। परिजनों ने इसका मामला सूरवाल थाने में दर्ज करवाया. इसके बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि पुलिस को एक युवक आसिफ पर शक हुआ, क्योंकि जिस दिन घटना हुई वह उसी दिन वह अपने गांव से यूपी निकल गया। साइबर सूचनाओं और अन्य साक्ष्यों के आधार पर छानबीन करते हुए पुलिस आरोपी की तलाश में उत्तरप्रदेश पहुंची। वहां शामली जिले के गड़ीपुख्ता गांव से आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर लिया. अब पुलिस लूटे गए माल की रिकवरी के प्रयास में जुटी है। आरोपी आसिफ सवाईमाधोपुर में अमरूदों के बगीचों का ठेका लेने का काम करता था। वारदात के समय पिछले कुछ समय से आरोपी आसिफ जटवाड़ा के बगीचों के आसपास ही रह रहा था. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में कर रही है।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने आखातीज एवं पीपल पूर्णिमा पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम एवं इस संबंध में सूचना देने के लिए जिला मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जिसके दूरभाष नंबर 01432-245035 हैं। जिला कलेक्टर डॉ. झा ने बताया कि कलेक्ट्रेट के कार्यालय अधीक्षक बनवारी लाल गर्ग, (मोबाइल नंबर 6377852907) को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित होगा। साथ ही, नियंत्रण कक्ष में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी प्रभारी के संपर्क में रहेंगे तथा बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

## शिक्षा मंत्री दिलावर ने सराहे पीएमश्री स्कूल राहोली के शैक्षणिक नवाचार

### राहोली के शैक्षणिक नवाचार अनुकरणीय-शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** विगत तीन वर्षों से अपने शैक्षणिक नवाचारों से चर्चित राहोली के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शैक्षणिक नवाचारों की सराहना राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व स्वावलंबी भारत अभियान जयपुर प्रांत के प्रांत समन्वयक लोकेन्द्र सिंह नरूका ने की। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने राहोली के शैक्षणिक नवाचारों की सराहना की। विद्यालय के आठ पृष्ठीय समाचार पत्र को पढ़ते हुए शिक्षा के क्षेत्र किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ.नरूका ने पिछले कुछ वर्षों में राहोली के विद्यालयों में हुए भौतिक व शैक्षणिक विकास व आगामी भौतिक व शैक्षणिक लक्ष्यों के बारे में भी शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को अवगत करवाया। गौरतलब हो कि राहोली निवाई ब्लॉक की एकमात्र ऐसी पंचायत है जहाँ पीएमश्री व महात्मा गाँधी राजकीय स्कूल एक साथ संचालित है। इसके साथ ही लगभग आठ वर्षों से पेड़ के नीचे चल रहे ढ़ाणी मालियान के प्राथमिक विद्यालय के लिए भी 75लाख लागत से समग्र शिक्षा की ओर से नवीन भवन बना है।

## भाजपा स्थापना दिवस के संयोजक व सह संयोजक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन की ओर से 6 अप्रैल रविवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को मनाए जाने के लिए संयोजक व सह संयोजक मनोनीत किए है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह, भाजपा जिला महामंत्री एवं जिला कार्यक्रम संयोजक संतकुमार जेन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला कार्यक्रम सह संयोजक रमेश गढ़वाल तथा भाजपा जिला कार्यक्रम सह संयोजक लोकेश गुप्ता की ओर से सम्पूर्ण जिले के भाजपा मंडलो लिए सूची जारी की गई है। मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के मंडलो के लिए जारी सूची के बारे में जानकारी देते हुए कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि मालपुरा शहर के लिए संयोजक सुरेश शर्मा व सह संयोजक कमल सेनी व बाबूलाल नावरिया, लाम्बाहरिसिंह मंडल के लिए संयोजक मोनू गोतम व सह संयोजक दिलखुश वैष्णव व रामराज जांगीड़, पचेवर मंडल के लिए संयोजक शिवराज चोधरी, सह संयोजक यादराम दगोत्या व ओमप्रकाश वर्मा, मोर मंडल के लिए संयोजक हंसराज गुर्जर व सह संयोजक श्रवण शर्मा व प्रहलाद चौधरी, संवारिया मंडल के लिए संयोजक गोपाल सिंह व सह संयोजक नारायण सिंह व यशपाल चौधरी, लावा मंडल के लिए संयोजक सत्यनारायण मीणा व सह संयोजक कैलाश व अशोक शर्मा तथा टोडारायसिंह भाजपा मंडल के लिए संयोजक अनिल भारद्धाज व सह संयोजक जगदीश प्रसाद सैनी व संजय जैन को मनोनीत किया गया है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ भगवान श्री रामलला मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आगाज

## राममय हुआ पूरा शालीमार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर के अपनाघर शालीमार के श्री राम मन्दिर में पाँच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आगाज बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। हजारों की संख्या में लोग इस धार्मिक यात्रा में शामिल हुए। पाँच दिनों तक मन्दिर में भगवान श्री रामलला की दिव्य मूर्ति सहित अन्य देवताओं व भगवानों की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। अयौध्या की तर्ज पर बनने वाले इस भव्य श्री राम के मन्दिर में बुधवार को पूरा वातावरण राममय हो गया। वहां रहने वाले श्रृद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लेनी वाली श्रृद्धालु महिलाओं के लिए कहीं ठंडाई तो कहीं हवला छोले के प्रसाद का वितरण किया गया। अपनाघर शालीमार के लोगों के लिए बुधवार को किसी त्यौहार से कम ना था। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ भगवान के भजनों पर नाचते गाते हुए मन्दिर पहुँची जहां विद्धान पुरोहितों द्वारा विधि विधान से पूजा व प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। पाँच दिन तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजन रहने से वहां खासी चहल पहल हो रखी है।

### भव्य मन्दिर में श्रीरामलला के दर्शन की चाहत



ये हम सब के लिए सौभागय का विषय है कि अयौध्या की तर्ज पर अलवर में भी भगवान श्री रामलला का मन्दिर बन रहा है काफी लम्बे इंतजार के बाद आज रामकाज में शामिल हुए हैं पूरा दिन राममय बना रहा। आनन्द के साथ धर्म दर्शन अहसास हुआ। पूरे कॉलानी के लोगों में एक गजब सा जज्बा है ठीक ऐसे जैसे अयौध्या में भगवान श्री राम के भव्य मन्दिर निर्माण के दौरान देखा गया। ये हम अलवर वासियों के लिए गौरव का विषय है। **–सारिका अग्रवाल**



लोगों में ईश्वर के प्रति खासा प्रेम व उत्साह देखने को मिल रहा है। किसी धार्मिक पर्व से कहीं कम नजर नहीं आ रहा है पूरा अपनाघर शामीमार का वातावरण राममय हुआ पड़ा है। लोगों में ईश्वर के दर्शन पाने का खासा इंतजार नजर आ रहा है। लोग पूरे मनोयोग के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं। ये हम सबके लिए सच में गौरव का विषय है।

**अशोक सैनी**
**डायरेक्टर अपनाघर शालीमार**







*उत्साह और धर्म का समावेष देखने को मिल रहा है। पूरे पाँच दिन दिव्य अनुष्ठानों के बाद श्री रामलला के दर्शन लोगों को होंगे। ये हर्ष का विषय है हम सबके लिए कि अलवर में भी अयौध्या की तर्ज पर भगवान राम का भव्य मन्दिर बन रहा है। आज कलश यात्रा के साथ आगाज हुआ और महिलाओं ने पूरी भक्ति व जज्बे के साथ इस कलश यात्रा में भाग लिया।*

रजनी सैनी

# जिला कलक्टर ने पौधारोपण कर मिनी सचिवालय को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार का किया शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन के मिनी सचिवालय को ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा के तहत 'एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग' बनाने के अभिनव नवाचार के तहत आज सीएसआर के सहयोग से मियावाकी पद्धति से भवन में पौधे लगाने के कार्य का शुभारंम जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में हुआ।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को अर्णिमा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स अलवर के सीएसआर सहयोग के तहत आज 400 पौधे लगाकर मिनी सचिवालय के भवन को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार कार्य का शुभारंम हुआ। उन्होंने बताया कि इस नवाचार के तहत वन विभाग के तकनीकी सहयोग से मिनी सचिवालय परिसर में खाली पेचेज में सीएसआर के माध्यम से मियावाकी पद्धति से सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे मिनी सचिवालय का स्वरूप ग्रीन इमारत के रूप में उभरेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएसआर एवं कर्मचारियों के सहयोग से मिनी सचिवालय भवन में गैलरी आदि स्थानों पर गमलो में पौधे लगाए गए है। इस अवसर पर एडीएम शहर बीना महावर, उप वन संरक्षक अलवर राजेंद्र हुड्डा, अलवर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, यशवंत मीणा, सुधीर माथुर, क्षितिज माथुर, सतीश मोदी , नवीन सेन, अशोक पाठक, पं. नथूराम शास्त्री, मोहित सिंह, आशीष गुप्ता, नवीन कुमार, आशीष रावत, रामचरण शर्मा, राजेंद्र सिंह भाटी, भीम सिंह, नेतराम, राकेश वर्मा, अशीमा माथुर, माया गुप्ता, राजदीप शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

# रिश्ते के बहाने से घर में रूका अनजान व्यक्ति, घर से जेवरात लेकर फरार

बढ़ता राजस्थान

**टहला/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** लखेरा समाज का बनकर लड़कियों के विवाह के लिए लड़का देखने व रिश्ता करने की बात करने आये एक व्यक्ति द्वारा सोने के आभूषण चोरी करके ले जाने की घटना की चर्चा सुनकर कस्बे के लोग हतप्रभ हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के लखेरा मोहल्ला में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति लखेरा समाज का होने तथा खुद के 2 अविवाहित बहिन के लिए रिश्ता करने के लिए कहकर रमेश लखेरा के घर रात्रि को रुका पड़ोस में ही धर्मेन्द्र कुमार लखेरा के घर सुबह चाय पीकर सोने के आभूषण लेकर अज्ञात आरोपी फरार हो गया। इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता सुनीता लखेरा ने टहला थाने में मंगलवार को दर्ज करवाई। वार्ड 11 की वार्ड पंच सुनीता लखेरा ने बताया कि सोमवार 31 मार्च को एक अनजान व्यक्ति लखेरा समाज का बस्सी के पास का रहने वाला बताते हुए तथा अपनी बहिन का रिश्ता मेरे जेठ रमेश लखेरा के लडके के साथ करने के लिए आना बताकर रात्रि को जेठ रमेश लखेरा के घर भोजन करके सो गया। दूसरे दिन मंगलवार सुबह करीब साढ़े सात-8 बजे करीब मेरे घर चाय का बहाना बनाकर आया और मेरे फ्रिज पर मेरे सोने के आभूषण एक मंगल सूत्र,एक अंगूठी और एक जोड़ी कान के टॉपिस उठाकर ले गया।

फ्रिज पर आभूषण नहीं मिलने पर आरोपी के बस्सी निवासी होना बताये अनुसार सुनीता लखेरा के पति धर्मेन्द्र कुमार लखेरा ने पीछा किया परन्तु उसका कोई अता पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आकेड़ा गांव में कबाड़ प्लास्टिक के गोदाम में लगी भीषण आग



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** भिवाड़ी के नजदीक राजस्थान हरियाणा बॉर्डर पर स्थित आकेड़ा गांव में बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे के लगभग अज्ञात कारणों के चलते एक प्लास्टिक के गोदाम में आग लगने से भयावह स्थिति बनी हुई है, साथ ही स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। आग क्षेत्र में तेजी से फैलती जा रही है, साथ ही रुक-रुक कर धमाकों के साथ स्थिति और भी भयावह हो गई है। भिवाड़ी रीको फायर तथा हरियाणा धारूहेड़ा फायर कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे हुए हैं, साथ ही आसपास के लोग भी बाल्टी से पानी भर भर कर आग बुझाने में जुटे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

# पैथलेब रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य-सीएमएचओ

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने जिले में संचालित समस्त पैथलेब संचालकों को निर्देशित किया है कि अनाधिकृत रूप से संचालित करना अवैध है अतः अपने पैथलेब के मूल दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्रेशन हेतु अविलम्ब ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन कर फाइल कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें, जिससे पैथलेब का स्थाई रजिस्ट्रेशन किया जा सके। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित समस्त पैथलेब पर सीईए एक्ट 2010 एवं नीम हकीम झोलाछाप अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले के चिकित्सा संस्थान पोर्टल पर कराए रजिस्ट्रेशन उन्होंने बताया कि जिले के समस्त जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सेटेलाइट हॉस्पिटल, सीएचसी, पीएचसी पर समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकार एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी आज ही पोर्टल पर पंजीकरण कराकर सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

# मथुरा-गंगापुर सिटी स्पेशल ट्रेन का संचालन हुआ शुरू पहली बार राजगढ़ आगमन पर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात्रि को मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा नई रेलगाड़ी संचालन पर प्रथम बार राजगढ़ आगमन पर राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष एवं रेलवे परामर्श समिति के सदस्य अनिल गुप्ता के नेतृत्व में मथुरा-गंगापुर सिटी रेलगाड़ी के लोको पायलेट भरतराम, सहायक लोको पायलेट देवेश सैनी, गार्ड विशेष कुमार मीना एवं ट्रेन मेनेजर ए के चौहान का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि यह गाड़ी मथुरा से चलकर गोवर्धन,डीग, नगर, अलवर, राजगढ़ होते हुए वाया दौसा से गंगापुर सिटी रात्रि 10.55 पर पहुंचेगी। वहीं यह गाड़ी गंगापुर सिटी से चलकर सुबह 7 बजे मथुरा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या



04191/04192 का संचालन 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। इस गाड़ी के चलने से राजगढ़ सहित आसपास के इलाकों के लोगों को दौसा, लालसोट, गंगापुर सिटी, मथुरा तक जाने में सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस रूट पर नवीन गाड़ी चलाने पर केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, दौसा सांसद मुरारीलाल मीना तथा रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। पहली बार राजगढ़ पहुंचने पर गणमान्य लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित, आशीष अटोलिया, लोकेश, जितेंद्र पटवा, सौरभ गुप्ता, अजय यादव, नरेश वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अजयसिंह तंवर बने पायलट किसान संगठन के प्रदेश महासचिव क्षेत्र के लोगों ने बांटी मिठाईयाँ, संस्थापक अध्यक्ष का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** राजेश पायलट किसान संगठन के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी रामकेश दिवाकर ने अजयसिंह तंवर को राजस्थान प्रदेश का महासचिव नियुक्त किया है। तंवर के प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर उनके विधानसभा क्षेत्र सहित उनके पैतृक गाँव में मिठाईयाँ बांटी गईं और विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित आमजन राजेश पायलट किसान संगठन के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी रामकेश दिवाकर तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार जताया है। दिवाकर ने नियुक्ति पत्र देकर अजयसिंह तंवर को पद व



गोपनीयता के साथ संगठन हित में कार्य करने की शपथ दिलवाई है। उल्लेखनीय है कि अजयसिंह तंवर सचिन पायलट समर्थक माने जाते हैं।कांग्रेस नेता राकेश दायमा ने बताया कि अजयसिंह तंवर भारतीय प्रवासी परिषद राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। दायमा ने बताया कि अजयसिंह तंवर गत 10वर्षों से प्रवासियों के उत्पीड़न की आवाज उठाने के लिए पूरे प्रदेश में सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि तंवर नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के गाँव माण्वडा कला के मूल निवासी हैं। तंवर ने अपना घर बार सिर्फ किसान, मजदूर और प्रवासियों के लिए छोड़ा हुआ है। घर तो जाते हैं पर उक्त वर्ग के लिए संघर्ष करने के लिए अधिकतर समय प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बिताना पड़ता है। वहीं दायमा ने बताया कि अजयसिंह तंवर गत दस सालों से गरीब, किसान, मजदूर व प्रवासियों की सेवा कर रहे हैं। वहीं नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने बताया कि तंवर एक समाज सेवी, मजदूर, किसान, प्रवासियों की सेवा करने वाला ईन्सान है जिसको अपने परिजनों की कम बल्कि उक्त जनों की फ़िक्र ज्यादा रहती है सही मायने में वे ईन्सान के रूप में एक देवता हैं!क्योंकि जो देता है उसे देवता कहते हैं!लेवता को देवता बनाना मूर्खता है। जब भगवान के घर में जाते हैं तो कुछ ना कुछ लेजाना पड़ता है!लेकिन तंवर के पास जाने और पीड़ा सुनाने में कुछ भी लेकर नहीं जाना होता। वहीं तंवर ने बताया कि मैंने अपने जीवन में किसान नेता स्व. राजेश पायलट को अपना मार्गदर्शक और किसान मजदूर व प्रवासियों का भगवान माना है। स्व. पायलट साहब ऐसे आदर्श थे जो युगों -युगों तक भारतीयों को प्रेरणा देते रहेंगे। मैंने स्व. पायलट साहब को आदर्श और भगवान मानकर शपथ ली है कि उनका सपना पूरा करने के लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा। वहीं तंवर ने बताया कि मैंने गत 10वर्षों से किसान, मजदूर और प्रवासियों की आवाज उठाई है यह क्रम लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मैंने अपने जीवन में राजस्थान के युवा नेता, पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को अपना नेता माना है जब भी कोई आदेश मिलेगा मैं हाजिर रहूंगा। लगातार हमारे द्वारा विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में बेरोजगारों को रोजगार दिलवाया है और दिलवाते रहेंगे। यह जानकारी हमें कांग्रेस के युवा नेता राकेश दायमा ने दी।

# राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व चेयरमैन राठौड़ का मनाया जन्मदिन

## गायों को खिलाया गुड़ और दलिया, बांटी मिठाईयाँ!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले केबानसूर नगर पालिका क्षेत्र स्थित अदालत परिसर में राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर अदालत मिठाई बांटकर तथा एक दूसरे का मुँह मीठा करा मनाया गया। अदालत परिसर में अभिभाषक संघ अध्यक्ष बनवारी लाल यादव के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर राठौड़ के दीर्घायु होने एवं स्वस्थ रहने की कामना की गईं। यह जानकारी एडवोकेट शिवरतन सोनी ने दी।वहीं धर्मेन्द्रसिंह राठौड़ के समर्थक जयराम पूनिया व कांग्रेस जनों ने गिरधर गौशाला में गायों को गुड़ एवं दलिया खिलाया और राठौड़ के सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं की। इस अवसर पर



बार अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट बनवारी लाल यादव की अध्यक्षता में अदालत परिसर में जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट कुंदनलाल सोनी,सुरेन्द्र यादव, छाजू सिंह तंवर, शिवरतन सोनी,शीशराम पोसवाल, गोपाल सैनी, शंकरलाल सैनी, शिवचरण रावत, जयराम सैनी, भैरू सहाय स्वामी, धर्मपाल चौधरी, राजेन्द्र गुर्जर, सहमाल रावत, दिनेश शर्मा, अनिल यादव, जयराम पूनिया, अशोक कुमार यादव, नेतराम गुर्जर, प्रदीप यादव, विकास यादव, हितेश सैनी, मनोज सोनी, रामवतार नाहर, मुसद्दीलाल शर्मा, रामकुमार मीणा, कमलेश पंसारी, विजेन्द्र कुमार शर्मा, विक्रम यादव यादव सहित अनेक एडवोकेट व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे को लेकर सरपंचों ने दिया समर्थन : शर्मा

## नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर उपखण्ड क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक का लिया जाएगा समर्थन, 21 ग्राम पंचायत सरपंचों ने दिया लिखित समर्थन, नेशनल हाईवे की मांग जारी



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के रामलीला मैदान में चल रहे नेशनल हाईवे 248 ए को नारायणपुर तहसील मुख्यालय से जोड़ने के लिए 9वें दिन भी पोस्टकार्ड व हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। पोस्टकार्ड अभियान में आज तक 2383 लोगों ने केंद्रीय मंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजा है। वहीं 21 ग्राम पंचायतो के सरपंचो ने अपने लेटर पैड पर लिखित में समर्थन दिया है। ग्राम पंचायत सरपंचों का कहना है कि नारायणपुर तहसील मुख्यालय से नेशनल हाईवे का निकलना अति आवश्यक है क्योंकि इस क्षेत्र का केंद्र बिंदु नारायणपुर है और सभी ग्रामवासियों की निगाहें भी केंद्र बिंदु पर टिकी हुई है। पोस्टकार्ड अभियान टीम द्वारा बताया गया कि नेशनल हाईवे की मांग को लेकर शीघ्र ही प्रत्येक ग्राम पंचायत सहित राजस्व गांवो में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया जाएगा।

# राजस्थान को देश का सबसे स्वच्छ ग्रामीण प्रदेश बनाएं, हर गांव प्रतिदिन साफ हो, यह हमारा संकल्प हो

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कोटा एवं बारां जिले की प्रगति की समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि इस साल राजस्थान को देश का सबसे स्वच्छ ग्रामीण प्रदेश बनाने का लक्ष्य पूरा करते हुए हमें ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाना है। उन्होंने कहा कि हर गांव प्रतिदिन साफ हो, यह हमारा संकल्प होना चाहिए। गांवों में प्रतिदिन झाड़ू लगे, नालियों की सफाई हो और घर-घर से कचरा संग्रहण किया जाए, इसके लिए ग्राम पंचायतों को पैसा दिया जा रहा है। दिलावर बुधवार को केडीए ऑडिटोरियम में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कोटा संभाग के कोटा एवं बारां जिले की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री दिलावर ने कहा- ग्राम पंचायतों को 80 हजार से लेकर 2 लाख 50 हजार रुपए प्रति माह तक सफाई के लिए पैसा मिलता है। इसका समुचित उपयोग करते हुए गांवों को स्वच्छ रखें। विभागीय अधिकारियों को एक हजार टीमें गठित कर प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर, वहां सफाई व्यवस्था की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर जिन ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं, अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

**गलत आंकड़े नहीं दें अधिकारी :** मंत्री ने हिदायत दी कि, स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधिकारी गलत आंकड़े प्रस्तुत नहीं करें, बल्कि जो वास्तविकता हो उसे सामने लाया जाए। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था के लिए उपलब्ध पैसा किसी अन्य कार्य के लिए काम में नहीं लिया जाए। उन्होंने जिला परिषद सीईओ, बीडीओ, एईएन एवं अन्य अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में सफाई कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी निरीक्षण के दौरान यह देखें कि गांवों में प्रतिदिन सफाई हो, घर-घर कचरा संग्रहण किया जाए एवं नालियों की पर्याप्त रूप से सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि घरों से एकत्र किया जाने वाला कचरा तय जगह पर डाला जाए।

**यह जानकारी भी ली अधिकारियों से :** दिलावर ने सीईओ जिला परिषद कोटा एवं बारां से पूछा कि उन्होंने किन-किन ग्राम पंचायतों में सफाई कार्यों का निरीक्षण किया है। उन्होंने बारां, छबड़ा, छीपाबड़ौद एवं खैराबाद के बीडीओ से ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण एवं गांवों में रात्रि विश्राम के बारे में भी पूछा। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था के रजिस्टर का सही तरीके से संधारण किया जाए और उसी के आधार पर सम्बंधित ठेकेदार को भुगतान किया जाए। मंत्री ने विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु आवासहीन परिवारों को निःशुल्क भूखंड आवंटन की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 25 हजार विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु परिवारों को पट्टा देने का लक्ष्य रखा गया है। जिन परिवारों को 2 अक्टूबर 2024 को पट्टे दिए गए थे, उनकी रजिस्ट्री भी समय पर कराई जाए और उन्हें मौके पर जाकर कब्जा दिलाया जाए। इन परिवारों को पीएम आवास योजना की सूची में शामिल कर उनके मकान बनवाने के निर्देश भी दिए।

**बर्तन बैंक के लिए हुआ एमओयू :** कार्यक्रम में सांगोद पंचायत समिति के सावन भादौ गांव में बर्तन बैंक संचालन के लिए नारायणी स्वयं सहायता समूह के साथ एमओयू किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत मंडाना में शीतला माता स्वयं सहायता समूह के साथ बर्तन बैंक संचालन के लिए एमओयू हुआ। इसके तहत स्टील के बर्तनों के 400 सेट दिए गए, ताकि सामूहिक भोजन के अवसर पर डिस्पोजल का कम से कम उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण किया जा सके और गौ माता को प्लास्टिक खाने से बचाया जा सके।प्रति बर्तन सेट 3 रुपए किराया निर्धारित किया गया है, जो स्वयं सहायता समूह द्वारा लिया जाएगा। कार्यक्रम में स्वच्छता मॉनिटरिंग के लिए एसबीएमजी राजस्थान एप लॉन्च किया गया। यह एप एन्ड्रॉयड एवं आईओएस दोनों वर्जन पर काम करेगा।

**बैठक में ये भी रहे मौजूद :** बैठक में लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, किशनगंज विधायक ललित मीणा, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, सुल्तानपुर कृष्णा शर्मा, खैराबाद कलावती मेघवाल, शाहबाद प्रधान कांति बाई, अटरू प्रधान वंदना कुमारी, छीपाबड़ौद प्रधान नरेन्द्र नागर, अंता प्रधान प्रखर कौशल, मांगरोल प्रधान चन्द्रकांता, सीईओ बारां जिला परिषद राजवीर सिंह तथा ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा सहित कोटा एवं बारां जिले के उप प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, बीडीओ, एईएन, सहायक लेखाधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी सहित पंचायती राज महकमे से जुड़े कार्मिक मौजूद थे।

## दो भाइयों ने पत्नियों और बेटी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से युवक पर किया था वार, हत्या के पांचों दोषियों को उम्रकैद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** खेत की मेढ़ तोड़ने के विवाद में युवक की हत्या कर देने के मामले में एडीजे कोर्ट क्रम 3 ने 2 भाइयों उनकी पत्नियों और बेटी को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों ने 28 साल के युवक की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार किया था। इसके बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तीन साल तक चले केस के बाद अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। सरकारी वकील अजय नंदवाना ने बताया कि अदालत ने इस मामले में रामविलास (46), उसकी पत्नी रामधनी (43), बेटी सोनू (21) और छोटे भाई देवेंद्र (40) उसकी पत्नी लीलाबाई (35) को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

### पहले मारपीट की थी

नंदवाना ने बताया कि घटना 23 मई 2022 की है। इस मामले में फरियादी मोहन लाल निवासी अमलदा ने इटावा थाने में शिकायत दी थी। इसमें बताया गया था कि सुबह 7 बजे करीब उसका भतीजा नरेंद्र (28) खेत पर जा रहा था। उसी दौरान गांव के रामविलास, उसकी पत्नी रामधनी, रामविलास के भाई देवेंद्र ने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर नरेन्द्र से गाली गलौच की।

### गर्दन पर किया कुल्हाड़ी का वार

इसके बाद रामविलास ने कुल्हाड़ी से नरेन्द्र की गर्दन पर वार किया। बीच बचाव में आए मोहनलाल और उसके परिजनों पर भी लाठी डंडों से वार किया। नरेन्द्र इस हमले में गम्भीर घायल हो गया। उसे तुरंत इटावा सीएचसी में ले जाया गया।? जहां से उसे कोटा रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान नरेन्द्र ने दम तोड़ दिया था। नंदवाना ने बताया कि मोहनलाल और रामविलास के बीच पहले से से खेत की मेढ़ तोड़ने को लेकर विवाद चल रहा था। इसकी शिकायत इटावा थाने में दे रखी थी। इसके बाद भतीजे पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गई थी।

### 19 गवाहों के कराए थे बयान

शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच कर इनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। अदालत में 19 गवाहों के बयान कराए गए थे।

## कोचिंग स्टूडेंट्स समस्या समाधान केंद्र के पोस्टर का विमोचन किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था, कोटा की ओर से कोचिंग स्टूडेंट्स समस्या समाधान केंद्र की स्थापना की गई है। इसके पोस्टर का विमोचन बुधवार को रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला एवं शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने किया। प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम मंगल ने बताया कि कोचिंग छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या रोकथाम, परीक्षा तनाव प्रबंधन, छात्रावास और रहने की समस्याओं सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। महासचिव प्रकाश तापड़िया ने बताया कि छात्रों की समस्याओं को उजागर करने एवं उनके समाधान के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र की स्थापना हुई है।प्रचार मंत्री विष्णु गुप्ता ने कहा कि यह पहल छात्रों की परेशानियों को सामने लाने और उनके लिए एक स्वस्थ एवं सहयोगी वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर पुरुषोत्तम चित्तोड़ा, राजेन्द्र जैन, गिरिराज गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, उपेन्द्र धूत, राजेश मालपानी, सोहन लाल मित्तल, रमेशचंद खंडेलवाल, मनोज गुप्ता, मोहन लाल, रमेश चंद विजय व दिनेश कंसल ने इस प्रयास की सराहना की और छात्रों के हित में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रादेशिक सेवारत वैश्य समाज, कोटा के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह पोस्टर कोटा के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाएगा, ताकि छात्रों को सही जानकारी और सहायता मिल सके।

## छात्रवृति योजनाओं के आवेदन की तिथि 30 अप्रेल तक बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विषेष समूह योजना (पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग), अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मेट्रिक छात्रवृति योजनाओं के आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 अप्रेल की गई है। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के छात्रवृति के लिए जिले की समस्त शिक्षण संस्थाएं 21 अप्रेल तक नवीन पंजीयन, पूर्व में पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्य क्रमवार फीस स्ट्रक्चर अद्यतन कर सकेंगी।

# मेवों से बनेंगे महल और देव प्रतिमाएं, 40 कारीगरों की टीम जुटी हुई, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम करेगी दर्ज

## श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति का महाछप्पन भोग 6 अप्रेल से, तीन दिन तक होंगे दर्शन

बढ़ता राजस्थान





**कोटा (राजीव सक्सेना)।** श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में 6 से 8 अप्रेल तक श्री राम धाम सेवा ट्रस्ट, अमर निवास, रावतभाटा रोड पर श्री महालक्ष्मी माता एवं खाटू श्याम नरेश श्याम बाबा का महाछप्पन भोग आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को इतना भव्य बनाया जाएगा कि इसे दर्ज करने के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम कोटा आएगी। कार्यक्रम संयोजक तथा अग्रसेन संस्कार सेवा समिति के महामंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि महाछप्पन भोग के लिए उत्तर प्रदेश के 40 कारीगरों द्वारा देसी घी से निर्मित विविध व्यंजन तैयार कराए जा रहे हैं। जो छप्पनभोग में रखे जाएंगे। आयोजन आदिगुरु शंकराचार्य एवं बड़ा भक्तमाल गौसंत सेवी ट्रस्ट रामघाट अयोध्या के महंत अवधेश कुमाराचार्य के सान्निध्य में होगा। उन्होंने बताया कि छप्पन भोग के दर्शन प्रतिदिन सुबह 6 से रात 10 बजे तक होंगे। इन्हें सर्वसमाज के लिए खोला जाएगा।

जिला अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहसंयोजक जगदीश अग्रवाल चूनेवाले ने बताया कि छप्पनभोग के दौरान चिरौंजी, शुगर फ्री, अंजीर, मूंगफली, बिस्किट, मखाना, नमकीन पिस्ता, चॉकलेट, बादाम, बताशे, चिरौंजी, अखरोट, हरी इलायची, छुआरा, पीली सरसों, नारियल, काली मिर्च, पोलो गोली, हल्दी आदि से 18 महल बनाए जाएंगे। संस्थापक अध्यक्ष टीसी गुप्ता तथा प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि राजमा से काली माता, भुने हुए चने से विष्णु भगवान, मिक्स मेवा एवं सुपारी से दुर्गा माता, बादाम और मूंगफली से साईं बाबा, मोतियों से बजरंगबली, काबुली चने से गणेश जी, मोतियों से कृष्ण कन्हैया, मखाना से गणेश जी, वर्क वाली इलाइची से लक्ष्मी जी की 9 प्रतिमाएं तैयार कराई जा रही हैं। रुचि अग्रवाल तथा सुनील गर्ग ने बताया कि महाछप्पन भोग की तैयारी में संदीप चांदीवाला, टीकम खांडवाले, अनीता मित्तल, डॉ. आरके राजवंशी, नवल गर्ग, परमानंद गर्ग, जगदीश अग्रवाल प्रॉपर्टी, नत्थीलाल अग्रवाल, हनुमान गुप्ता, सुनील निमोदिया, प्रदीप अग्रवाल, महावीर जैन, किन्नू अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, लोकेश गोयल, सुरेश अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

**कोटा के आर्थिक विकास को गति देने के लिए करेंगे प्रार्थना :** प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि महाछप्पन भोग का आयोजन कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की कमी के चलते अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को फिर से गति देने के लिए किया जा रहा है। माता लक्ष्मी को महाछप्पन भोग लगाकर उनसे कोटा की समृद्धि, प्रगति और खुशहाली की कामना की जाएगी। छप्पन भोग को तैयार करने के लिए 26 मार्च से 40 कारीगरों की टीम लगी हुई है।

**5 क्विंटल मेवे, 350 लीटर देसी घी और 12 क्विंटल शक्कर से बनेगा छप्पन भोग :** संयोजक अशोक अग्रवाल सब्जी वालों ने बताया कि महा छप्पनभोग में 5 क्विंटल मेवे, 350 लीटर देसी घी और 12 क्विंटल शक्कर का उपयोग किया जाएगा।

महल और मूर्तियां बनाने तथा विभिन्न मिष्ठान तैयार करने में डेढ़ क्विंटल काजू, 70 किलो बादाम, 14 किलो इलायची, 12 क्विंटल चीनी, 22 पीपा देशी घी, 32 किलो मखाने, 40 किलो अंजीर, 30 किलो खुरमानी, 30 किलो पिस्ता, 35 किलो छुआरे, 30 किलो शुगर फ्री, 32 किलो पोलो गोली, 35 किलो अखरोट, 14 किलो काली मिर्च, 14 किलो चिरौंजी, 12 किलो सरसों, 32 किलो हल्दी समेत विभिन्न सामग्री प्रयोग में लाई जा रही है।

## तीन माह प्रतिदिन गंगापुर सिटी-मथुरा के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्रा भार को कम करने के उद्देश्य से मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04191/04192 मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा स्पेशल ट्रेन अप्रैल से जून 2025 तीन माह तक दोनों दिशाओं में कुल 91-91 ट्रिप चलेगी। इस गाड़ी में कुल 12 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 04191 मथुरा-गंगापुर सिटी स्पेशल मथुरा से शाम 16ः15 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर रूकते हुए रात 22ः55 बजे गंगापुर सिटी पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 04192 गंगापुर सिटी-मथुरा रात 23ः25 बजे गंगापुर सिटी से प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन सुबह 07.00 बजे मथुरा पहुँचेगी।

गाड़ी के हाल्ट-यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मथुरा से गंगापुर सिटी के मध्य गोवर्धन, डीग, बृजनगर, गोविंदगढ़, रामगढ़, अलवर, राजगढ़, बाँदीकुई जंक्शन, दौसा जंक्शन, नांगल राजावतान, लालसोट, मण्डावरी, पिपलई एवं बामनवास स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए सीजन में स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## कैमरा खरीदने के नाम पर 25 हजार रुपए लेकर फरार हो गया पति,

### पत्नी ने मंगलसूत्र गिरवी रख दिए थे पैसे, परेशान महिला बीच सड़क अचेत होकर गिर पड़ी, तीन दिन तक तीन थानों में भटकने के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट, 6 बेटे के साथ परेशान हाल है महिला

बढ़ता राजस्थान





**कोटा (विनोद गौड़)।** अपने पति के गायब होने के बाद एक 30 वर्षीय महिला 6 वर्षीय बेटे को लिए हुए लगातार तीन दिन तक दो जिलों कोटा और बूंदी के तीन थानों नांता, कुन्हाड़ी व तालेड़ा के चक्कर लगाती रही। मगर कहीं पर भी सुनवाई नहीं होने पर बुरी तरह हताश, रोती-बिलखती यह महिला सोमवार रात कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर अचेत हो कर गिर गई। इस पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। साथ ही मौके पर जमा हुए लोगों ने उसे सहायता का आश्वासन भी दिया। इस बीच सूचना पाकर इस महिला का एक परिचित रामभरोस भी वहां पहुंचा। रामभरोस इसके पति के गायब होने के बाद से इसकी मदद करता रहा है। महिला इसे भाई मानती है। मामले के अनुसार बूंदी के तालेड़ा थाना क्षेत्र के बड़गाम बावड़ी निवासी महिला सोनिया का आरोप है कि उसका पति हर्षित फोटोग्राफर का काम करता है।

उसने कैमरा खरीदने के लिए उससे पैसे मांगे। इस पर उसने अपना मंगल सूत्र गिरवी रख कर 25 हजार रुपए हर्षित को दिए। इसके बाद से वह गायब है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। सोनिया का कहना है कि वह तो कुछ समझती नहीं है, इसलिए पहले नांता, फिर कुन्हाड़ी व तालेड़ा थाने में अपनी फरियाद लेकर गई, मगर किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि बाद में तालेड़ा थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई। पता चला है कि यह महिला मूल रूप से छत्तीसगढ़ निवासी है। बुरी तरह बिलखती सोनिया ने बताया कि हर्षित कई साल से उसके साथ रह है। उसकी मां उसे लेने आई थी। तब उसने उसके (सोनिया) साथ ही रहने की बात कही थी। मगर अब इसे आशंका है कि वह उसके पैसे लेकर उसकी मां के पास ही चला गया है। यहां पता चला कि हर्षित और सोनिया कानूनी रूप से विवाहित नहीं हैं। ये लम्बे समय से लिव इन रिलेशन में हैं।

**तालेड़ा थानाधिकारी ने यह बताया :** तालेड़ा थानाधिकारी अजीत बड़गोलिया ने बताया कि सोनिया की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसने शिकायत दी है कि उसका पति हर्षित फोटोग्राफी का काम करता है। कैमरा खरीदने के लिए उसने पैसे मांगे तो मंगलसूत्र गिरवी रख 25 हजार रुपए दिए। मगर तब ही से वह गायब है। उसे ढूंढ कर उससे पैसे भी दिलवाए जाएं।

# कोचिंग स्टूडेंट्स समस्या समाधान केंद्र के पोस्टर का विमोचन किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था, कोटा की ओर से कोचिंग स्टूडेंट्स समस्या समाधान केंद्र की स्थापना की गई है। इसके पोस्टर का विमोचन बुधवार को रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला एवं शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने किया। प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम मंगल ने बताया कि कोचिंग छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या रोकथाम, परीक्षा तनाव प्रबंधन, छात्रावास और रहने की समस्याओं सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। महासचिव प्रकाश तापड़िया ने बताया कि छात्रों की समस्याओं को उजागर करने एवं उनके समाधान के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र की स्थापना हुई है। प्रचार मंत्री विष्णु गुप्ता ने कहा कि यह पहल छात्रों की परेशानियों को सामने लाने और उनके लिए एक स्वस्थ एवं सहयोगी वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर पुरुषोत्तम चित्तोड़ा, राजेन्द्र जैन, गिरिराज गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, उपेन्द्र धूत, राजेश मालपानी, सोहन लाल मित्तल, रमेशचंद खंडेलवाल, मनोज गुप्ता, मोहन लाल, रमेश चंद विजय व दिनेश कंसल ने इस प्रयास की सराहना की और छात्रों के हित में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रादेशिक सेवारत वैश्य समाज, कोटा के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह पोस्टर कोटा के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाएगा, ताकि छात्रों को सही जानकारी और सहायता मिल सके।





# कैलादेवी झील का बाड़ा रेलवे फाटक पर बन रहा अंडरपास

## फिलहाल कार्यवाहक मेले की वजह से चालू किया

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** जिले के प्रमुख आस्था धाम श्री कैलादेवी झील का बाड़ा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबर है। राज्य सरकार की डिमांड पर रेलवे प्रशासन कैलादेवी झील का बाड़ा रेलवे फाटक पर अंडर पास का निर्माण कर रहा है। 2 महीने से अंडरपास निर्माण का युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। बयाना- भरतपुर रेल मार्ग पर कैला देवी रेलवे स्टेशन के निकट फाटक संख्या 226 को खत्म कर उसके स्थान पर अंडरपास बनाया जा रहा है। अंडरपास निर्माण कार्य करीब 2 महीने पहले शुरू हुआ था रेलवे अधिकारियों के मुताबिक 75 फ़ीसदी काम पूरा हो चुका है आने वाले एक-डेढ़ महीने में काम पूरा कर दिया जाएगा। अंडरपास निर्माण होने के बाद कैला देवी झील का बाड़ा आने वाले श्रद्धालुओं समेत आसपास के करीब एक दर्जन गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही वैर उपखंड की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि रेल दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से कई स्थानों पर फाटक खत्म कर अंडर पास बनाए जा रहे हैं। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) अमित कुमार भारती ने बताया कि कैलादेवी झील का बाड़ा में चैत्र नवरात्र लक्खी मेला शुरू हो चुका है। श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए अंडरपास से होकर ट्रैफिक शुरू कर दिया है। हालांकि फिनिशिंग, सड़क व शेड निर्माण का कार्य मेला समाप्ति के बाद होगा। अंडरपास निर्माण के दौरान वाहनों को पहले फाटक संख्या 227 बीरमपुरा और 225 अगावली होकर डायवर्जन करके निकाला जा रहा था।

पहले अंडरपास निर्माण के दौरान फाटक खत्म होने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। क्योंकि वैकल्पिक मार्गों पर सर्विस रोड नहीं बनाई गई है। लोगों को राहत मिट्टी के बीच से गुजरना पड़ता था। इससे वाहन फंस जाते था। हालांकि रेलवे प्रशासन का दावा है। इसके साथ ही फाटक से फरसो गांव जाने वाला रास्ता भी ब्लॉक हो गया था।

# अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीद सैनिक मरते नहीं अमर हो जाते हैं : विधायक डॉ. ऋतु बनावत

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास उपखण्ड क्षेत्र के जटमांसी के शहीद नंदकिशोर राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में शहीद नंदकिशोर की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को मूर्ति अनावरण एवं सम्मान समारोह प्रधानाचार्य नवीन लवानियां की अध्यक्षता में आयोजित किया हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि बयाना रूपबास विधायक डॉक्टर ऋतु बनावत ने कहा कि देश की रक्षा करते हुए मातृभूमि पर अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीद सैनिक मरते नहीं अपितु सदा सदा के लिए अमर हो जाते हैं यह बात क्षेत्रीय विधायक ऋतु बनावत ने गांव नगला जटमासी के शहीद नन्द किशोर राप्रावि परिसर में शहीद नन्द किशोर की पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहे ।विधायक डॉक्टर बनावत ने कहा कि जब तक देश की सीमा पर वीर सैनिक मुस्तैद खड़े हुए हैं तव तक देश का आमजन अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। एक सैनिक ही होता है जो विषम परिस्थितियों में भी देश की रक्षा करते हुए शहीद हो जाता है उनमें से ही एक हमारे क्षेत्र के ही नहीं हमारे भाई शहीद नन्द किशोर है जो कि आज के दिन ही राजौरी पुंछ सेक्टर में वर्ष 2002 में शहीद हो गए थे। ग्रामीणों ने शहीद नंदकिशोर राजकीय प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्नत करवाने की मांग की तो विधायक डॉक्टर ऋतु बनावत ने कहा कि में हर संभव विद्यालय के क्रमोन्नति के साथ साथ क्षेत्र की हर जरूरत को पूरा कराने की कोशिश करूंगी क्योंकि यह मेरा केवल विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि रूपबास क्षेत्र मेरा ससुराल भी है और यहां की सेवा करना और हर जरूरत को पूरा कराना मेरा धर्म है और में इससे पीछे हटने वाला नहीं हूं। मूर्ति अनावरण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बयाना रूपबास विधायक डॉ. ऋतु बनावत के अलावा विशिष्ट अतिथि कर्नल वीरेंद्र सिंह ठैनुआ, कैप्टन जयसिंह फौजदार,केशव कमाण्डो, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, रूपबास अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर,प्रेम सिंह, सूबेदार राजवीर सिंह, कमलसिंह तंवर, पदमसिंह, पूर्व सरपंच रनवीर सिंह, श्याम सिंह, सैनिक कल्याण समिति अध्यक्ष गोरधन सिंह, करनैल सिंह, गनपत सिंह, नरोत्तम सिंह, प्रधानाचार्य नवीन लवानिया आदि ने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व अतिथियों ने शहीद नन्द किशोर की प्रतिमा का अनावरण कर माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर सम्मान किया व शहीद नन्द किशोर अमर रहे नारों से पाण्डाल गूंज उठा। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक ऋतु बनावत ने शहीद की पत्नी वीरांगना मंजू देवी का शाल ओढ़ाकर व पुष्प भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन लवानिया ने आभार व्यक्त किया व संचालन शिक्षा विद पदमसिंह व कमल सिंह तंवर ने किया।

# अंधत्व निवारण सप्ताह में विचार गोष्ठी आयोजित देश में 10 मिलियन लोग अंधेपन से पीड़ित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** दृष्टि के बिना विश्व सूना है। भारत में 10 मिलियन लोग अंधेपन से पीडित हैं तथा दुनियाभर में अंधे लोगों की संख्या 37 मिलियन है। उन्होंने बताया कि अंधेपन के मुख्य कारण ट्रेकोमा, मोतियाबिन्द, विटामिन ए की कमी, कुपोषण और दान की गयी आंखो की कमीं है। अंधता निवारण के लिए आमजन में इसके प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रूबेला और खसरा टीकाकरण के माध्यम से जन्मजात नेत्र रोगों की रोकथाम करना, जरूरतमंद व्यक्ति को प्रत्यारोपित करने के लिए नेत्र और कार्निया दान के लिए लोगों में जागरूकता, नेत्र देखभाल का ज्ञान, नेत्र संबंधी बीमारियों तथा मोतियाबिन्द का समय पर उपचार तथा दृष्टि दोषों के लिए उचित चश्मा की निशुल्क व्यवस्था होना आवश्यक है। यह कहना है महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉ. उदय भान सिंह कृषि महाविद्यालय भुसावर में अंधत्व निवारण सप्ताह के तहत विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे! डॉ सिंह ने कहा क्ष गर्मी के मौसम में आँखों से जुडी समस्याएँ बढ जाती हैं, जिससे आँखों में जलन और दीर्घकालिक नुकसान का जोखिम बढ़ता है। उन्होंने नेत्रों की नियमित जाँच कराने तथा आँखों की चोटों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। ग्लूकोमा को दृष्टि का मूक चोर कहा जाता है और यह अंधेपन का कारण बन सकता है। दृष्टि ईश्वर का एक अनमोल उपहार है, इसे बचायें। विचार गोष्ठी में डॉ. एस.एल. यादव व डॉ. बी. एल. जाखड ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पीएनबी प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक बने शैलेंद्र सिंह परमार, राजस्थान अंचल में द्वितीय स्थान

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास शहर निवासी शैलेंद्र सिंह परमार पंजाब नेशनल बैंक की आंतरिक पदोन्नति परीक्षा में प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर पदोन्नत होने पर रूपबास क्षेत्र के निवासियों ने मिठाई खिलाकर शैलेंद्र सिंह परमार का अभिनंदन किया तथा लोगों ने साफा व माला पहनाकर कर सम्मान किया। खुशी का इजहार करते हुए रूपबास निवासी नरेंद्र सिंह परमार ने बताया कि शैलेंद्र सिंह परमार आंतरिक पदोन्नति परीक्षा में भरतपुर मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा राजस्थान अंचल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपना ही नहीं बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन किया है इसके लिए हम सभी क्षेत्रवासी शैलेंद्र सिंह परमार को धन्यवाद देते हैं। अभिनंदन समारोह में रूपबास ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा कांग्रेस के वर्तमान जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि शैलेंद्र सिंह परमार मिलनसार मृदु भाषी और सभी के कार्यों को तुरंत करने वाले व्यक्तित्व के धनी होने के साथ साथ समाजसेवा में भी आगे रहते हैं। सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर रुचि लेते हैं। इस मौके पर भाजपा के नेता धीरज शुक्ला ने कहा कि शैलेंद्र सिंह परमार हर व्यक्ति के सुख दुख में साथ रहते ही हैं मगर इनके पिता गोविंद सिंह परमार सेवानिवृत शिक्षाविद भी महान समाज सेवी हैं और समाज के कार्यों में बढ़चढकर पहल करते हैं। शैलेंद्र सिंह परमार ने सभी बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर रूपबास क्षेत्र के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# बयाना में गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू

## किसान से पहले दिन 19 किवंटल गेहूं खरीदा समर्थन मूल्य 2575 रुपए प्रति किवंटल

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने मंगलवार से बयाना में गेहूं की खरीद शुरू कर दी है। कनावर गांव के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र को खरीद केंद्र बनाया गया है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि गोपाल गुर्जर और अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में खरीद की शुरुआत हुई।

किस्म निरीक्षक संतोष कुमार मीना के अनुसार, पहले दिन बिडयारी गांव के किसान दामोदर शर्मा से 19 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। राज्य सरकार की ओर से 150 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। इस तरह किसानों को कुल 2575 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे। भुगतान प्रभारी सौरभ पांडे के अनुसार, किसानों को उनके जन आधार से जुड़े बैंक खाते में 48 घंटे के भीतर पैसे मिल जाएंगे।

किसान अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र या खरीद केंद्र पर पंजीकरण करा सकते हैं। अभी तक 25 किसानों ने पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम में राजवीर सिंह, दौलत राम शर्मा, उदयभान शर्मा, भगवान सिंह और रामवीर गुर्जर समेत कई किसान मौजूद थे।



# प्रशासनिक अधिकारी काम करो या रूपबास से चले जाओ वरना रूपबास जागेगा, प्रशासन भागेगा

## बाजार में सांडों का आतंक विधायक के ससुर की ले चुके हैं जान, प्रशासन मौन

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास के मुख्य बाजार एवं बस स्टैंडों पर गाय तथा सांडों का आतंक इस कदर है कि आमजन की जान पर बन आती है। करीब एक साल के दौरान बयाना रूपबास विधायक डॉक्टर ऋतु बनावत के ससुर एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल के पिता स्वर्गीय रमेश बंसल को बाजार में सांड ने सींगों पर उठाकर पटक दिया था जिसमें कुछ दिनों में उनकी मौत हो गई थी तथा आए दिन लोगों को सामान सहित गिराने सामान को जबरदस्ती छीनकर फैलाना तथा मारने को आतुर हो जाना जानलेवा स्थिति बनी हुई है आज ग्रामीणों ने अधिशासी अधिकारी योगेश पिप्पल को ज्ञापन देकर सांडों से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है। सांडों के आतंक का शिकार बयाना में एक अध्यापक मोहन लाल शर्मा भी सब्जी ले जाते समय सांड द्वारा उठाकर पटक देने की वजह से अपनी जान गंवा चुके हैं। कितनी मौतों का इंतजार है प्रशासन को और कब नींद से जागेगा प्रशासन ।बाजार में बात करते समय एक बुजुर्ग ने कहा कि प्रशासन नाम की रूपबास में चीज ही नहीं है यहां तो अधिकारियों की चापलूसी करने वाले बता देते हैं कि आप मस्त रहो यहां बोलने वाला कोई नहीं है। बुजुर्ग ने कहा अखबार के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी और उनके चमचे सुन लें रूपबास जागेगा तो प्रशासन रूपबास छोड़कर भागेगा। रूपबास जब तक सोता है तब तक शांत लेकिन जिस दिन जागा है उस दिन प्रशासन रूपबास छोड़कर भागा है। इसीलिए एक नेक सलाह है कि समय रहते सुधार कर लो जनता की सेवा करने आए हो मजे करने नहीं जरूरी काम करने पड़ेंगे नहीं तो कोई चमचा या जनप्रतिनिधि बचा नहीं पाएगा।

# टिटहरी ने ऊंचाई पर दिये चार अंडे अच्छी बारिश होने का संकेत

बढ़ता राजस्थान



**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )-।** किसान टिटहरी के अंडों से बारिश का अनुमान लगाते हैं मान्यता है कि टिटहरी जितने अंडे देती है उतने ही महीने बारिश होती है तथा ऊंचाई पर अंडे देने से अधिक बरसात का अनुमान लगाया जाता है। किसानों के लिए टिटहरी का अंडे देना बरसात का शुभ संकेत माना जाता है। कस्बा निवासी किसान सतीश चंद्र सैनी पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि उसकी बगीची पर पाटोर पोश के ऊपर टिटहरी ने चार अंडे दिए हैं जो आपस में चिपक रहे हैं। मान्यता के अनुसार इस वर्ष भी चार महीने अच्छी बारिश होने की पूरी-पूरी संभावना है। किसान केशव ने बताया कि टिटहरी ने ऊंचाई पर अंडे दिए हैं इसलिए मान्यता के अनुसार चारों महीने अच्छी बरसात होने के शुभ संकेत मिल रहे हैं।

# बयाना में अब जल्द बनेगा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बस स्टैंड : जगह का हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना में अब जल्द ही यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बस स्टैंड की सौगात मिलेगी। इसके लिए जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने जमीन का आवंटन कर दिया है। बता दें कि 19 फरवरी को राज्य सरकार ने बजट में बयाना में नवीन बस स्टैंड बनाए जाने की घोषणा की थी। बजट घोषणा की पालना में एसडीएम के प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर ने बस स्टैंड भवन निर्माण के लिए जमीन का आवंटन किया है। एसडीएम दीपक मित्तल ने बताया कि वैर रोड पर राजकीय पीजी महाविद्यालय के सामने बस स्टैंड निर्माण के लिए 7 हजार वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया कर बस स्टैंड भवन निर्माण शुरू किया जाएगा। प्रशासन सरकार की बजट घोषणाओं के जल्द क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटन होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। गौरतलब है कि बयाना में पिछले 30 सालों से बस स्टैंड बजरिया इलाके में जैन समाज की किराए की जमीन पर चल रहा है। नवीन बस स्टैंड निर्माण के लिए लोगों की ओर से पिछले काफी समय से मांग की जा रही थी।

# अलवर से बयाना चलने वाली रोडवेज बस को किया बाड़ी तक

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** बयाना वासियों जानकर बड़ी प्रसन्नता होगी कि अलवर बयाना चलने वाली बस को बाड़ी तक चलाया जाएगा। रोडवेज अलवर ट्रैफिक चीफ अनिल पाराशर ने बताया कि जो बस अलवर से बयाना के लिए चलती थी और बयाना से अलवर को चलती थी उस बस को 1अप्रैल सोमवार से बयाना के बाद बाड़ी के लिए चलाया गया है। और नाइट स्टे कर सुबह बाड़ी से बसेड़ी बयाना वैर भुसावर छोकरवाड़ा खेड़ली कटुमर नगर होते हुए वापस अलवर तक जाएगी। पाराशर ने बताया हे कि बाड़ी से यह बस सुबह 5.40 पर चलकर , 6.10 बसेड़ी तथा 7.45 बयाना आएगी व छोकरवाड़ा खेड़ली होते हुए दोपहर लगभग 12 बजे अलवर पहुंचेगी। जो अलवर से दोपहर 2.10 पर चलकर शाम 6.15 बयाना होते हुए रात 8.30 पर बाड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार दूसरी बस अलवर से सुबह 7.30 पर चलकर 12.30 बयाना 2.00 बसेड़ी होते हुए 2.15 पर बाड़ी पहुंचेगी। जो दोपहर 3.00 बजे बाड़ी से चलकर 3.20 बसेड़ी से चलकर बयाना होते हुए रात्रि को अलवर पहुंचेगी।

# ब्रह्मबाद टोल प्लाजा पर अवैध टूल लेने पर सोपा ज्ञापन थ्री व्हीलर चालकों ने एडीएम ऑफिस में किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना-रुदावल स्टेट हाईवे स्थित ब्रह्मबाद टोल प्लाजा पर टोलकर्मी नियमों के विपरीत थ्री-व्हीलर चालकों से जबरन टोल टैक्स वसूल रहे हैं। इस मनमानी के खिलाफ बुधवार को एक दर्जन से अधिक थ्री-व्हीलर चालकों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। चालकों का कहना है कि नियमों के अनुसार थ्री-व्हीलर टोल टैक्स से मुक्त हैं। फिर भी टोलकर्मी एक तरफ जाने के 50 रुपए और दोनों तरफ के 70 रुपए वसूल रहे हैं। विरोध करने पर टोलकर्मी झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। चालकों ने बताया कि 1 अप्रैल से टोल का नया ठेका शुरू हुआ है। इससे पहले कभी थ्री-व्हीलर से टोल नहीं लिया जाता था। क्षेत्र के अन्य स्टेट हाईवे पर भी थ्री-व्हीलर से टोल नहीं लिया जाता। प्रदर्शन में सत्यम, अतुल, गबरू, सुभाष, जल्लो, अभिषेक, गंगाराम, अमित, रामेश्वर, महेंद्र, नरेश और राजेश समेत कई चालक शामिल थे। एसडीएम दीपक मित्तल ने कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट एंड कॉर्पोरेशन के अधीन संचालित इस टोल प्लाजा पर अवैध वसूली से चालकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है।


# रूपबास में मैराथन दौड़ 6 अप्रैल को, सभी विद्यार्थी ले सकते हैं भाग मैराथन दौड़ 6 अप्रैल 2025 सुबह 6 बजे से चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपवास क्षेत्र के चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल में मैराथन दौड का आयोजन किया जाएगा। मैराथन दौड़ 6अप्रैल 2025 को सुबह 6.30बजे शुरू होगी। इसमें रूपवास क्षेत्र के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के संयोजक राकेश भातरा ने बताया कि मैराथन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को टी-शर्ट दी जाएंगी ।साथ ही उन्हें टॉप फेकल्टी से मुलाकात करने का भी मौका मिलेगा ।मैराथन के बाद योग शिक्षक छात्रों को अध्ययन में आगे बढ़ने के भी गुर सिखाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। साथ ही उन्हें पढ़ाई और अपने कैरियर के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाना है। चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल शुरू से ही इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल शानदार परीक्षा परिणाम देता आ रहा और कोशिश है कि छात्र छात्राओं को अच्छे अंक लाकर 95प्लस के लिए प्रोत्साहित करने का लक्ष्य बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है।अब शैक्षणिक स्तर की गतिविधियों में भी आयोजन शुरू किए गए हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को पहले पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए अपना नाम, कक्षा और स्कूल की जानकारी वाट्सएप नंबर पर भेजनी होगी। अधिक जानकारी के लिए राजकुमार योगी से मोबाइल नंबर 9785196689 पर संपर्क किया जा सकता है।

# शास्त्र की रक्षा के लिए घर मे शस्त्र रखना अनिवार्य, एक हाथ में भाला ओर एक हाथ में माला : स्वामी हंसराम उदासीन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने भीलवाड़ा में हरि शेवा धाम प्रांगण में चैत्र नववर्ष प्रतिपदा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रतिदिन भजन संध्या कार्यक्रम में मंगलवार को समस्त सनातन हिन्दू समाज से किया राम राम बोलने और घर में शस्त्र, दंड, अथवा लट्ठ रखने का आव्हान। महामंडलेश्वर ने कहा कि हम हिंदुओं को जाती-पंथ से ऊपर उठना है, राम राम शब्द का उपयोग ही समस्त हिंदुओ को एक दूसरे से जोड़े रखेगा। जब हिंदू राम राम बोलना चालू करेगा उस दिन हिंदू राष्ट्र होगा। भारतीय संस्कृति में राम राम शब्द का उपयोग अनादि काल से ही अभिवादन और स्मरण के लिए किया जाता रहा है, जो राम के प्रति श्रद्धा और प्रेम को दर्शाता है। स्वामी ने कहा कि आप शास्त्र अपने घर मे रखते है लेकिन शस्त्र नहीं रखते है, शास्त्र की रक्षा शस्त्र करता है। एक हाथ में भाला ओर एक हाथ मे माला, सुख चाहो तो सेवा करो सुख चाहो तो सुमिरन करो। आज से सब जन अपने घर में शस्त्र, दंड, लट्ठ अथवा भाला अवश्य रूप से रखें। इसी के साथ स्वामी हंसराम ने सबको संकल्प दिलाया जब भी हम हिन्दू मिलेंगे तो एक दूसरे को राम राम बोलेंगे। आपको बता दे कि महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम हिंदुत्व की अलख जगाने के लिए देश-विदेश में धर्म सभा, सत्संग आयोजन करते है और सनातन समाज में हिंदुत्व की अलख जगाते है। स्वामी जी भारत के साथ ही कई अन्य देशों में भी हिंदुत्व की अलख जगाने के लिए धर्मसभा करते रहे है।

# विधायक कोष से शहर में लगेंगे ए आई आधारित स्मार्ट कैमरे

## शहर की निगरानी में लगेंगे चार चांद, अतिशीघ्र भीलवाड़ा बनेगा पहला शहर, जहाँ संपूर्ण ए आइ आधारित ऑटोमेटिक सर्विलांस होगा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर शहर में स्मार्ट,ढ्ढ आधारित कैमरे लगाने की योजना को मंजूरी दी है, बीएसएनएल की मदद से कोष से शहर में लगेंगे कैमरे। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, वस्त्रनगरी में होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए व घटनाओं में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस को काफी चुनोतियो का सामना करना पड़ता है। शहर का हर एक क्षेत्र कैमरे की निगरानी में रहेगा। जिससे न केवल सम्पूर्ण भीलवाड़ा शहर को स्मार्ट कैमरों से कवर किया जाएगा बल्कि इसमें आर्टिफिसियल इंटेलीजेन्स आधारित तकनीक प्रयोग में ली जाएगी, जिससे किसी भी अपराधी या वाहन को पकड़ने में पुलिस को कड़ी मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। विधायक कोष से लगने वाले कैमरों में फेसिअल डिटेक्शन एवम फेसिअल रेकोगिनाशन के फीचर होंगे। साथ ही एंट्री, एग्जिट पॉइंट्स पर लगने वाले एडवांस नंबर प्लेट रेकोगिनाशन कैमरों की मदद से वाहनों के नम्बर प्लेट भी रिकॉर्ड किये जा सकेंगे इससे यदि किसी भी अपराधी या वाहन के नम्बर को पहले से सर्विलांस में डाल दिया जाए तो सिस्टम उसके आने की सूचना स्वत: ही कंट्रोल रूम में दे देगा। एसपी धर्मेंद सिंह द्वारा मैनुअल मोनिटरिंग को दुरुस्त करने के लिए पहले से निर्देश दिए गए है जिनके अनुसरण में सीसीटीवी फुटेज से चेहरे एक्सट्रेक्ट करने जैसे कार्य प्रगति पर है। ज़िला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा योजना को त्वरित गति से लागू करने के निर्देश दिए गए है,साथ ही अतिशीघ्र इन कैमरों को ऑटोमेटिक चालान सिस्टम से कनेक्ट करने एवम वाहनों की गति नियंत्रण एवम ट्रैफिक व्यवस्था हेतु प्रयोग में लेने की बात कही।

**अतिशीघ्र भीलवाड़ा बनेगा पहला शहर जहाँ संपूर्ण ए आई आधारित ऑटोमेटिक सर्विलांस होगा :** विधायक कोठारी ने बताया कि शहर की सुरक्षा एवम शांति उनका दायित्व है। असामाजिक तत्वों द्वारा शहर की फिजा व माहौल खराब किये जाने पर आमजनता व गरीब रेडी वालो, सब्जी वालो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस को ध्यान में रखते हुए बीएसएनएल को विधायक कोष से त्वरित रूप से एडवांस कैमरे लगाने के निर्देश दिए गये है। जिसकी सम्पूर्ण राशि विधायक कोष से खर्च की जाएगी। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर शहर में एडवांस कैमरे स्थापित होंगे, जिनका फीड लोकल थानों के अलावा कंट्रोल रूम एवम अभय कमांड सेंटर अजमेर में दिया जाएगा। कैमरे सुचारू रूप से चले इसके लिए फेलियर का नॉटिफिकेट स्वयं एसपी, जिला कलेक्टर एवम शहर विधायक को भी जाएगा।

# संतो व श्रद्धालुओं ने 5100 अंखड दीप व माता वैष्णो देवी के दरबार के किये दर्शन

## हरि शेवा धाम में श्रद्धालु पहुंचकर कर रहे दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** वस्त्रनगरी में पहली बार संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज की पहल व हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में हरि शेवा धाम में माता वैष्णो देवी का दरबार सजाया गया ओर 5100 अखण्ड दीप प्रज्वलित किए गए है। यह 5100 दीपक पूरी नवरात्र अवधि में प्रज्वलित रहेंगे। देश व विदेश से बड़ी संख्या में संत, श्रद्धालु, संघ के वरिष्ठ प्रचारक दीपक दर्शन एवं माता वैष्णोदेवी के दरबार तक 120 फीट लंबी गुफा के माध्यम से पहुंचकर दर्शन का लाभ प्राप्त कर रहे है। आज दिनांक 2 अप्रैल बुधवार को अजमेर से महंत स्वरूपदास, महंत अर्जनदास एवं पुष्कर राज से महंत हनुमान राम, इंदौर से माधव दास, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक नंदलाल बाबा जी व जोधपुर प्रान्त के संघ चालक हरदयाल भाईसाहब सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व सनातनी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आरती की। महामंडलेश्वर द्वारा सर्व सनातन समाज में सुख शांति व समृद्धि की कामना की गई। वहीं आश्रम परिसर में चैत्रीय नवरात्रि मे 31 वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा दो शतचंडी, सवा लक्ष महामृत्युंजय जप, नवान्हपारायण रामचरितमानस पाठ, नित्य मण्डल पूजन, नित्य रुद्राभिषेक, नित्य दुर्गा हवन और कनकधारा पाठ, श्रीसुक्त पाठ, गोपाल सहस्त्रनाम पाठ आचार्य सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में काशी वृन्दावन के विद्वानों द्वारा संपादित हो रहे है।

# अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा मेवाड़ अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापक घनश्याम विजयवर्गीय 226 मतों से विजय

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष का भव्य आतिशबाजी के साथ कपासन में स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के मेवाड़ अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक घनश्याम विजयवर्गीय 226 मतों से विजयी होने पर समाजजनों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से माल्यार्पण एवं भव्य आतिशबाजी के साथ विजय जुलुस निकाला गया। जानकारी अनुसार अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा चुनाव 2025 के अन्तर्गत 30 मार्च को मेवाड़ में विजयवर्गीय समाज द्वारा स्थापित 18 मतदान केन्द्रो पर 2142 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया।मतदान बाद समीपवर्ती रेलमंगरा में मतदान पेटियों का संकलन कर चुनाव प्रभारियों की उपस्थिति में 1 अप्रैल को मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ।जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कपासन घनश्याम विजयवर्गीय 226 मतों से विजयी हुवे।उक्त चुनाव में अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्व महासभा के अध्यक्ष पद हेतु 3 प्रत्याशियों द्वारा चुनाव में भाग लिया गया।जिसमें विजयवर्गीय समाज के पंजीकृत 2949 में से कुल 2142 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। इस दौरान विजयवर्गीय वैश्य महासभा के केन्द्रिय मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामस्वरूप विजयवर्गीय,प्रादेशिक निर्वाचन अधिकारी सुरेश विजयवर्गीय रेलमंगरा द्वारा मतगणना उपरान्त घनश्याम विजयवर्गीय को 226 मतों से विजयी घोषित किया गया।उक्त मतदान में अध्यक्ष प्रत्याशी घनश्याम विजयवर्गीय को 1169,मदनलाल 943 एवं ओमप्रकाश को 22 मत प्राप्त हुवे तथा 8 मत खारिज हुवे। समाज सदस्य एवं नगर पालिका कपासन पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि इस दौरान पूर्व मेवाड़ अध्यक्ष देवीलाल विजयवर्गीय,जगदीश विजयवर्गीय,सुरेश कोठारी,उदयपुर अध्यक्ष विजय कुमार विजयवर्गीय,राजेन्द्र विजयवर्गीय भीलवाडा, मनोहर विजयवर्गीय भीलवाडा,हेमन्त विजयवर्गीय भीलवाडा,नटवरलाल विजयवर्गीय,नरेन्द्र कुमार विजयवर्गीय,रामप्रसाद विजयवर्गीय दरिबा,सुनिल कोठारी,राजु कोठारी अध्यक्ष सनवाड,कपिल कोठारी, दिनेश विजयवर्गीय कांकरवा,राहुल विजयवर्गीय, अनुराग विजयवर्गीय,केसरीमल विजयवर्गीय, सुनिल विजयवर्गीय,महिला अध्यक्ष निवेदिता विजयवर्गीय,चेतना, रेखा, भाविका,कुसुम,पुनम विजयवर्गीय, अर्चना, संगीता, स्नेहलता,मंजु,पायल,नेहा,सुनिता,कला,अन्नू आदि समाजजन उपस्थित रहे।

# आगामी महावीर जयंती की तैयारी हेतु सकल जैन समाज कपासन की बैठक का आयोजन

## शोभायात्रा के बाद समारोह में समाज की प्रतिभावों का सम्मान होगा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** आगामी महावीर जयंती की तैयारियों को लेकर स्थानीय सकल जैन समाज बैठक का मंगलवार रात्रि आयोजन किया गया।जिसमे उपस्थित समाज पदाधिकारियों से सुझाव के साथ विस्तृत चर्चा की गयी।

जानकारी अनुसार नगर कपासन में महावीर जन्म कल्याण महोत्सव को उत्साह एवं हर्षौल्लासपूर्वक मानने अंबेश भवन मे सकल जैन समाज की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी।जिसके अंतर्गत 10 अप्रैल महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ओसवाल पंचायत भवन से होगा।इसके बाद नगर के मुख्य मार्गो से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। उक्त शोभायात्रा यथास्थान पहुंच सम्पन्न होगी।इसके बाद विशाल धर्मसभा मे साधु-साध्वीयों के प्रवचन होंगे। यहां जैन समाज द्वारा प्रतिभावान समारोह का आयोजन किया जायेगा।जिसमे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित होंगे। इस सकल जैन समाज की बैठक मे श्रमण संघ सदस्य शंकरलाल लोढा,रूपलाल डांगी,प्रकाश आंचलिया, हेमंत सिरोया,निर्मल सांवला,पुखराज चंडालिया,सुरेश बापना,महावीर नवयुवक मंडल अध्यक्ष कपासन राहुल हिगड़,अशोक बापना,साधुमार्गी जैन संघ नंदलाल सिरोया,संपतलाल हिगड़,सुरजीत चंडालिया, अभिषेक दुग्गड़,संजय मारवाड़ीशांतक्रांति संघ सुगन बाघमार,पंकज सिरोया,ज्ञानगच्छ संघ सतीश चंडालिया,अशोक सांखला,तेरापंथ संघ चांदमल गोखरू,अजय सुराणा,मंदिर मांर्गी संघ जिनेंद्र डांगी, दिनेश मारवाड़ी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।इस दौरान समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों का श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिरोया द्वारा अभिनंदन किया गया।

# मलेरिया नियंत्रण के लिए क्रैश कार्यक्रम शुरू

## जिले में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए 14 मई तक चलेगा विशेष अभियान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राज्य में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया क्रैश कार्यक्रम 2025 (प्रथम चरण) की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल से 14 मई 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने और मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 सीपी गोस्वामी ने बताया कि मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और राज्य को मच्छर जनित रोगों से मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में 14 मई तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत मच्छर प्रजनन स्थलों पर विभिन्न नियंत्रण उपायों को अपनाया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से सोर्स रिडक्शन के माध्यम से मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों को समाप्त किया जाएगा। एन्टीलार्वल और एन्टी एडल्ट गतिविधियाँ: लार्वा और व्यस्क मच्छरों को नष्ट करने के लिए उचित दवाओं का छिड़काव किया जाएगा। जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर व्यापक स्तर पर आईईसी गतिविधियां संचालित की जायेगी। ड्राई-डे व लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से समुदाय को मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डिप्टी सीएमएचओ डॉ0 प्रवीण झरवाल ने बताया कि मलेरिया क्रैश प्रथम चरण के कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तर पर पॉजिटिव केसों के लिए समयबद्ध सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टी एडल्ट व विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के आयोजन करने के साथ ही बायोलॉजिकल कंट्रोल की रणनीति को भी अपनाया जाएगा।

# भीलवाड़ा से सम्मेद शिखर जी की यात्रा के लिए 70 यात्रियों का दल पहाड़ की वंदना कर लौटा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मधुबन शाश्वत जैन तीर्थ सम्मेद शिखर जी की वंदना कर भीलवाड़ा,बिजयनगर, ब्यावर के 70 यात्रियों का दल भीलवाड़ा निवासी मुकेश पाटोदी के नेतृत्व में सकुशल 5 दिवसीय यात्रा कर लौटा। इस दौरान संयोजक मुकेश पाटोदी ने बताया कि यात्रा मे यात्रियों ने पहाड़ की चढ़ाई के दौरान विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठान, प्रार्थना और ध्यान सत्रों में हिस्सा लिया। आयोजकों के अनुसार, यह यात्रा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मिक संतुलन प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम रही। दल के सदस्यों ने बताया कि पहाड़ की शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सम्मेद शिखर जी का आशीर्वाद उन्हें नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है। यात्रा के दौरान सभी यात्रियों ने भजन संध्या,विधान पूजा का सातिशय पुण्य का अर्जन किया। इस अवसर पर सभी यात्रियों ने मुकेश पाटोदी का स्वागत कर अभिवादन किया। यात्रा के दौरान महेंद्र पाटोदी,मनोज जी पाटोदी,परम गुरु भक्त अक्षत जैन, अरिहंत गोधा, अंशुल जैन, शुभम जैन, सुशील अजमेरा, सुधीर अजमेरा,पारस अग्रवाल, सहित कही यात्री उपस्थित रहे।

# कर्मचारी महासंघ भामसं ने की शिक्षा मंत्री मदनजी दिलावर से मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं के प्रदेश अध्यक्ष मेघवाहन सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मदन माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से उनके कोटा स्थित निजी निवास पर मिला। बूंदी जिले में होने वाले 26 व 27 अप्रैल को राष्ट्रीय अधिवेशन में आने का निमंत्रण दिया तथा कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की। महासंघ भामसं के जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित ने बताया कि माननीय शिक्षा मंत्री से शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारियों तथा प्राचार्य के पदोन्नति के पश्चात नई पदस्थापन तथा तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी में पदोन्नति संबंधी कई मांगों पर चर्चा की। जिस पर शिक्षा मंत्री द्वारा जल्द ही सभी समस्याओं का निराकरण करने का सकारात्मक आश्वासन दिया तथा राष्ट्रीय अधिवेशन में आने की स्वीकृति प्रदान की। प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री सुदेश गौतम, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक जादूगर, कोषाध्यक्ष ऋषि राज कुमावत, जिला उपाध्यक्ष गिरिराज बसुवाल उपस्थित रहे।

# प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता के चैत्र नवरात्रि मेले में आयोजित भव्य भजन संध्या में श्रद्धालु झूम उठे

## महाभंडारे में 15 सदस्यीय दल बना रहा मुला मातारानी का प्रसाद

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर के राजमार्ग समीप स्थित प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित नो दिवसीय धार्मिक मेले के तीसरे दिवस मेले के रंगमंच पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमे भक्त एवं श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर झूम उठे। मुला माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि मेले रंगमंच पर मंगलवार को दिनेश सपेरा एंड टिम तथा कांकरोली के भजन गायककार गोपाल राव द्वारा मातारानी एवं भेरूजी आदि भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी।जिस पर भक्त एवं श्रद्धालु मातारानी की भक्ति में ओतप्रोत होकर झूम उठे।इस दौरान हास्य कलाकार पुष्कर मेवाड़ी,दिनेश सपेरा द्वारा नृत्य कलाकार अंकित बाबू,संपत मेवाड़ी, गायक गोपाल राव,गायिका किरण वैष्णव आदि कलाकारों द्वारा मेलार्थियों का मनोरंजन किया गया। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पुरातात्विक महत्व के प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर आयोजित नो दिवसीय भव्य मेले एवं मुला मातारानी के दर्शनार्थ आगंतुक श्रद्धालुओ हेतु मंदिर ट्रस्ट द्वारा महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे पांडोली स्टेशन ग्राम के हलवाई झमकलाल सहित 15 सदस्यीय दल भोजनशाला में मुला मातारानी का प्रसाद बनाने में जुटा हुआ है।

जिसके अंतर्गत मंगलवार को महाभंडारे में भक्तों के लिए मालपूए का महाप्रसाद बनाया गया।इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक चंडालिया,पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रमोद बारेगामा, भामाशाह चुन्नीलाल धोबी,अंबालाल धोबी,पन्नालाल धोबी,उत्तमचंद आचार्य,राजमल गाडरी आदि गणमान्यजनों का मुला माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्वागत किया गया। इधर मुला माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि मेले के रंगमंच पर आज 3 अप्रैल को बालूराम गाडरी द्वारा बगड़ावत कार्यक्रम तथा 4 अप्रैल किशन पनोतियां द्वारा भव्य बगड़ावत व 5 अप्रैल को एक शाम मुला माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

# विधायक कोठारी ने एशिया के प्रथम गौ अभयारण्य के भूमि पूजन में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित एशिया का प्रथम गौ अभयारण्य श्री कामधेनु गौ अभ्यारण्य सालरिया, मालवा स्थापित की है, जिसका भूमि पूजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, 1 जनवरी 2023 से विश्व प्रसिद्ध श्री गौधाम महातीर्थ पथमेड़ा के संस्थापक गोऋषि स्वामी दत्त शरणानंद के सानिध्य में संचालित हो रहा है, उक्त गौ अभ्यारण में वर्तमान में सवा छः हजार गोवंश मातृत्व भाव से सेवा पा रहे हैं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में भारतीय नूतन वर्ष 2082 गोवंश रक्षा वर्ष मनाने का तय किया है। दिनांक 30 मार्च से 12 अप्रैल 2025 तक आयोजित वेदलक्षणा आराधना गो महोत्सव में श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के संरक्षक गौभक्त, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने भाग लेकर संतवृन्त - गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ में लघु उद्योग भारती के रवि जाजू, भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण डाड, विवेकानंद केंद्र के भगवान सिंह, भंवर लाल खारोल, विवेक निमावत भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय रजत पदक धारी करीना वर्मा का बैडमिंटन संघ ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी की बेटी राष्ट्रीय रजत पदक धारी करीना वर्मा का बैडमिंटन संघ ने सम्मान किया। 2 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता 30 मार्च को जयपुर में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग 2025 में रजत पदक विजेता रही बूंदी की बिटिया किरण वर्मा का जिला बैडमिंटन की ओर से अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने मुंह मीठा करा कर माल्यार्पण कर स्थानीय खेल संकुल में अभिनंदन किया । स्वागत सचिव मुकेश दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर बूंदी के नवोदित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के युवा धावक एवं जूडो खिलाड़ी कृष्णा सुमन, रागिनी ,विशाल ललित, विक्रम, विकास ,अनिल,



कौशल बड़ाना मौजूद रहे। नुवाल ने करीना को युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

गोवर्धनविलास टीम की बड़ी कार्यवाही

# मोबाईल व नगदी लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 अभियुक्त गिरफतार व 2 विधि से संघर्षरत बाल अपचारी निरूद्ध

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल भा0पु0से0 के निर्देशानुसार, गोपाल स्वरूप मेवाडा आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयपुर के सुपरविजन में सूर्यवीर सिंह राठौड़ वृताधिकारी वृत गिर्वा के निर्देशन में थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला एवं गोवर्धनविलास थाना की टीम ने प्रकरण संख्या 127/25 में एक विधि से संघर्षरत बाल अपचारी को पकड़ा। प्रकरण संख्या 128/25 में अभियुक्तगण राहुल मीणा व प्रभु मीणा को गिरफतार किया गया है तथा प्रकरण संख्या 24/25 में अभियुक्त अनिल मीणा, रोशन मीणा के साथ एक विधि से संघर्षरत बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया है। जिनसे पूछताछ में मोबाईल लूट की 45 से अधिक वारदातों का खुलासा हुआ है। जिनके कब्जे से राहगीरों से लूटे गये 11 मोबाईल फोन बरामद किये गये है। बरामद मोबाईल फोन के संबंध में गिरफतारशुदा अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ की जा रही हैं। गत 11 जनवरी को प्रार्थी बाबुलाल पिता नाथूलाल परमार निवासी खजूरी ने थाना गोवर्धनविलास पर एक प्रकरण दर्ज करवाया कि वह 16 दिसम्बर को शाम 7 बजे गांव से उदयपुर फैक्ट्री में मजदूरी करने अपने गांव जा रहा था रास्ते में खरपीना पुलिया के पास एक मोटरसाईकल पर 3 व्यक्ति जिन्होने मुँह ढके हुए थे। वह प्रार्थी का मोटरसाईकिल से पीछा करते हुए सुनसान जगह गांव खरपीणा पुलिया के पास प्रार्थी की गाडी के आगे अपनी मोटरसाईकिल लगाकर प्रार्थी को चाकू व तलवार दिखा कर प्रार्थी की जेब से नगदी लूट ली व मौके से फरार हो गये थे। उक्त घटना पर प्रकरण संख्या 25/25 धारा 126(2), 309(4) बीएनएस में दर्ज किया गया। इसी प्रकार दूसरी घटना 19 मार्च को प्रार्थीया ललिता मीणा पत्नि लोकेश कुमार निवासी सेक्टर 14 गोवर्धनविलास थाने पर एक प्रकरण दर्ज करवाया कि प्रार्थीया व प्रार्थीया की पुत्री दोनों सेक्टर 14 रोड पर पैदल चल रहे थे कि अचानक एक मोटरसाईकल पर दो लडके आये व पुत्री के हाथ से एक मोबाईल फोन झप्पटा मार कर लूट लिया व मौके से भाग गये। उक्त घटना पर प्रकरण संख्या 127/25 धारा 309(4) 3(5) बीएनएस में दर्ज किया गया। इसी प्रकार गोवधर्नविलास थानान्तर्गत कुल 6 वारदातें हुई। उक्त घटनाओं के बाद थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास करीब 100 सीसीटीवी कैमरो को चैक किया गया व पूर्व में चालानशुदा अपराधियों पर नजर रखनी शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों व आसूचना संकलन से जानकारी में आया की उक्त घटनाएं पूर्व में चालानशुदा अभियुक्त राहुल मीणा निवासी रमणी घाटी व उसका साथी एक विधि से संघर्षरत बाल अपचारी द्वारा गैंग बनाकर कर रहे हैं।



पुलिस टीम द्वारा लगातार उक्त चालानशुदा अभियुक्तगण की गतिविधीयों पर नजर रखी गई व उक्त बदमाशान के ठिकानों पर दबिश देकर उक्त चालानशुदा अभियुक्तगण को डिटेन किया गया व जिनको सख्ती से पूछताछ की गई तो उक्त दोनों ने अपने गैंग के अन्य साथियों अनिल मीणा, प्रभु मीणा के साथ मिलकर उदयपुर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 45 से ज्यादा मोबाईल लूट की वारदातों को अजाम देना स्वीकार किया है।



# भारत विकास परिषद की सूरज प्रकाश शाखा के चुनाव, जगदीश पहाड़िया बने अध्यक्ष

## संजीव गर्ग को सचिव तो पंकज चौधरी को कोष की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में भारत विकास परिषद डॉक्टर सूरज प्रकाश शाखा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक जयंत मोदी द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकारिणी का गठन किया है। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी जयंत मोदी ने बताया की डॉ सूरज प्रकाश शाखा की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ है। जिसमें सर्वसम्मति से पप्पूमल जिंदल के प्रस्ताव पर जगदीश पहाड़िया को अध्यक्ष चुना गया है। सचिव पद पर राकेश शर्मा के प्रस्ताव पर संजीव गर्ग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नरेंद्र मंगल के प्रस्ताव पर कोष की जिम्मेदारी पंकज चौधरी को सौंपी गई है। भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त सचिव डॉ शिवदयाल मंगल की निगरानी में कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि परिषद के सभी सदस्य समान है। पद एक दायित्व है जिसे हर सदस्य को बखूबी निभाना है। ऐसे में सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी से जनहित,समाज हित और लोकहित में कार्य करें। बैठक के दौरान प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी जितेंद्र जादोन ने कहा कि परिषद समृद्ध लोगों का संगठन है। जिन्हें समाज में सेवा, समर्पण,संस्कार जैसे मुक्त भाव रखते हुए सदैव तत्पर रहना चाहिए। वार्षिक चुनाव के इस कार्यक्रम में हरिओम सिंगल,उमेश सिंगल,राधेश्याम,नीरज,सुधाकर,राजीव,रजनी,महिला संयोग का मंजू अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल,महेश अवस्थी, अनीता,बबीता,कृष्णा,नेहा सहित महिला और पुरुष पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी पदाधिकारी को शुभकामना दी गई साथ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

# क्रमिक धरना 55 वे दिन भी रहा जारी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टीआर सैनी)।** राजस्व ग्रांम खानपुरा एवं टोपा को नैनवां नगर पालिका में शामिल करने के विरोध में दोनों गांव के ग्रामीणों का धरना बुधवार को लगातार 55वे दिन भी जारी रहा। ग्रांम वासियों ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। दोनों गांवों को नगर पालिका में शामिल करने का आदेश निरस्त करने की मांग की। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कई पत्र भेजने के बाद भी कोई जवाब नहीं देने से ग्राम वासियों में आक्रोश व्याप्त है। धरने पर सीताराम खानपुरा, रामकिशन गुर्जर, भीमराज मीणा,रामकरण गुर्जर, कालू लाल, मुकेश कुमार, रमेश सैनी,बंशी लाल गुर्जर, बजरंग लाल, अशोक मीणा, लालाराम, चमना लाल सहित ग्राम वासी धरने पर उपस्थित रहे।

# आठवी बोर्ड उड़नदस्ता ने किया केन्द्रो का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टीआर सैनी)।** बुधवार को 8 वीं बोर्ड उडनदस्त ने नैनवां क्षैत्र के आठवीं बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उड़न दस्ता प्रभारी राजेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य डाईट बून्दी व सहायक प्रभारी सत्यनारायण वर्मा प्रधानाध्यापक रायता ने नैनवां मे पीएम श्री राउमावि नैनवां स्थित 8 वीं बोर्ड उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र प्रभारी दुलीचंद मीणा व महावीर कहार से उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र के बारे मे गहनता से जांच की ।साथ ही उन्होने बोर्ड परीक्षा प्रभारी मंशा मीणा व 8वीं बोर्ड प्रभारी देवकी नन्दन शर्मा को बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु परीक्षा की गोपनीयता बनाये रखने के लिए विशेष निर्देश दिए। राज.अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोशिएशन जिलाध्यक्ष मोइनुद्दीन अंसारी ने उड़न दस्ता प्रभारी से सत्र 2023-24 मे डाबी व नैनवां संग्रहण मूल्यांकन केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं जांचने का कार्य करने वाले परीक्षकों का बकाया भुगतान शीघ् करवाने की मांग की है। उड़न दस्ता दल ने श्री चन्द्र सागर दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विध्यालय परीक्षा केन्द्र का भी निरीक्षण किया। जहां सभी व्यवस्थाएं सुचारू मिली। 8 वीं बोर्ड उड़न दस्ता दल ने नैनवां क्षैत्र मे ,सांवतगढ़,अनन्तगंज, रैढ़, रानीपुरा दबलाना आदि स्थानों की 8वीं बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

## जिले में 14 मई तक चलेगा मलेरिया क्रैश कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 14 मई तक मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण चलाया जाएगा। कार्यक्रम की सफल क्रियान्वित को लेकर सभी खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम की प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम व जागरूकता सबंधी गतिविधियां की जाएगी। इस संबंध में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण के दौरान बायोलॉजिकल कंट्रोल के तहत हैचरी क्रियाशील करने व स्थाई जल स्त्रोतों में लार्वा भक्षी गम्बूशिया मछली डालने के भी निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में घर-घर जाकर बुखार के मरीजों का सर्वे कर रक्त पट्टिका ली जाएगी। त्वरित जांच कर पॉजिटिव पाए जाने पर उपचार किया जाएगा। पॉजिटिव मरीजों के घरों के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर लार्वा रोधी गतिविधियां की जाएगी। सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को प्रत्येक शनिवार अपने अधीन समस्त एएनएम की टीम गठित कर स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर से एन्टीलार्वल, सोर्स रिडक्शन तथा आमजन में जागरूकता पैदा करने के साथ ही क्षेत्र के प्रत्येक सरकारी, निजी विद्यालयों में भ्रमण कर विद्यार्थियों को मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया से बचाव हेतु शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए।

# मछुआरों और नाविको के राजा भगवान निषाद राज व महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** महाराणा प्रताप सागर डेम इंडिया गेट के घाट पर बुधवार को कहार भोई मछुआ समाज के आराध्य देव भगवान निषाद राज वह महर्षि कश्यप का जन्म उत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कहार भोई कश्यप निषाद मेहरा माझी किर मल्लाह मछुआ समाज जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भोई ने की भगवान निषाद राज और महर्षि कश्यप के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और बताया कि निषादराज मछुआरों और नाविकों के राजा थे वह श्रृंगवेरपुर में राज्य करते थे भगवान श्री राम 14 साल के वनवास पर जा रहे थे तब निषादराज ने ही अपनी नाव से प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष?मण जी को गंगा नदी पार करवाई थी वे ही उस नाव के केवट थे वनवास के बाद प्रभु राम ने पहली रात निषादराज के यहां बिताई थी. राजा निषादराज ने प्रभु राम के ठहरने और भोजन का इंतजाम किया था. शृंगवेरपुर में इंगुदी (हिंगोट) के पेड़ के नीचे बैठकर प्रभु राम ने निषादराज से संवाद किया था । उनके जीवन दर्शन को प्रेरणादाई बताया उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोड़ दिया बताया कि हमारा समाज जीवन और जीवन की रचना की उत्पत्ति जितना ही पुराना है लेकिन हमारा अस्तित्व भगवान श्री राम भगवान निषाद कालू केवट महर्षि कश्यप के द्वारा किए गए कार्यों से सामने आया जिसका विवरण रामायण में मिलता है हर युग में हमने समाज की सेवा की है महाभारत काल में भी समाज के अन्य नाम का विवरण है देश में हम लोग उपजातियों से जाने जाते हैं कहार भोई कश्यप केवट मल्लाह निषाद बाथम साहनी किर तुराह बिंद मांझी एकलव्य मछुआ आदि । दुर्गेश कहार , ने बताया कि समाज को एक सूत्र में जोड़ने के लिए शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए दुर्गेश कहार,कन्हैया कहार, लखन कश्यप, धनपाल कहार, दीपक कहार, मंगल केवट, अजय कहार, ऋतिक कहार ,संतोष बाई, दीपाली बाई ,रेखा कहार, पूजा कहार आदि कई लोग उपस्थित थे।

# चैत्रीय नवरात्र में नवदुर्गा महोत्सव में मंगलवार को मेला मंच पर भीम जागरण कार्यक्रम

## बाबा साहेब की जीवनी के साथ कलाकारों ने दिया मंच से महात्मा बुद्ध का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में मां राज राजेश्वरी के मेले में नवरात्र महोत्सव का आयोजन नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। आठ दिन तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मंगलवार की रात मेला मंच पर भीम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आए समता म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने बाबा साहब और महात्मा बुद्ध को लेकर ऐसी प्रस्तुति दी की श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। जागरण कार्यक्रम का आयोजन देर रात तक चला। समता म्यूजिकल ग्रुप के वरिष्ठ कलाकार शशि भूषण ने बताया कि वह बाबा भीमराव अंबेडकर के अनुयायी हैं और उनके बताएं



मार्ग एवं महात्मा बुद्ध के उपदेशों को आम जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। जिसके लिए उनकी टीम लगातार प्रयासरत है। बाड़ी में नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके लिए वे उनके आभारी हैं। इस दौरान सभी कलाकारों का मेला मंच से मिला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज, राजवीर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी, होतम सिंह, बाइस चेयरमेन अहमद जमा खां, राजवीर कौशल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा सहित शहर के गणमान्य नागरिक और समाजसेवी मौजूद रहे।

# कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक हेतु कांग्रेस जिलाध्यक्ष चितौड़गढ़ भैरूलाल चौधरी ने दिल्ली प्रस्थान किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान के समस्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों की दिल्ली में आयोजित होने वाली संगठनात्मक बैठक में भाग लेने हेतु चितौड़गढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी ने बुधवार को प्रस्थान किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चितौड़गढ़ भैरूलाल चौधरी ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को दूरभाष संपर्क में बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस संगठन



को मजबूती प्रदान करने की दिशा में चर्चा हेतु कांग्रेस राजस्थान प्रदेश के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक का 3 अप्रैल गुरुवार दोपहर 1 बजे आयोजन होगा।जिसमे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के जिलाध्यक्षों से कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने की दिशा में विस्तृत चर्चा की जायेगी।उक्त कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में राजस्थान प्रदेश के समस्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष भाग लेंगे।

# कोतवाली थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक आगामी त्योहारों को लेकर दी जानकारी

## साइबर क्राइम और ठगी के साथ शहर में बढ़ रहे स्मैक के नशे को लेकर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के कोतवाली थाने में बुधवार को शांति समिति के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार एवं कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा के सानिध्य में किया गया। इस दौरान 6 अप्रैल को रामनवमी,12 अप्रैल को हनुमान जयंती,14 अप्रैल को बाबा साहेब बीआर अंबेडकर जयंती सहित वर्तमान में चल रहे चैत्रीय नवरात्र महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। सभी सदस्यों को एसएचओ अमित शर्मा ने आग्रह किया कि वे आगामी त्यौहारों को देखते हुए सतर्क रहें और कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई भी आपराधिक घटना या झगड़े की आशंका होने का अंदेशा होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे। एसएचओ अमित शर्मा ने सभी सदस्यों को बताया कि वर्तमान में जो साइबर क्राइम है। उसको लेकर लोगों को सचेत करना जरूरी है। क्योंकि इसमें परिवारों में रहने वाले एकल सदस्य सबसे अधिक समस्या का सामना कर रहे हैं।

ऐसे में आम जनता के बीच यह बात पहुंचे और कहीं पर भी कोई फोन आने पर या व्हाट्सएप्प कॉल आने पर पुलिस या अन्य किसी अधिकारी बनकर किसी को ठगी का शिकार बनाने वाले लोगों को बचाया जा सके एवं तुरंत पुलिस को मामले की सूचना मिल सके। इसके लिए सदस्यों को प्रयास करने होंगे। ऐसे में हर घर तक यह मैसेज पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट का शिकार लोग ना हो इसके लिए भी यह बैठक बुलाई है साथ में शहर में फैल रहे स्मेक जैसे खतरनाक नशे का शिकार युवा ना हो, इसको लेकर भी सदस्यों को जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सीएलजी टीम के सदस्य अनिल गोयल आरटीआई ने नवरात्रि मेले में सप्तमी, अष्टमी, नवमी को जाप्ता बढ़ाने तथा बालिका विद्यालय से सटकर ठेले को हटाने की मांग की गई। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ जितेंद्र गुलपारिया, डॉ आशुतोष शर्मा, राकेश दीक्षित, ज्वान सिंह मीणा, राजेश शर्मा, टीकम सिंह, सतीश प्रजापति, राजेंद्र गर्ग , मुकेश विधोलिया, रामधीश समाधियां, इसरार खां ट्रेलर, महेश भेटले, आरटीआई अनिल गोयल, लखना यादव,पार्षद राजकुमार भारद्वाज एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# धौलपुर में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार युवक से अवैध देशी कट्टा बरामद मार्च में मासूम को मारी थी गोली

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** धौलपुर पुलिस ने बसईडांग थाना क्षेत्र में फायरिंग के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गरवापुरा निवासी सौरभ (18) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार और वृत्ताधिकारी महेंद्र कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी गंभीर सिंह की टीम ने आरोपी को गरवापुरा से गिरफ्तार किया। 27 मार्च को हुई फायरिंग की घटना में एक मासूम के पैर में गोली लग गई थी। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी के पास से पुलिस ने 315 बोर का अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान जारी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी गंभीर सिंह और हेड कॉन्स्टेबल अशोक कुमार की टीम शामिल थी।

# सड़क निर्माण से उड़ती धूल से परेशान होकर दुकानदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी(अंशु गुप्ता)। नई मंडी क्षेत्र के दुकानदारों ने आरओबी से लेकर कोतवाली थाना तक चल रहे सड़क निर्माण में अनियमिताओ को लेकर बुधवार को एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन दिया है। दुकानदार प्रमोद शर्मा, दीपक बंसल व विष्णु ने बताया कि चौपड़ सर्किल से स्टेशन रोड तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें सड़क पर मिट्टी डाल रखी है। जिसके कारण दिनभर मिट्टी के गुबार उड़ रहे है। ज्ञापन में बताया कि मिट्टी उड़ने से स्थानीय दुकानदार व वाहन चालक काफी परेशान हो रहे है। दुकानदारों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि संवेदक द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान नही दिया जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच कराए व सड़क पर बिछाई गई मिट्टी को हटवाया जाए ।उक्त शिकायत को लेकर क्षेत्र के दुकानदार बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जिसमें दुकानदारों ने सड़क निर्माण में शिकायतों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

## ग्रेजुएशन डे व पुरस्कार वितरण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा सेंट पॉल सैकण्डरी स्कूल में 2अप्रैल बुधवार को यू के जी के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम उन सभी विद्यार्थियों के लिए समर्पित था, जिन्होंने अपनी शैक्षिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण सफलता के साथ पूर्ण किया। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। इसके पश्चात प्राचार्य फादर डांटी जोसफ एवं मैनेजर फादर रॉबर्ट ने सभी छात्रों को प्रमाण पत्र दिए। सभी नन्हें मुन्हो ने रैंप वाक व डांस कर के अपनी ख़ुशी को प्रकट किया। प्राचार्य फ़ादर डांटी जोसफ ने अपने उद्घाटन भाषण में सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन सभी विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है एवं नई सफर की शुरुआत है ।कार्यक्रम के दौरान ही शैक्षिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा नर्सरी से 9 के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए ।कार्यक्रम में शिक्षिका संतोष सोनी ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कविता सुनाई व अंत में भारती छाबड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है। कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं।



### नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

### अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।

### काफी कम तापमान के होते हैं कमरे

सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।


## कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर

घूमना आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है।

**प्लान करें ट्रिप :** जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहां जा रहे हैं, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

**सोच-समझकर चुनें एयरलाइन :** यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है।

# भारत के सबसे सुंदर शाही होटल, कितना है एक दिन का किराया



भारत के इतिहास की बात की जाए तो इस देश की कला और संस्कृति तमाम कहानियां अपने आप में समेटे हुए हैं। इस देश के योद्धाओं ने अपने बलिदानी खून से भारत की मिट्टी का गौरव इतिहास लिखा है। पूर्व से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक भारत प्राचीनकाल से ही कला और संस्कृति की भूमि रहा है। उत्तर में हिमालय की शक्ति शाली चोटियों से लेकर दक्षिण में उष्णकटिबंधीय समुद्र तटों तक फैली हुई, भारत की विशाल सीमाओं में कई प्रकार के विरोधाभास, परिदृश्य, संस्कृतियां और धर्म शामिल हैं। देश कई यूनेस्को विश्व धरोहरों का घर है, 7वें अजूबे ताजमहल से लेकर राजसी महलों और किलों तक, जो सैकड़ों साल पहले बनाए गए थे, आज भी भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास के समय की गवाही को बयान करने के लिए सीधे खड़े हैं। राष्ट्र में विशाल जंगल क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान और प्रकृति अभयारण्य भी हैं जो कि हाथियों, शेरों और बाघों जैसे रोमांचक वन्यजीवों के घर हैं। यहाँ हम आपको बताने जा रहे हैं भारत के शाही होटलों के बारे में, जहाँ आप भव्य विलासिता में रह सकते हैं।



### कुमारकोम लेक रिजॉर्ट, कुमारकोम-केरल

जैसा कि हम सभी जानते हैं, केरल को भगवान ने काफी फुर्सत में बैठकर बनाया है इस लिए इस राज्य का कोना-कोना बेहद खूबसूरत है। केरल को भारत का स्वर्ग भी कहा जाता है। केरल के कोट्टायम जिले में स्थित, कुमारकोम लेक रिज़ॉर्ट कई प्रकार की बाहरी और पानी की गतिविधियाँ प्रदान करता है। इसमें कई स्विमिंग पूल, एक आयुर्वेदिक स्पा और 3 भोजन विकल्प हैं। बड़े उद्यानों और स्विमिंग पूल से घिरे, कमरों में लकड़ी की छत और एशियाई शैली के सामान हैं। प्रत्येक वातानुकूलित कमरे में केबल टीवी, एक सुरक्षा जमा बॉक्स और चाय / कॉफी बनाने की सुविधा है। रिसॉर्ट में वाटर स्पोर्ट्स में वॉटर स्कीइंग और केला बोट या स्पीडबोट सवारी शामिल हैं। कर्मचारी सूर्यास्त परिभ्रमण, गांव की सैर और कुमारकोम पक्षी अभयारण्य की यात्रा की व्यवस्था कर सकते हैं। रिसॉर्ट में 24 घंटे का स्वागत कक्ष और एक व्यापार केंद्र है।

**लागत : प्रारंभिक लागत प्रत्यक्ष मूल्य ? 12,000 प्रति रात**
**पता : कुमारकोम लेक रिजॉर्ट, नॉर्थ पोस्ट, वीथारामट्टोम, कुमारकोम, केरल 686563**
**फोन : 0481 252 4900**



### मिहिर गढ़, राजस्थान

मिहिर गढ़ राजस्थान के ऐतिहासिक शहर में एक उत्तम प्रवास है। यह शाही रिसॉर्ट सुंदर पेड़ों और बगीचों के बीच स्थापित है। इस संपत्ति में सूर्यास्त के दौरान सबसे लुभावना दृश्य दिखाई पड़ता है। संपत्ति में ग्रामीण राजस्थान का स्पर्श है और कोई भी राजस्थान की कच्ची और प्रामाणिक संस्कृति का अनुभव कर सकता है।

**लागत: नॉर्मल रूम 26,280 प्रति रात**
**पता: C / O Rohet House, P.W.D. रोड, जोधपुर, राजस्थान - भारत।**
**फोन: 91-124-4654330**

### रामबाग पैलेस, जयपुर

यदि आप रॉयल्टी का अनुभव करना चाहते हैं तो रामबाग पैलेस जयपुर रहने के लिए बिल्कुल सही विकल्प है। उद्यान और सुंदर भारतीय वास्तुकला पेश करते हुए, शानदार रामबाग पैलेस जयपुर के महाराजा का पूर्व निवास था। अब यह एक शानदार होटल है इसमें एक इनडोर और आउटडोर पूल और साथ ही पूर्ण स्पा सेवाएं हैं। विशाल वातानुकूलित कमरे सुंदर कालीन और हाथ से पेंट की हुई तस्वीरों से दीवार सजाई गयी है। एक फ्लैट स्क्रीन टीवी, व्यक्तिगत तिजोरी और मिनीबार सभी कमरों में शामिल हैं। आधुनिक बाथरूम में एक शॉवर और अलग बाथटब है।

**लागत : 30,976 प्रति रात**
**पता : रामबाग पैलेस, भवानी सिंह आरडी, रामबाग, जयपुर, राजस्थान 302005**
**फोन : 0141 238 5700**

### अलिला दीवा गोवा, पचेको वड्डो

गोवा छुट्टी के लिए सबसे पसंदीदा स्थानों में से एक है। गोनसुआ बीच के साथ स्थित, अलिला दीवा गोवा दक्षिण गोवा में धान के खेतों के व्यापक दृश्यों के साथ कमरे उपलब्ध कराता है। इसकी 5 सितारा सुविधाओं में 3 भोजन विकल्प, 2 बार और धान के खेतों की ओर एक आउटडोर पूल शामिल हैं। संपत्ति के कमरों में मुफ्त वाईफाई उपलब्ध है। गोनसुआ बीच पर मुफ्त सेवा सभी मेहमानों को प्रदान की जाती है। अलीला द्वारा दीवा क्लब रिसॉर्ट के भीतर एक छोटा रिसॉर्ट है जो मेहमानों को अलीला दीवा गोवा में सभी सुविधाओं का आनंद लेते हुए गोपनीयता और विशिष्टता का विशेषाधिकार देता है। विशाल और खूबसूरती से डिजाइन किए गए कमरे और सुइट्स में मेमोरी फोम गद्दे, निजी सिट-आउट, एक स्टैंड-अलोन बाथटब, वॉक-इन अलमारी और अन्य सुविधाओं के बीच अलग-अलग कार्य स्थान के साथ एक राजा आकार का बिस्तर है। यह रिजॉर्ट गोवा डाबोलिम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 20 मिनट और माजोर्डा में गोंसुआ बीच से केवल 500 मीटर की दूरी पर स्थित है।

**लागत : सीजन के अनुसार रेट बदलता रहता है**
**पता : अलीला दीवा, 48/10, अदाओ वड्डो, माजोर्डा, गोवा 403713**
**फोन : 0832 274 6800**

### उदयपुर, राजस्थान में ओबेरॉय उदयविलास



उदयपुर का यह शानदार ओबेरॉय उदयविलास होटल पिछोला झील के किनारे पर स्थित है और 30 एकड़ में फैला हुआ है। होटल गुंबदों का एक सुंदर निर्माण है जो उदयपुर के शाही शहर का प्रतिबिंब है। होटल में जटिल डिजाइन, राजसी कमरे, होटल के आउटडोर में भोजन का अच्छा अनुभव है। साथ यहा विशाल स्विमिंग पूल और शादी रेस्टोरेंट हैं। यह शाही होटल हरे-भरे पेड़ों के बीच और चारों तरफ से पहाड़ों से घिरा हुआ है! बालकनी से दृश्य शांत और बेहद सुंदर प्रतित होता है। यह एक लक्जरी लाइफस्टाइ से वक्त बिताने के लिए बेहद शानदार जगह है। यहां अगर आप एक रात के लिए ठहरते हैं तो प्रीमियर रूम का किसारा 28,500 से 30000 रुपये हैं।

**लागत : प्रीमियर रूम। 28,500 प्रति रात**
**पता : द ओबेरॉय उदयविलास, हरिदासजी की मगरी, मुल्ला तलाई, पिछोला, उदयपुर, राजस्थान 313001**
**फोन : 0294 243 3300**

### उदयपुर, राजस्थान में ताज लेक पैलेस



ताज लेक पैलेस, पिछोला झील के ठीक बीच में स्थित है, यहां की भव्य संरचना और सुंदर वास्तुकला लुभावनी है। ताज लेक पैलेस की खिड़कियों से झील का भव्य दृश्य दिखाई देता है और कुछ जगहों से यहां के घनी अरावली पहाड़ियां, मचला मगरा हिल्स और जग मंदिर का दृश्य दिखाई देता है। महल को सभी सही कारणों से फ्लोटिंग होटल के रूप में जाना जाता है, और यहां कि एक और खासबात है, विदेशी कमरों में सुंदर पेंटिंग हैं जो भारतीय पौराणिक कहानियों को दर्शाती हैं और मार्बल्स में खूबसूरत नक्काशी की गयी है। यह भारत में कपल के लिए एक रोमांटिक हॉलीडे के लिए आदर्श स्थान है। यहा एक दिन का किराया 40 हजार रुपेय है।

**लागत : शुरुआती दर 39,500 प्रति रात**
**पता : ताज लेक पैलेस, पिछोला, उदयपुर, राजस्थान 313001**
**फोन : 0294 242 8800**

### ओबेरॉय अमरविलास, आगरा



16 वीं और 17 वीं शताब्दियों में मुगल साम्राज्य की राजधानी, आगरा तीन विश्व धरोहर स्थलों में से एक है: ताजमहल, आगरा किला और प्राचीन शहर फतेहपुर सीकरी, ये सभी मुगलकाल की विरासत हैं। ताजमहल से सिर्फ 600 मीटर की दूरी पर स्थित ओबेरॉय अमरविलास में प्रेम को फिर से जागृत करना आसान है। ओबेरॉय अमरविलास एक पाँच सितारा होटल है जहां सभी कमरों और सुइट्स से ताज महल का दीदार किया जा सकता है। यहां पर नॉर्मल रूम का किराया एक दिन के लिए 32,640 रुपये तक है।

**लागत : प्रारंभिक दर 32,640 प्रति रात**
**पता : द ओबेरॉय अमरविलास, ताज ईस्ट गेट रोड, पकटोला, ताजगंज, आगरा, उत्तर प्रदेश 282001**
**फोन : 0562 223 1515**

### अलीला किला बिशनगढ़, जयपुर



अलीला किला जयपुर का एक और खूबसूरत लक्ज़री होटल है। यह बिशनगढ़ में स्थित है और आसानी से राजमार्ग से जुड़ा हुआ है। क्या आप कभी ऐसे किले में रहने का अनुभव करना चाहते हैं जो पूरी तरह से शानदार दृश्य से सुसज्जित है? इस तरह की खूबसूरती को देखने के लिए आप अलीला में रुक सकते हैं। जो बहुत मंहगा भी नहीं है और यहां पर काफी लग्जरी सुविधाएं भी है।

**लागत : शुरूआती दर 12,000 प्रति रात**
**पता : मनोहरपुर बिशनगढ़ विलेज, जयपुर बिशनगढ़, मनोहरपुर, राजस्थान 303104 पर एनएच -8**
**फोन : 072300 58058**

## हैदराबाद घूमने के लिए ये जगह हैं सस्ती और अच्छी, पर्यटकों को खूब लुभाती हैं ये प्लेस

दक्षिण भारत में स्थित हैदराबाद तेलंगना स्टेट में आता है। चारों और खूबसूरत वातावरण और अमेजिंग मौसम आपका मन मोह लेगा। हालांकि सुबह धूप और शाम को बरिश, ऐसे में यहां के मौसम को समझना थोड़ा मुश्किल है। पर्यटकों के लिए यहां घूमने की ढेरों जगह है। यूं तो हैदराबाद का चार मिनार खूब फेमस है, लेकिन इसके अलावा भी हैदराबाद में घूमने के लिए कई जगह हैं।

### हुसैन सागर

हैदराबाद अगर घूमने जा रहे हैं तो हुसैन सागर को एक बार देखने जरूर जाएं। इस जगह पर पानी के बीचों बीच बुद्धा का स्टैचु है, जो भारत में बद्धा का सबसे ऊंचा स्टैचू है। इस स्टैचू को पास से निहारने के लिए आपको बोटिंग का सहारा लेना होगा। यहां की बेहद खूबसूरत लाइट बुद्धा स्टैचू को दूर से ही आकर्षित बनाती है। तस्वीरें खीचने के शौकीन हैं, तो इस जगह पर आप खूब फोटो क्लीक कर सकते हैं और प्रोफेशनल फोटोग्राफर की मदद से भी तस्वीर क्लीक कर सकते हैं।

### लुंबिनी पार्क

हुसैन सागर जाने के लिए इस पार्क से होते हुए गुजरना होगा। ये पार्क बेहद ही खूबसूरता है। यहां बना वॉटरफॉल रंग बिरंगे से भरपूर है। बच्चों को ये पार्क जरूर पसंद आएगा। यहां आप कुछ समय बिता सकते हैं और नैचर को एंजॉय कर सकते हैं।

### रामोजी फिल्म सिटी

हैदराबाद ट्रिप रामोजी फिल्म सिटी देखे बिना अधूरा है। आप अगर इस शहर को घूमने गए हैं तो इस जगह को देखना बिलकुल ना भूलें। खूबसूरत वातावरण से भरी ये जगह यकीनन आपको और बच्चों को खूब पसंद आएगी। यहां फिल्म बाहुबली का सेट है, कई फिल्मों में दिखाई गई सेंट्रल जेल है और भी बहुत सारे सेट हैं जिन्हें देख आपको भी कई सारी फिल्में याद आ जाएंगी।

### बिरला मंदिर

पहाड़ पर बना बिरला मंदिर आधुनिक मंदिर है। मंदिर में तिरुपति वेंकटेशवर की 11 फीट ऊंची मूर्ती है। यहां आपको कई संगमरमर की नक्काशी भी देखने को मिल जाएगी। इस मंदिर में आपको फोन लेकर जाना की अनुमति नहीं है। ऐसे में आप यहां की खूबसूरती को अपने मन में उतार सकते हैं।

# हरिद्वार और ऋषिकेश यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों पर घूमना न भूलें

हवा में घुली पवित्रता, चारों ओर आरती और मंत्रों की आवाज़ और घाट-घाट पर गंगा का पानी... अगर आप भी कुछ ऐसा अनुभव करना चाहते हैं तो हरिद्वार जाने का प्लान ज़रूर बनाएं। हरिद्वार देश के सात प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। माना जाता है कि गंगा में डुबकी लगाने से सारे पाप धुल जाते हैं, यही कारण है कि दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। यहां घूमने के लिए बहुत से मंदिर और ऋषि-मुनियों के आश्रम हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार ये उन चार जगहों में से एक है जहां समुद्र मंथन के दौरान अमृत की बूँदे गिरी थी इसीलिए यहां हर 12 साल में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। हरिद्वार की गंगा आरती बहुत प्रसिद्ध है और दुनिया भर से लोग इस आरती में शामिल होते हैं। हरिद्वार से 25 किमी दूर ऋषिकेश भी है। प्राचीन समय में ऋषियों और मुनियों ने यहां पर ध्यान, योग और प्रार्थना किया था जिसकी वजह से इस जगह को पवित्र माना जाता है। ऋषिकेश में हिमालय की चोटियाँ बहुत ही खूबसूरत नज़र आती है। इसके साथ ही ऋषिकेश को देवभूमि का प्रवेश द्वार भी कहते हैं। ऋषिकेश को 'योग कैपिटल ऑफ़ द वर्ल्ड' के रूप में जाना जाता है। ऋषिकेश तीन जिलों से घिरा हुआ है टेहरी गढ़वाल, पौरी गढ़वाल और हरिद्वार।



### हर की पौड़ी :

हर की पौड़ी हरिद्वार की प्रमुख जगहों में से एक है। हर की पौड़ी का अर्थ है - प्रभु के पैर। ऐसा माना जाता है कि यहां भगवान विष्णु प्रकट हुए थे और हरि की पौड़ी पर एक पत्थर पर भगवान के पदचिन्ह भी हैं। इस घाट से गंगा पहाड़ों को छोड़ मैदान की तरफ मुड़ती है। इस घाट पर श्रद्धालुओं की सबसे ज़्यादा भीड़ होती है। प्रतिदिन गंगा आरती का आयोजन भी इसी घाट पर होता है।

### मनसा देवी मंदिर :

हरिद्वार से 3 किलोमीटर की दूरी पर बिलवा पर्वत पर स्थित यह मंदिर आस्था का एक प्रमुख स्थल है। मनसा देवी को पार्वती का ही एक रूप कहा गया है। माना जाता है कि मनसा देवी मंदिर में मांगी गई मन्नत ज़रूर पूरी होती है इसलिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। हरिद्वार से यहां तक चल कर आया जा सकता है या रोपवे के जरिए भी पहुंचा जा सकता है।

### पारद शिवलिंग :

हरिद्वार से 2 किलोमीटर दूर स्थित कनखल का पारद शिवलिंग हरिहर आश्रम बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ शुद्ध पारे से बने 151 किलो के शिवलिंग की स्थापना की गई है। यहां हर साल लाखों भक्त आते हैं। यहाँ एक रूद्राक्ष का पेड़ भी है जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र है।

### सप्तऋषि आश्रम :

यह आश्रम सात ऋषियों के नाम पर बनाया गया है। माना जाता है कि यहां सात ऋषि बैठकर पूजा करते थे इसलिए इसे सप्तऋषि कुंड भी कहा जाता है। इस आश्राम के परिषर में कई मंदिर भी बने हुए हैं।

### वैष्णो माता मंदिर :

इस मंदिर का निर्माण 10 साल पहले हुआ था लेकिन यह हरिद्वार के सबसे प्रमुख मंदिरों में से एक है। यह मंदिर कटरा में बने वैष्णो माता के मंदिर का रेप्लिका है। इस मंदिर में भी वैष्णो देवी की तरह गुफाएं बनाई गई हैं।

### भारत माता मंदिर :

भारत माता मंदिर को मदर इंडिया मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर भारत माता को समर्पित है और यह देश का इकलौता ऐसा मंदिर है जहाँ भारत माता की मूर्ती की पूजा होती है। इस मंदिर का निर्माण 1983 में स्वामी सत्यमित्रानंद द्वारा किया गया था और इसका उद्घाटन इंदिरा गाँधी ने किया था। यह मंदिर 108 फीट ऊंचा है और इसमें कुल 8 मंजिलें हैं। हर एक मंजिल में अलग अलग देवी-देवताों और स्वतंत्रता संग्रामियों की मूर्ती व फोटो हैं।

### विष्णु घाट :

हरिद्वार के सबसे प्रसिद्ध घाटों में से एक विष्णु घाट है। ऐसा माना जाता है की यहां भगवान विष्णु ने स्नान किया था और यहां स्नान करने से सभी पाप मिट जाते हैं, इसी वजह से यहां श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखने को मिलती है।

## ऋषिकेश में घूमने की जगहें

### लक्ष्मण झूला

ऋषिकेश में सबसे प्रसिद्ध लक्ष्मण झूला माना जाता है जो टिहरी गढ़वाल जिले के तपोवन और पौड़ी गढ़वाल जिले के जोंक को जोड़ता है। ऋषिकेश से लक्ष्मण झूला 5 किलोमीटर दूर है , लक्ष्मण झूला पूरा लोहे से बना हुआ है ये 450 फीट लंबा है और गंगा नदी से 70 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। ऋषिकेश का लक्ष्मण झूला सबसे ज्यादा प्रशिद्ध है। माना जाता है कि भगवान राम के छोटे भाई भगवान लक्ष्मण ने इसी स्थान पर गंगा नदी को पार किया था,जहां अब पुल पर्यटकों को देखने के लिए बनाया गया है। लक्ष्मण झूला का निर्माण 1929 में किया गया था। लक्ष्मण झूले के साथ-साथ तेरह मंजिला मंदिर, लक्ष्मण मंदिर और राम झूला आदि शामिल हैं जो बेहद फेमस है।

### त्रिवेणी घाट

ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में गंगा का संगम का स्थान है। इन नदियों को हिंदू धर्म में सबसे पवित्र नदी माना जाता है। त्रिवेणी घाट किनारे पवित्र जल में डुबकी लगाने से लोग अपने आपको शुद्ध मानते है, सभी पापों, चिंताओं और भय से मुक्ति मिल जाती है।

### वशिष्ठ गुफा

वशिष्ठ गुफा का पुराणिक सत्य ये है कि इस गुफा में ब्रह्मा के मानव पुत्र के कामना की थी। कथाओं के अनुसार बढ़ते हुए पापों के चलते उन्होंने आत्महत्या करने का फैसला किया, लेकिन गंगा ने उनके प्यार को देखकर उन्हें मरने नहीं दिया इसलिए ऋषि ने गुफा में अपना जीवन बिताने का फैसला किया। गुफा में एक शिवलिंग है और इसे पुरुषोत्तमानंद सोसाइटी का नाम दिया गया था इस पुरानी गुफा को देखने के लिए काफी संख्या में लोग यहां जुटते हैं।

### राफ्टिंग

अगर आपको एडवेंचर पसंद है और कुछ हटके करना चाहते है तो ऋषिकेश में राफ्टिंग करना न भूले ऋषिकेश में राफ्टिंग का लुफ्त उठाने लाखों की संख्या में लोग आते हैं। यहां कुछ सर्टिफाइड ऑपरेटर हैं, जो राफ्टिंग के लिए अच्छी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराते हैं। ऋषिकेश में कैंपिंग और राफ्टिंग के लिए पैकेज भी बुक किये जाते हैं।

रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए
क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# राजस्थान के 15 जिलों में बारिश की संभावना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी हवा चलने के साथ ही तापमान बढ़ने लगा है। कल राज्य में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में गर्मी तेज होने लगी है।

वहीं, पूर्वी राजस्थान में भी तापमान बढ़ने से सुबह-शाम की ठंडक कम होने लगी है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में 3 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 15 जिलों में आंधी चलने और हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं, 5 अप्रैल को पश्चिमी जिलों में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

## पिलानी, सीकर में ठंडक बरकरार

शेखावाटी के सीकर, पिलानी, चूरू, फतेहपुर में ठंडक बरकरार है। फतेहपुर में कल न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस, बारां में 11.5, सीकर में 12, पिलानी, भीलवाड़ा में 13.8, चित्तौड़गढ़ में 14.3, चूरू में 14.6 और हनुमानगढ़ में 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## 4 दिन कैसा रहेगा मौसम?

**2 अप्रैल:** आज राजस्थान के शहरों में मौसम साफ रहेगा और कुछ जगहों पर तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कोटा संभाग के जिलों में आज देर शाम को कहीं-कहीं बादल छा सकते है।

**3 अप्रैल:** प्रदेश में आंधी चलने कहीं-कहीं बादल छाने के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**4 अप्रैल:** राजस्थान में मौसम साफ रहेगा और धूप तेज रह सकती है। सुबह-शाम को गर्मी का प्रभाव कम रह सकता है।

**5 अप्रैल:** पश्चिमी हवाओं का असर तेज होने से बाड़मेर, जैसलमेर जिले में हीटवेव चल सकती है, जिसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

# आसाराम को नहीं मिली राहत, जेल-अस्पताल में ही रहेगा

## हाईकोर्ट में 30 मिनट चली बहस; प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन करने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** नाबालिग से रेप मामले में सजायाफ्ता आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। बुधवार को उसकी अर्जी पर सुनवाई हुई। करीब आधे घंटे तक बहस चली, जिसमें सरकारी अधिवक्ता ने आसाराम को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन किया है। अब इस मामले में 7 अप्रैल को सुनवाई होगी। वहीं, आसाराम के वकील ने कहा कि किसी भी शर्त का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। इससे पहले कोर्ट ने आसाराम को पूर्व में दी गई अंतरिम जमानत के दौरान लिए गए ट्रीटमेंट से जुड़ी पूरी जानकारी भी ली और भविष्य में इसकी जरूरत के बारे में भी पूछा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आसाराम की ओर से शर्तों के उल्लंघन को लेकर जवाबी शपथ पत्र पेश करने को कहा है। अंतरिम जमानत अवधि खत्म होने के बाद मंगलवार (1 अप्रैल) दोपहर डेढ़ बजे आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। यहां करीब 10 घंटे रुकने के बाद रात 11:30 बजे पाली रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल (आरोग्यम) में शिफ्ट किया गया। हॉस्पिटल में आसाराम को एडमिट क्यों कराया गया है इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# शाह के दौरे से पहले नक्सली शांति वार्ता को तैयार

## सेंट्रल कमेटी बोली-सरकार ऑपरेशन रोके, युद्धविराम कर देंगे, गृहमंत्री विजय बोले-सरकार बातचीत के लिए तैयार

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर (एजेंसी)।** अमित शाह के बस्तर दौरे से पहले ही नक्सली शांति वार्ता करने के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों के केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय ने एक पर्चा जारी किया है। अभय ने लिखा कि, पिछले 15 महीनों में उनके 400 साथी मारे गए हैं। अगर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन रुकती है, तो हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसी भी प्रकार की सार्थक वार्ता के लिए तैयार है। बशर्ते इसके लिए कोई शर्त न हो। नक्सली वास्तव में मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं तो उन्हें वार्ता की शर्तों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा। शर्मा ने कहा कि वार्ता का स्वरूप आईएसआईएस जैसी किसी कट्टरपंथी विचारधारा की तर्ज पर नहीं हो सकता। अगर कोई चर्चा करना चाहता है, तो उसे भारतीय संविधान की मान्यता स्वीकार करनी होगी। संविधान को नकारते हैं और समानांतर व्यवस्था थोपने की कोशिश करते हैं, तो वार्ता का कोई औचित्य नहीं रहता। दरअसल, नक्सली नेता अभय ने तेलगु भाषा में पर्चा जारी किया है। इसमें लिखा है कि, 24 मार्च को हैदराबाद में संगठन की एक बैठक हुई थी। जिसमें बिना किसी शर्त के शांति वार्ता के लिए आगे आने और बातचीत कर युद्धविराम की घोषणा करनी चाहिए इस पर बात हुई।

# एलओसी पर सेना ने 5 घुसपैठिए मार गिराए

## सेना बोली- कृष्णा घाटी की घटना; पाकिस्तान ने फायरिंग कर संघर्ष विराम तोड़ा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई। एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठियों मारे गए। फायरिंग और ब्लास्ट को लेकर सेना से दैनिक भास्कर ने बात की। सेना ने कहा- एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की।

# जयपुर ब्लास्ट की साजिश में शामिल आतंकवादी गिरफ्तार

## ईद मनाने रतलाम गया था, 5 लाख का इनामी है, एनआईए को भी थी तलाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश में शामिल फरार आतंकी फिरोज खान को रतलाम पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। आतंकवादी पर नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 5 लाख रुपए का इनाम रखा था। दरअसल, 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निंबाहेड़ा में 12 किलो आरडीएक्स के साथ तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें जुबेर पिता फकीर मोहम्मद, अल्तमस खान और सरफुद्दीन उर्फ सेफुल्ला थे। यह सभी जयपुर में सीरियल ब्लास्ट के लिए कार से आरडीएक्स ले जा रहे थे। इन्होंने साजिश में शामिल 11 आतंकियों के नाम बताए थे।

### ईद मनाने के लिए घर पहुंचा था

फरार आतंकी फिरोज की तलाश के लिए पूर्व में कई बार एनआईए रतलाम में दबिश दे चुकी थी। मंगलवार (1 अप्रैल) रात को रतलाम एसपी अमित कुमार को इनपुट मिला था कि फिरोज आनंद कॉलोनी में उसके घर आया है। एएसपी राकेश खाका की टीम ने उसे अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा वह ईद मनाने अपने घर आया था।



**रतलाम में कुछ बड़ा करने वाला था आतंकी फिरोज**-रतलाम एसपी अमित कुमार ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली कि आतंकी फिरोज पिछले एक महीने से रतलाम में है और यहां कुछ बड़ा करने वाला है। हमने प्लान करके बुधवार तड़के 4 .30 बजे आनंद कॉलोनी में उसके रिश्तेदार के घर से पकड़ा है। इस दौरान उसने धक्का-मुक्की कर भागने की कोशिश की। एसपी ने बताया- जयपुर शहर में ब्लास्ट की साजिश रचने वाला यह 11वां आरोपी था। पूर्व में 10 आरोपी को एनआईए गिरफ्तार कर चुकी है। हमने स्टेट एटीएस और जयपुर एनआईए को भी सूचना दी है।

**शरण देने वालों को भी बनाया जाएगा आरोपी**-बताया जा रहा है फिरोज आनंद कॉलोनी में अपनी बहन के घर था। एसपी ने कहा- जिसने भी फिरोज को लगातार शरण दी है, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उनको भी आरोपी बनाया जाएगा।

**बांसवाड़ा के आसपास फरारी काट रहा था**-एसपी ने बताया- पिछले तीन साल से फरार फिरोज एनआईए का मोस्ट वांटेड था। यह बांसवाड़ा समेत आसपास के जिलों में रह रहा था। तीन साल में 10 बार एनआईए और अस भी इसकी सर्चिंग कर रही थी, लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई। एसपी ने बताया- रतलाम में कुछ बड़ा करने के बारे में इनपुट लिया जा रहा है।

# ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

## गवर्नमेंट डॉक्टर की मंजूरी लेनी होगी; अंगदान को बढ़ावा देने के लिए केंद्र का फैसला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ऑर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डॉक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली प्रमुख सुविधाएं

**स्वास्थ्य सुविधाएं:** सीजीएचएस के तहत सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार को सस्ते दरों पर इलाज, दवाएं और अस्पताल में भर्ती की सुविधा मिलती है। रिटायरमेंट के बाद भी सीजीएचएस की सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।

**मेडिकल लीव और मैटरनिटी बेनिफिट्स:** महिलाओं को 6 महीने की मैटरनिटी लीव और पुरुषों को 15 दिन की पैटरनिटी लीव दी जाती है। गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में लंबी मेडिकल लीव की सुविधा

**पेंशन और ग्रेच्युटी:** सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन, ग्रेच्युटी और पीएफ की सुविधा। न्यू पेंशन स्कीम के तहत हर महीने वेतन से कुछ पैसे कटते है, जिसे रिटायरमेंट के बाद पेंशन के रूप में दिया जाता है।

**हाउसिंग और ट्रैवल बेनिफिट्स:** सरकारी कर्मचारियों को एलटीसी के तहत हर 4 साल में एक बार हवाई/रेल यात्रा पर रियायत मिलती है। सरकारी क्वार्टर या हाउस रेंट अलाउंस की सुविधा दी जाती है।

**शिक्षा और बच्चों की स्कॉलरशिप:** कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप और एजुकेशन अलाउंस दिया जाता है। केंद्रीय विद्यालयों में सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को एडमिशन में प्राथमिकता दी जाती है।

**स्पेशल छुट्टियां और फेस्टिवल एडवांस:** सरकारी कर्मचारियों को नेशनल और गजटेड हॉलीडे के अलावा कई विशेष छुट्टियां मिलती हैं। त्योहारों के दौरान इंटरेस्ट-फ्री एडवांस लोन लेने की सुविधा होती है।

# सोना शिखर पर, चांदी के टूटे दाम, 2 दिन में 2700 रु सस्ती हुई चांदी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर के बाजार में अस्थिरता और शेयर बाजार में हो रहे बदलाव का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। रिकॉर्ड तेजी के बाद बुधवार को जहां स्टैंडर्ड सोने की कीमत जहां 93 हजार 300 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर बरकरार है। वहीं चांदी की कीमत में दो दिनों में 2700 रुपए की गिरावट हुई है। इसके बाद जयपुर के सर्राफा बाजार में चांदी प्रति किलो की कीमत घटकर एक लाख दो हजार रुपए पर आ गई है।

सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया कि फिलहाल सोने और चांदी का बाजार पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। पिछले दिनों हुई रिकॉर्ड तेजी के बाद आज सोने की कीमत में 93 हजार 300 के ऑल टाइम हाई पर बानी हुई है। इसकी वजह से प्रदेश के सर्राफा बाजार में ग्राहकों की कमी साफ तौर पर नजर आ रही है। इस दौरान सिर्फ लोग पुराने सोने को बेचकर मुनाफा कमा रहे है। हालांकि 2 दिन से चांदी के दाम में गिरावट होने लगी है। पिछले दो दिनों में 2700 रुपए चांदी के दाम टूट गए है। ऐसे में अगले कुछ दिनों तक सोने और चांदी के बाजार में यही हालत रहने की संभावना है। क्योंकि वैश्विक बाजार की अस्थिरता की वजह से कीमती धातुओं की कीमत में दिनों



- दिन बदलाव हो रहा है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 93 हजार 300 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 87 हजार रुपए पहुंच गई है।

# हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर एग्जाम इंटरव्यू पर रोक लगाई

## 200 पदों की भर्ती अटकी, आरपीएससी ने एग्जाम प्रकिया के बीच में बदले थे नियम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने संस्कृत शिक्षा विभाग में 200 पदों पर आयोजित हो रही असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती में इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। याचिकाओं में कहा गया था कि आरपीएससी ने भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में बदलाव किया है। इसमें बताया गया कि एग्जाम के बाद नियम बदलते हुए न्यूनतम अंकों में बदलाव किया था।

जो गैर संवैधानिक हैं। सुप्रीम कोर्ट अपने आदेशों में निर्धारित कर चुका है कि रुल्स ऑफ गेम का भी सिद्धांत है कि खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदले जा सकते हैं। आरपीएससी द्वारा बीच में नियम बदलने से हमारे हित प्रभावित हुए हैं। ऐसे में भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। वहीं, सरकार ने जवाब देने के लिए समय मांगा।

### न्यूनतम अंकों में किया था बदलाव

एडवोकेट हरेन्द्र नील ने बताया कि विज्ञप्ति में भर्ती नियमों के तहत लिखित परीक्षा के दोनों पेपर (विषय और जीके) में 40 प्रतिशत न्यूनतम अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को ही इंटरव्यू के लिए पात्र माना जाना था।

लेकिन कार्मिक विभाग ने 25 फरवरी 2025 को नियमों को संशोधित करते हुए न्यूनतम अंक 36 प्रतिशत कर दिए। जिसके बाद आरपीएससी ने विज्ञप्ति को संशोधित करते हुए इस भर्ती परीक्षा में भी इसे लागू कर दिया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# लक्ष्मणगढ़ में सरकारी लोकार्पणों में मुझे नहीं बुलाया : डोटासरा

## कहा- पर्ची को सत्यानाश कहने वाले किरोड़ी पर्ची बदलवाने में लगे, राइजिंग राजस्थान में फर्जी एमओयू हुए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार पर विपक्षी विधायकों को सरकारी लोकार्पण, उद्घाटन कार्यक्रमों में नहीं बुलाने का आरोप लगाते हुए तंज कसा है। डोटासरा ने कहा कि इस सरकार ने नई परंपरा निकाल दी है, हारे हुए विधायक उम्मीदवारों से उद्घाटन करवाए जा रहे हैं। अभी सीएम ने उद्घाटन किए, एक भी कांग्रेस के विधायक को लोकार्पण कार्यक्रम में नहीं बुलाया। मेरे विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में भी लोकार्पण कार्यक्रम हुए लेकिन मुझे नहीं बुलाया गया गया। डोटासरा ने कहा- मैं लक्ष्मणगढ़ का विधायक हूं, मेरे वक्त में कॉलेज मंजूर हुआ था, मुख्यमंत्री ने कब उद्घाटन किया किसी को पता नहीं। दूसरे दिन प्रिंसिपल ने मुझे बताया, मेरी नाम पट्टिका जरूर लगी थी।

**किरोड़ी ने कहा था पर्ची ने सत्यानाश कर दिया, अब वो पर्ची बदलवाने में लगे हैं**-डोटासरा ने मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर तंज कसते हुए



कहा- किरोड़ी ने कहा था कि पर्ची ने मेरा सत्यानाश कर दिया मुझे चुनाव हरवा दिया, अब वो पर्ची बदलवाने में लगे हुए हैं। अब देखना यह है कि पर्ची बदलती है या पर्चा बदलता है, या फिर पोर्टफोलियो बदलता है। नौ महीने से मंत्री खुद मान रहे थे कि वे काम नहीं कर रहे हैं। इस सरकार की हाल देखिए, डबल इंजन की सरकार के निर्णय लेने की क्षमता पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। कौन काम करेगा कौन काम नहीं करेगा, यह जनता का विषय नहीं है, जनता ने भाजपा की सरकार चुनी है तो उसे काम करना चाहिए।

### डोटासरा ने राइजिंग राजस्थान को लेकर दिए गए मुख्यमंत्री के बयान पर तंज कसते हुए कहा-

मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि निवेशक उनका फोन नहीं उठा रहे हैं। जब फर्जी एमओयू करवाओगे तो यही हाल होगा। राइजिंग राजस्थान में बड़ा खेल हुआ है, जिनकी पर्ची दिल्ली से आई है उन्हें सोलर पावर प्लांट के लिए जमीन दे दी। कैबिनेट की जब भी बैठक होती है तो केवल जमीन देने का काम होता है। सोलर के लिए जमीन देने से कोई रोजगार नहीं मिलता।

बड़े उद्योगपतियों को सोलर के लिए जमीन देने में कई भाजपा के नेता भी शामिल हैं। राइजिंग राजस्थान का नाटक केवल बड़े उद्योगपतियों को जमीन देने के लिए किया गया था, हम इसका सदन से लेकर सड़क तक विरोध करेंगे।

### सरकार अपने चहेतों को वक्फ संपत्तियों का मालिक बनाना चाहती है

वक्फ एक्ट में संशोधन बिल पर डोटासरा ने कहा- वक्फ संपत्तियों पर सरकार की नीयत में खोट है। केंद्र सरकार अपने चहेतों को वक्फ संपत्तियों का मालिक बनाना चाहती है, इसीलिए मनमाने तरीके से बिल लेकर आ गए हैं। इसके जरिए हिंदू-मुसलमान ध्रुवीकरण भी हो जाएगा और राजनीतिक रोटियां भी सेक ली जाएंगी। डोटासरा ने कहा- वक्फ संपत्तियों पर पहले से ही कानून बना हुआ है, जिसमें वक्फ संपत्तियां सुरक्षित हैं।

अब ये लोग वक्फ एक्ट में संशोधन करना चाहते हैं, इनसे पूछा जाए कि वक्फ एक्ट में संशोधन की जरूरत क्यों पड़ी? इनसे कारण पूछो तो ये जवाब देने की जगह भ्रम फैलाने लग जाते हैं कि नई संसद भवन को भी वक्फ संपत्ति घोषित कर देंगे। इनसे पूछा जाए कि जो पहले से संसद भवन बना हुआ है क्या उसे वक्फ संपत्ति घोषित किया था?